
देश ने घरेलू स्रोतों से 1,20,000 करोड़ के सैन्य उपकरण खरीदे : राजनाथ सिंह -3


पीयूष गोयल ने कहा- भारत और अमेरिका व्यापारिक समझौते पर वार्ता जारी -12



अपनों पर बम गिराता है पाकिस्तान नरसंहार-बलात्कार भी उसे मंजूर - 13


स्मृति मंधाना वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार - 14


आज का मौसम

$31.0^0$ अधिकतम तापमान

$22.0^0$ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06.04 | सूर्यास्त 05.47


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

कार्तिक कृष्ण पक्ष द्वितीया 02:22 उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2082

बुधवार, 8 अक्टूबर 2025, वर्ष 35, अंक 250, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## आईबीपीएस क्लर्क परीक्षा : अंतरराज्यीय सॉल्वर गिरोह का खुलासा, 10 गिरफ्तार

- बिजनौर पुलिस व दक्षिण जोन की सर्विलांस टीम ने किया गिरोह का पर्दाफाश, नकदी-मोबाइल बरामद

संवाददाता, सरोजनीनगर (लखनऊ)

**अमृत विचार:** बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान (आईबीपीएस) द्वारा आयोजित क्लर्क-2025 परीक्षा में सक्रिय अंतरराज्यीय सॉल्वर गिरोह का खुलासा बिजनौर व दक्षिणी जोन की सर्विलांस टीम ने किया। इस गिरोह के 10 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के हत्थे गिरोह का सरगना आनंद कुमार भी शामिल है। गिरोह के पास से पुलिस टीम ने 16 मोबाइल, 21 एटीएम, 9 आधार व 7 पैन कार्ड, लैपटॉप, टेबलेट, आईडी कार्ड व 1.52 लाख रुपये नकदी बरामद की गई है। डीसीपी दक्षिणी निपुण अग्रवाल के मुताबिक पकड़े गए आरोपियों में बिहार के जहानाबाद स्थित भरथुआ निवासी आनंद कुमार, पटना बाईपास स्थित बाहरी बेलदारी टोला का गौरव आदित्य, उत्तराखंड चंपावत बनबसा का हर्ष जोशी, बिहार गया के पथरौरा का भागीरथ शर्मा उर्फ चंदन, लखीसराय कछियाना का सुधांशु कुमार, जहानाबाद के देवरिया मोहल्ला का धनंजय कुमार सौरभ, कंदौल का राजीव नयन पांडेय, गोपालगंज फुलवरिया मांडीपुर का मुकेश कुमार, नालंदा शादीपुर का आशीष रंजन, बोधगया गाफाकला का अभिषेक कुमार शामिल है। पुलिस टीम ने आरोपियों को तहसील अंडरपास किसान पथ के करीब से गिरफ्तार किया। इसमें एक आरोपी अभिषेक कुमार को पहले ही जेल भेजा जा चुका है। गिरोह के तीन सदस्यों पटना के रोहित कुमार, गया के योगेंद्र कुमार और जहानाबाद के शिवकुमार की तलाश की जा रही है।

एसीपी कृष्णानगर विकास पांडेय के मुताबिक अभिषेक अभ्यर्थी बनकर गौरव आदित्य के स्थान पर परीक्षा देने आया था। अभिषेक के बाद पुलिस टीम ने आदित्य गौरव को गिरफ्तार किया।

## मोदी का सरकारी मुखिया के रूप में 25वां वर्ष शुरू, साझा की यादें

- 2001 में 7 अक्टूबर को बने थे गुजरात के सीएम, कहा- बीते 11 वर्षों में ऐतिहासिक परिवर्तन हुए
- प्रधानमंत्री ने पोस्ट किया- लोगों के जीवन में सुधार और राष्ट्र की प्रगति में योगदान का प्रयास किया

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को सरकार के मुखिया के रूप में अपने 25वें वर्ष की शुरुआत करते हुए कहा कि लोगों के जीवन में सुधार लाना और इस महान राष्ट्र की प्रगति में योगदान देना उनका निरंतर प्रयास रहा है। मोदी ने एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट कर कहा कि उन्होंने 7 अक्टूबर 2001 को पहली बार गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी।



उन्होंने उन बदलावों पर जोर दिया जो पहले उनके गृह राज्य में और फिर उनके कार्यकाल में पूरे देश में आए। उन्होंने कहा, अपने साथी भारतीयों के निरंतर आशीर्वाद से मैं सरकार के मुखिया के रूप में अपनी सेवा के 25वें वर्ष में प्रवेश कर रहा हूं। भारत की जनता के प्रति मैं आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा, इन सभी वर्षों के दौरान मेरा निरंतर प्रयास रहा है कि हम अपने लोगों के जीवन को बेहतर बनाएं तथा इस महान राष्ट्र की प्रगति में योगदान दें, जिसने हम सभी का पालन-पोषण किया है। कहा कि भारतीय किसान नवाचार कर रहे हैं और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि राष्ट्र आत्मनिर्भर हो, जबकि सरकार ने व्यापक सुधार किए हैं। कहा, बीते 11 वर्षों में हम भारत के लोगों ने परिश्रम की पराकाष्ठा करते हुए निर्णायक कदम उठाते हुए देश में अनेक ऐतिहासिक परिवर्तन किए।

### 2013-14 में एक कमजोर कड़ी के रूप में देखा जाता था भारत

मोदी ने कहा कि जब भाजपा ने 2013 में उन्हें 2014 के लोकसभा चुनावों के लिए प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार चुना था, तब देश विश्वास और शासन के संकट से गुजर रहा था। तत्कालीन संप्रग सरकार भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और नीतिगत निष्क्रियता के सबसे बुरे रूप का पर्याय थी। भारत को वैश्विक व्यवस्था में एक कमजोर कड़ी के रूप में देखा जाता था। लेकिन, भारत की जनता के विवेक ने हमारे गठबंधन को भारी बहुमत दिलाया। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में अपनी नियुक्ति को याद करते हुए मोदी ने कहा कि उन्होंने बहुत ही कठिन परिस्थितियों में पदभार संभाला था, क्योंकि राज्य में भीषण भूकंप आया था और लोगों की परेशानियां और भी बदतर हो गई थीं, क्योंकि वे इससे पहले एक बड़े चक्रवात, लगातार सूखे और राजनीतिक अस्थिरता से घिरे हुए थे। मोदी ने मुख्यमंत्री का पदभार ग्रहण करते समय अपनी मां द्वारा दिए गए सुझावों को बड़े प्रेम से याद किया।

## ब्रीफ न्यूज

### संदिग्ध परिस्थितियों में डिप्टी सीएमओ की मौत

**बहराइच।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के त्रिमुहानी चौकी क्षेत्र के काजीपुरा में किराये पर रहने वाले डिप्टी सीएमओ का शव संदिग्ध परिस्थितियों में उनके कमरे में मंगलवार को मिला। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजन पोस्टमार्टम के बाद शव लेकर गृह जनपद चले गये। गोरखपुर के सिंगाड़िया शिवपुर रोड निवासी राकेश प्रसाद यहां डिप्टी सीएमओ के पद पर तैनात थे। वह काजीपुरा में एक किराए में रहते थे। सोमवार रात अज्ञात कारणों से उनकी मौत हो गई। सुबह आसपास के लोगों ने दरवाजा खुला न देखकर दस्तक दी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी।

### देवेगौड़ा संक्रमण के बाद अस्पताल में भर्ती

**बेंगलुरु।** पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा को संक्रमण के बाद मंगलवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया। मणिपाल अस्पताल ने एक बयान में कहा, पूर्व प्रधानमंत्री को संक्रमण के कारण ओल्ड एयरपोर्ट रोड स्थित मणिपाल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनका इलाज चल रहा है और चिकित्सा विशेषज्ञों की एक टीम उनकी प्रगति पर नजर रख रही है। परिवार के सदस्यों के अनुसार, जनता दल (सेक्युलर) प्रमुख देवेगौड़ा (92) को बुखार था, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### देवा मेला का आगाज आज से

**बाराबंकी।** सूफी संत हाजी वारिस अली शाह के पिता सैय्यद कुर्बान अली शाह की स्मृति में आयोजित देवा मेला एवं प्रदर्शनी की औपचारिक शुरुआत आज शाम 5 बजे शेख मोहम्मद हसन गेट पर होगी। परंपरा के अनुसार मेले का शुभारंभ जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की धर्मपत्नी शैलजा त्रिपाठी द्वारा फीता काटकर किया जाएगा। उद्घाटन के साथ ही देवा मेला ऑडिटोरियम मंच पर संगीत की महफिल सजेगी। बिरहा उद्घाटन सत्र का मुख्य आकर्षण रहेगा, जिसमें दूर-दूर से आए कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। एडीएम डॉ. अरुण कुमार सिंह ने बताया कि 10 दिन तक चलने वाले इस मेले में प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला चलेगी। इसके अलावा, विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी।

## सफाई कर्मियों के साथ अप्रिय घटना पर 40 लाख मुआवजा देगी सरकार : योगी

### मुख्यमंत्री ने वाल्मीकि जयंती पर कर्मचारियों को दी बड़ी सौगात, विपक्ष पर साधा निशाना

- कहा- अब आउटसोर्सिंग कंपनी नहीं, सरकार का कॉरपोरेशन सीधे बैंक खाते में देगा पैसा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सफाई कर्मियों को बड़ी सौगात दी है। उन्होंने घोषणा की कि अब सफाई कर्मियों को वेतन आउटसोर्सिंग कंपनियों के बजाय सीधे सरकार के कॉरपोरेशन से बैंक खाते में मिलेगा। स्वच्छता कर्मियों को पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कवर दिया जाएगा। अगर किसी कर्मचारी के साथ दुर्घटना या अप्रिय घटना होती है तो 35 से 40 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता बैंक के माध्यम से दी जाएगी।

विपक्ष को निशाने पर लेते हुए कहा कि सपा सरकार में सफाई कर्मियों का शोषण होता था। इन्हें चार हजार रुपये भी नहीं मिल पाता था। मुख्यमंत्री योगी मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर महासभा ट्रस्ट द्वारा आयोजित महर्षि वाल्मीकि प्रकट दिवस समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आपकी सुरक्षा समाज की सुरक्षा है, आपका सम्मान भगवान वाल्मीकि की विरासत का सम्मान है। उन्होंने बताया कि जैसे प्रदेश के 80 हजार होमगाड्र्स को बीमा कवर दिया गया है, वैसे ही अब सफाई कर्मचारियों को भी यह लाभ मिलेगा। योगी ने कहा कि सपा ने बाबा साहेब आंबेडकर और मान्यवर कांशीराम के नाम से बने कॉलेजों व विश्वविद्यालयों के नाम बदल दिए। ये लोग हर काम को वोटबैंक की नजर से देखते हैं। कहा कि सपा सरकार में सफाई कर्मियों को चार हजार रुपये तक का वेतन भी समय पर नहीं मिलता था, जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने सबसे पहले कहा कि मैला ढोने की कुप्रथा बंद होनी चाहिए। आज हर घर में शौचालय बना।

सफाई कर्मचारियों में वाल्मीकि समाज के लोगों को प्राथमिकता देते हुए अच्छे मानदेय की व्यवस्था हुई। हर गांव में सामुदायिक शौचालय का निर्माण हो, उसमें स्वच्छता मित्रों को मानदेय देने का कार्य नियमित रूप से देने का आदेश जारी किया गया।


इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में महर्षि वाल्मीकि जयंती पर मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी को प्रतिमा भेंट करते एमएलसी लालजी प्रसाद निर्मल।

### लालापुर आश्रम कब्जा रहे थे सपा के गुंडे

योगी ने कहा कि सपा के गुंडे लालापुर के आश्रम पर कब्जा कर रहे थे। हमने कहा, नाम नोट करो, इनके बाप-दादाओं ने जो प्रॉपर्टी जमा की है, उसे आश्रम के नाम पर करवा डालो। कहा कि यह राम व कृष्ण का विरोध करते हैं। विपक्षी कहते थे कि राम-कृष्ण हुए ही नहीं यानी इन्होंने महर्षि वाल्मीकि के प्रकट उत्सव पर प्रश्नचिह्न खड़ा किया। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अयोध्या एयरपोर्ट का नामकरण महर्षि वाल्मीकि के नाम पर किया, तब भी सपा ने विरोध किया।

### बच्चे पढ़ाने की अपील

योने ने वाल्मीकि समाज से अपील की कि वे अपने बच्चों को स्कूल भेजें और पढ़ाएं। बोले कि जब बच्चे शिक्षित होंगे तो समाज का नेतृत्व करेंगे। कोई काम छोटा नहीं होता। मां अपने बच्चे की गंदगी साफ करती है, वैसे ही आप समाज को स्वच्छ बनाते हैं।

## भूस्खलन की चपेट में आई बस, 18 की मौत


भूस्खलन की चपेट में बस के आने के बाद बचाव अभियान में जुटा प्रशासन।

- हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में मंगलवार शाम हुआ हादसा

शिमला, एजेंसी

हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में मंगलवार शाम एक निजी बस के भूस्खलन की चपेट में आने से कम से कम 18 यात्रियों की मौत हो गई। यह दुर्घटना झंडूता विधानसभा क्षेत्र के भालूघाट इलाके में हुई। अधिकारियों ने बताया कि बस में तीन दर्जन यात्री सवार थे और यह हरियाणा के रोहतक से घुमारवीं जा रही थी। पुलिस व प्रशासन के अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और बचाव कार्य जारी है। अब तक मलबे से 18 शव बरामद किए जा चुके हैं। बचाव कार्य में लगे एक पुलिसकर्मी ने बताया कि पहाड़ का एक बड़ा हिस्सा बस पर गिर पड़ा और यात्रियों के बचने की संभावना बहुत कम है। सीएम सुक्खू ने घटना पर दुख व्यक्त किया है और अधिकारियों को बचाव कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

### प्रधानमंत्री ने जताया शोक

बस में करीब 35 लोग सवार थे।मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। घटना को लेकर राष्ट्रपति मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक जताया है। मुख्यमंत्री योगी ने भी बस हादसे को लेकर शोक संवेदना प्रकट की। प्रधानमंत्री ने पीएमएनआरएफ से मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की, जबकि घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।

## हटाए गए 3.66 लाख वोटरों का मांगा विवरण



- बिहार की अंतिम मतदाता सूची पर कोर्ट ने मांगी जानकारी

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को निर्वाचन आयोग से कहा कि वह बिहार में एसआईआर प्रक्रिया के बाद तैयार अंतिम मतदाता सूची से बाहर किए गए 3.66 लाख मतदाताओं का विवरण उसे उपलब्ध कराए।

निर्वाचन आयोग ने न्यायालय को सूचित किया कि 30 अगस्त को मसौदा मतदाता सूची के प्रकाशित होने के बाद जोड़े गए ज्यादातर नाम नए मतदाताओं के हैं और अब तक सूची से बाहर किए गए किसी भी मतदाता ने कोई शिकायत या अपील दायर नहीं की है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने यह निर्देश तब पारित किया, जब राजद, कांग्रेस और माकपा जैसे विपक्षी दलों के नेताओं सहित कुछ याचिकाकर्ताओं ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने अंतिम सूची से मतदाताओं को हटाए जाने को लेकर कोई नोटिस या कारण नहीं बताया है। पीठ बिहार में एसआईआर कराने के निर्वाचन आयोग के 24 जून के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी।

उसने कहा कि निर्वाचन आयोग बाहर रखे गए मतदाताओं के बारे में उपलब्ध सभी जानकारी गुरुवार तक (9 अक्टूबर) तक अदालत के रिकॉर्ड पर लाए, जब वह एसआईआर प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आगे की सुनवाई करेगी।

## गाजीपुर में बालक से कुकर्म और हत्या के दोषी को मृत्युदंड

- दोषी ने कृत्य के बाद रस्सी से बालक की गला घोट कर कर दी हत्या

**गाजीपुर।** गाजीपुर की विशेष कोर्ट ने 8 वर्षीय एक बालक के साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म कर उसकी हत्या के मामले में मंगलवार को एक व्यक्ति को दोषी करार देते हुए फांसी की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता प्रभु नारायण ने बताया कि न्यायाधीश रामअवतार प्रसाद ने बालक से अप्राकृतिक दुराचार करने के बाद उसकी हत्या कर लाश को अपने ही घर में छिपाने वाले अभियुक्त संजय प्रसाद नट को दोषी करार देते हुए फांसी की सजा सुनाई। प्रभु नारायण ने कहा कि दर्ज शिकायत में आरोप था कि 19 फरवरी 2024 को संजय नट पड़ोसी के बालक को अपने घर में ले गया। दुराचार के बाद उसने रस्सी से बालक की गला घोट कर हत्या कर दी।

## हरियाणा के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी ने की आत्महत्या



- 2001 बैच के अधिकारी थे वाई पूरण, आईएएस पत्नी सीएम संग जापान दौर पर गईं थी

चंडीगढ़, एजेंसी

हरियाणा के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी वाई पूरण कुमार ने मंगलवार को चंडीगढ़ स्थित अपने आवास में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पूरण कुमार (52) आईपीएस के 2001 बैच के अधिकारी थे और वह अधिकारियों के अधिकारों और वरिष्ठता तथा अन्य मुद्दों से संबंधित मामलों में अपने हस्तक्षेप के लिए जाने जाते हैं।

उन्हें हाल ही में रोहतक के सुनारिया में पीटीसी के महानिरीक्षक के रूप में तैनात किया गया था। कुमार की पत्नी अमनीत आईएएस अधिकारी हैं और हरियाणा सरकार के विदेश सहयोग विभाग की आयुक्त एवं सचिव पद पर कार्यरत हैं। वह सीएम सैनी के एक प्रतिनिधिमंडल के हिस्से के तौर पर जापान में हैं। सूत्रों के मुताबिक पुलिस को मौके से एक वसीयत और आठ पन्नों का सुसाइड नोट बरामद हुआ है।

## यूपीसीडा में प्रबंधक हेमेंद्र प्रताप सिंह बर्खास्त

- विद्युत यांत्रिक के पद पर थे तैनात मनमानी एवं कदाचार के कई आरोप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** यूपीसीडा में प्रबंधक विद्युत यांत्रिक के पद पर तैनात रहे हेमेंद्र प्रताप सिंह को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। नियमों की अनदेखी, मनमानी करना उन्हें भारी पड़ा है।

मंगलवार को औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने हेमेंद्र की बर्खास्तगी के प्रस्ताव पर मुहर लगाई। 27 नवंबर 2020 को शासन ने ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण से हेमेंद्र का यूपीसीडा में स्थानांतरण आदेश जारी किया था। 1 दिसंबर 2020 को ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास विभाग से उन्हें कार्यमुक्त भी कर दिया गया। लेकिन यूपीसीडा में तत्काल कार्यभार संभालने के बजाय हेमेंद्र प्रताप सिंह दिनांक 18 अप्रैल 2022 तक अनुपस्थित रहे। ऐसे में उन पर अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने, चिकित्सा अवकाश के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत न करने, पर्याप्त आधार एवं संतोषप्रद स्पष्टीकरण के बिना अवकाश स्वीकृत कराए बगैर सेवा से विरत रहने के आरोप लगाए गए। साथ ही उन्हें उच्चादेशों की प्रत्यक्ष अवहेलना का भी दोषी पाया गया था। आरोपों के संबंध में एसीईओ द्वारा जांच की गई। एसीईओ यूपीसीडा की जांच आख्या में भी प्रबंधक हेमेंद्र के खिलाफ लगाए गए आरोप सिद्ध पाए गए।

## क्वांटम प्रौद्योगिकी के लिए तीन वैज्ञानिकों को भौतिकी में नोबेल

- जॉन क्लार्क मिशेल देवरे और जॉन एम मार्टिनिस के नाम

**स्टॉकहोम।** जॉन क्लार्क, माइकल एच डेवोरेट और जॉन एम मार्टिनिस को डिजिटल प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ाने वाली क्वांटम टनलिंग पर शोध के लिए भौतिकी का नोबेल पुरस्कार दिए जाने की मंगलवार को घोषणा की गई। क्लार्क (83) ने अपना शोध कैलिफोर्निया विवि, बर्कले में किया। वहीं, मार्टिनिस ने कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, सांता बारबरा में तथा डेवोरेट ने येल में और कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, सांता बारबरा में भी अपना शोध किया। तीनों को 10 दिसंबर को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

सुझाव | केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा- एआई वित्त एवं शासन के साथ रोजमर्रा की जिंदगी को भी बदल रहा

## मेरे कई डीपफेक वीडियो, नेटवर्क सुरक्षा प्रणाली हो मजबूत

मुंबई, एजेंसी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर अपने भी कई डीपफेक वीडियो की मौजूदगी का उल्लेख करते हुए लोगों का विश्वास बनाए रखने के लिए सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने का आह्वान किया।

सीतारमण ने यहां वार्षिक ग्लोबल फिनटेक फेस्ट को संबोधित करते हुए कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) वित्त एवं शासन के साथ रोजमर्रा की जिंदगी को भी बदल रहा है। हालांकि उन्होंने यह सुनिश्चित करने की जरूरत पर बल दिया कि प्रौद्योगिकी उन्नति मानवता की सेवा करे। वित्त मंत्री ने उन्नत प्रौद्योगिकी के अंधेरे पहलू से भी निपटने के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। सीतारमण ने कहा, जो उपकरण नवाचार को शक्ति प्रदान करते हैं, उन्हीं का इस्तेमाल धोखे और जालसाजी के लिए भी किया जा सकता है। मैं इसे व्यक्तिगत नहीं बना रही हूं, लेकिन मैं कह सकती हूं कि मैंने अपने कई डीपफेक वीडियो को ऑनलाइन प्रसारित होते हुए देखा है। इन डीपफेक वीडियो का इस्तेमाल नागरिकों को गुमराह करने और तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश करने के लिए किया गया है। उन्होंने कहा कि ये वीडियो इस बात की याद दिलाते हैं कि हमें ऐसे लोगों के खिलाफ अपनी सुरक्षा व्यवस्था को तत्परता से बढ़ाने की कितनी जरूरत है। डीपफेक वीडियो में एआई एवं मशीन लर्निंग तकनीकों के इस्तेमाल से किसी व्यक्ति के चेहरे, आवाज या हाव-भाव को किसी अन्य व्यक्ति या परिस्थिति में नकली रूप से जोड़ा जाता है। आम लोग अक्सर इसे असली वीडियो समझ लेते हैं।



### नई पीढ़ी की धोखाधड़ी पर जताई चिंता

उन्होंने कहा, नई पीढ़ी की धोखाधड़ी अब फायरवॉल तोड़ने के बारे में नहीं, बल्कि विश्वास को तोड़ने के बारे में है। अपराधी आवाज की नकल करने, पहचान की नकल करने और लोगों को गुमराह करने वाले असली लगने वाले वीडियो बनाने के लिए एआई का इस्तेमाल कर रहे हैं। सीतारमण ने कहा कि वित्तीय प्रौद्योगिकी में सक्रिय नवोन्मेषकों, निवेशकों और नियामकों सहित पूरे परिवेश की इस मोर्चे पर महत्वपूर्ण भूमिका है। वित्त मंत्री ने कहा कि नवोन्मेषी होने के साथ वित्तीय प्रणालियों को लचीला, सुरक्षित और समावेशी होना चाहिए। उन्होंने समर्पित एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) हैंडल के जरिये निवेशकों को लक्षित करने वाले नकली वीडियो और झूठे प्रतिनिधित्व के मुद्दे को हल करने के लिए बाजार नियामक सेबी के प्रयासों की सराहना की।

## न्यूज ब्रीफ

### आईएएस अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बने मुख्यमंत्री के सचिव

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के 2005 बैच के आईएएस अधिकारी सुरेंद्र सिंह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सचिव बने हैं। दिल्ली के उप-राज्यपाल सचिवालय में तीन साल की प्रतिनियुक्ति पूरी करने के बाद सुरेन्द्र सिंह की वापसी हुई है। सुरेंद्र सिंह एक तेज-तर्रार और अनुभवी अधिकारी माने जाते हैं। इससे पहले भी वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सचिव रह चुके हैं और शासन में अपनी अहम भूमिका निभा चुके हैं। सुरेन्द्र सिंह की जन्मस्थली मथुरा है। उनके पास मुख्यमंत्री के सचिव के रूप में कार्य करने का पूर्व अनुभव तो है ही, वह मेरठ मंडल के कमिश्नर जैसे महत्वपूर्ण पदों पर भी सफलतापूर्वक कार्य कर चुके हैं। मुजफ्फरनगर, कानपुर नगर, वाराणसी, बरेली, प्रतापगढ़ जैसे जिलों के जिलाधिकारी भी वह रह चुके हैं।

### बालाजी हाईटेक कंस्ट्रक्शन कंपनी का एमडी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ईओडब्ल्यू) की मेरठ यूनिट की टीम ने बालाजी हाईटेक कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्रबंध निदेशक सचिन दत्ता को मंगलवार को नोएडा के सेक्टर-41 से गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ एक ही फ्लैट को दो या उससे अधिक लोगों को बेचने और बिके हुए फ्लैट पर बैंक से करोड़ों रुपये का लोन कराने का आरोप है। रिपोर्ट 9 वर्ष पूर्व गाजियाबाद के विजयनगर थाने में दर्ज की गई थी। ईओडब्ल्यू मेरठ सेक्टर के अधिकारी के मुताबिक सचिन की फर्म ने फोस्टर हाइट्स हाउसिंग सोसाइटी क्रासिंग रिपब्लिक में सस्ते फ्लैट की योजना बनाई ।निर्माणाधीन 180 फ्लैट में ज्यादातर दो या उससे अधिक लोगों को आवंटित कर पत्र जारी कर दिए थे ।मामले में आरोपी सत्यदेव सिंह को 4 जुलाई और अभिषेक को 25 सितंबर को गिरफ्तार कर लिया गया था।

### सभी जिलों के मंदिरों में हुआ रामायण पाठ

**अमृत विचार, लखनऊ :** महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर मंगलवार को पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने राजधानी स्थित अलीगंज स्थित नया हनुमान मंदिर में महर्षि वाल्मीकि कृत रामायण के अखंड पाठ का शुभारंभ किया। जिसके बाद प्रदेश के सभी 75 जिलों में जिला प्रशासन के सहयोग से मंदिरों में अखंड रामायण पाठ की शुरूआत हुई है। तत्पश्चात मंत्री मड़ियांव स्थित गौतम बुद्ध विहार कॉलोनी के मलिन बस्ती पहुंचे और लोगों को वाल्मीकि सम्मान दिया।

### बरेली जाने वाले आप नेताओं को हाउस अरेस्ट करना दुर्भाग्यपूर्ण

**अमृत विचार, लखनऊ :** बरेली पीड़ित परिवारों से मिलने जाने वाले आम आदमी पार्टी (आप) के 16 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल को बरेली नहीं गया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले प्रदेश के सह प्रभारी दिलीप पाण्डेय ने बताया कि राज्य सरकार ने आप के कई नेताओं को सोमवार की रात में ही हाउस अरेस्ट कर लिया। ये जानकारी मंगलवार को गोमतीनगर स्थित प्रदेश कार्यालय में दिलीप पाण्डेय ने दी, उन्होंने कहा कि बरेली में जिन परिवारों पर अन्याय, अत्याचार हुआ, मुकदमे हुए, घरों पर बुलडोजर चलाए गए ऐसे पीड़ित परिवारों से मिलने जाने पर सरकार द्वारा आप नेताओं को रोक दिया गया यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है योगी सरकार कुछ छुपाना चाहती है। पुलिस की कार्रवाई तानाशाही का प्रतीक है, सरकार को बताना चाहते हैं कि पार्टी, सरकार की तानाशाही बर्दाश्त नहीं करेगी उप्र. के लोग एकजुट है और पुलिसिया तंत्र के खिलाफ खड़े है।

# 10 दिन में महिला पुलिसकर्मियों ने सीज किए 3,654 वाहन, 9488 से हटवाई काली फिल्म

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मिशन शक्ति 5.0 के तहत चलाए गए विशेष अभियान में 8.5 लाख वाहनों की हुई जांच
- स्टंटबाजी पर दर्ज की गईं 770 एफआईआर, 263 स्टंटबाजों को गिरफ्तार भी किया गया

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चल रहे मिशन शक्ति 5.0 के तहत प्रदेश की महिला पुलिस कर्मियों ने सड़क पर सुरक्षित माहौल देने के लिए राज्यव्यापी विशेष अभियान चलाया।

22 सितंबर से 1 अक्टूबर तक चले इस अभियान में महिला पुलिसकर्मियों ने 8.50 लाख से अधिक वाहनों की जांच की। इसमें 9,488 वाहनों से काली फिल्म हटवाई। स्टंटबाजी करने पर 770 मुकदमे एफआईआर दर्ज कर 263 स्टंटबाजों को गिरफ्तार किया गया। 1.93 लाख से अधिक वाहनों का चालान करने अलावा 3,654 वाहन सीज भी किए गए। 251 एफआईआर दर्ज कर 450 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया

अभियान की नोडल अधिकारी एडीजी पद्मजा चौहान ने बताया कि 71,473 स्थानों पर 24,457 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने जांच की। इस दौरान 2,817 हूटर और 1,087 बत्तियां हटाई गईं। 18,215 वाहनों का चालान किया गया। 14,504 वाहनों पर जातिसूचक या शासकीय शब्दों के दुरुपयोग पर कार्रवाई हुई। महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पुलिस विभाग ने प्रदेशभर में 57,265 स्थानों पर पैदल गश्त (फुट पेट्रोलिंग) की। अपर पुलिस महानिदेशक से लेकर थाना प्रभारियों तक ने किया निरीक्षण। 7,44,482 व्यक्तियों की चेकिंग की गई। पीआरवी टीमों ने 52,039 स्थानों पर पेट्रोलिंग की।

एडीजी ने कहा कि यह अभियान महिलाओं को सुरक्षित महसूस कराने की दिशा में योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का परिणाम है। ट्रैफिक अनुशासन और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में यह पहल मील का पत्थर साबित हो रही है।



लखनऊ के हजरतगंज में बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाते युवक को समझातीं महिला पुलिसकर्मी। (फाइल फोटो)

### योगी सरकार में पुलिस प्रणाली बेहतर

- **अमृत विचार, लखनऊ :** प्रसिद्ध विधि विशेषज्ञ प्रो. डॉ. उपमा गौतम ने यूपी में अपराध नियंत्रण के मोर्चे पर ऐतिहासिक सुधार को लेकर जारी एनसीआरबी की ताज़ा रिपोर्ट पर योगी सरकार की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि आंकड़ों से साफ झलकता है कि अपराध की रिपोर्टिंग में वृद्धि हुई है, जो दरअसल नागरिकों के बढ़े हुए विश्वास को दर्शाता है। अब लोग पुलिस और न्याय प्रणाली से डरने के बजाय उस पर भरोसा कर रहे हैं। डॉ. उपमा गौतम गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय में क्रिमिनल लॉ की जानी-मानी प्रोफेसर हैं। उन्होंने बताया कि नए भारतीय न्याय संहिता और भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता के लागू होने से रिपोर्टिंग और जांच प्रक्रिया पहले की तुलना में काफी सरल और पारदर्शी हुई है। अब लोगों को टालने या 'शू किया जाने' जैसी स्थिति नहीं है। राज्य एजेंसियां हर शिकायत को गंभीरता से ले रही हैं, जिससे नागरिकों में न्याय के प्रति भरोसा बढ़ा है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट पुलिसिंग, तकनीकी निगरानी, महिला सुरक्षा के लिए संचालित मिशन शक्ति और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई जैसे प्रयासों ने मिलकर प्रदेश को एक सुरक्षित राज्य के रूप में स्थापित किया है।

# महिलाओं को शिक्षा और आर्थिक स्वावलंबन दे रही सरकार : योगी

## सीएम ने किया 15 सेवा शक्ति केंद्रों का उद्घाटन, डीपी बोरा की प्रतिमा का अनावरण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिशन शक्ति अभियान को नारी सशक्तीकरण की दिशा में ऐतिहासिक पहल बताते हुए कहा कि सरकार महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, और आर्थिक स्वावलंबन के क्षेत्र में सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार सुरक्षा और सम्मान को भी सुनिश्चित कर रही है।

मुख्यमंत्री मंगलवार को पूर्व विधायक स्वर्गीय डीपी बोरा की 85वीं जयंती पर मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत मातृशक्ति वंदन और 15 सेवा शक्ति केंद्रों (सिलाई प्रशिक्षण केंद्र) की शुरूआत करने के बाद बोल रहे थे। उन्होंने बोरा की प्रतिमा का वर्चुअल अनावरण भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन महर्षि वाल्मीकि की जयंती और मीराबाई के जन्मदिन के साथ-साथ स्वर्गीय डीपी बोरा की जयंती के रूप में भी मनाया जा रहा है।

योगी ने महर्षि वाल्मीकि की रामायण को सामाजिक, धार्मिक और भौगोलिक दृष्टिकोण से अद्वितीय बताते हुए कहा कि यह केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि सामाजिक मूल्यों और पर्यावरण संरक्षण का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि रामायण में भगवान राम का चरित्र धर्म का मूर्त रूप है। महर्षि वाल्मीकि ने समाज को एक आदर्श चरित्र प्रदान किया, जो आज भी प्रासंगिक है। सीएम योगी ने श्री राम जन्मभूमि आंदोलन और अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण का उल्लेख करते हुए कहा कि यह केवल एक मंदिर का निर्माण नहीं, बल्कि रामराज्य की स्थापना की दिशा में एक कदम है।

उन्होंने कहा कि रामायण काल की वनस्पतियों और पर्यावरण को पुनर्जनन करने का कार्य भी चल रहा है। यह हमारी सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत को संरक्षित करने का प्रयास है। इसी तरह, मीराबाई की भक्ति और सामाजिक समरसता को याद करते हुए उन्होंने कहा कि मीराबाई ने अपने गुरु रविदास जी के सान्निध्य में कृष्ण भक्ति के माध्यम से समाज में आस्था और समरसता का संदेश दिया।


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को मीराबाईका चित्र भेंट करते विधायक नीरज बोरा, साथ में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल, कवि सर्वेश अस्थाना और अन्य। अमृत विचार

### मातृ शक्तियों का हुआ सम्मान

- सीएम योगी ने समाज के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाली मातृ शक्तियों को सम्मानित किया। इनमें पद्मश्री हिन्दी साहित्यकार प्रो. विद्या बिन्दु सिंह, शास्त्रीय संगीतज्ञ सुनीता झींगरन, शीला मिश्रा, शालू सिंह और डॉ. चंद्रावती जैसी विभूतियां शामिल रहीं। सीएम ने सम्मानित महिलाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि इन मातृ शक्तियों ने अपने कार्यों से समाज को प्रेरित किया है। इनका सम्मान हम सभी के लिए गर्व का विषय है।

### कविता में झलका सामाजिक संदेश

- कार्यक्रम में प्रख्यात कवि सर्वेश अस्थाना ने नारी सम्मान, दहेज उन्मूलन और सामाजिक समरसता पर केंद्रित कविता प्रस्तुत की। सीएम योगी ने उनकी लेखनी की प्रशंसा करते हुए कहा कि कवि समाज की चेतना का दर्पण होता है। कविता समाज में नई दिशा देने की क्षमता रखती है।

## ईओडब्ल्यू ने अवध फर्टिलाइजर के अधिकारी को किया गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** ईओडब्ल्यू के मेरठ यूनिट की टीम ने 19 वर्ष से फरार अवध फर्टिलाइजर मिहिरपुरवा बहराइच के अधिकारी को गबन के मामले में गिरफ्तार किया है। उस पर केंद्र सरकार से मिले अनुदान में हेराफेरी का आरोप है।

ईओडब्ल्यू के अधिकारी के मुताबिक अवध फर्टिलाइजर लि. मिहिरपुरवा बहराइच द्वारा रॉक फास्फेट के खरीद व सिंगल सुपर फास्फेट की बिक्री दर्शाकर फर्जी दस्तावेज तैयार किया। इस फर्जी दस्तावेज के जरिये केंद्र सरकार द्वारा दिए गए 71,85,600 रुपये के अनुदान को हड़प लिया। इस मामले में बहराइच के मोतीपुर थाने में 2006 में रिपोर्ट दर्ज की गई। जिसकी जांच शासन ने ईओडब्ल्यू को सौंपी। जांच में अवध फर्टिलाइजर मिहिरपुरवा के निदेशक समेत 13 आरोपी इस फर्जीवाड़े में शामिल पाए गए। इनमें से दो की पहले गिरफ्तारी की जा चुकी है। उनके खिलाफ आरोप पत्र भी कोर्ट में पेश किया जा चुका है। वहीं आरोपी राजकुमार मित्तल की तलाश की जा रही थी। राजकुमार मित्तल गाजियाबाद के नेहरूनगर का रहने वाला है। वह गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार फरार चल रहा था। करीब 19 वर्ष बाद आरोपी राजकुमार मित्तल को ग्रेटर नोएडा वेस्ट सेक्टर मंगलवार को किया गया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेज दिया गया है।

# सिलेबस तक सीमित न रहें बाहर की पुस्तकें भी पढ़ें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए दी सलाह
- महाराजा सुहेलदेव विवि आजमगढ़ के दीक्षांत समारोह में कुलाधिपति ने दी उपाधियां व पदक

**अमृत विचार :** राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में मंगलवार को महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय, आजमगढ़ का दूसरा दीक्षांत समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर राज्यपाल ने 60,857 विद्यार्थियों को उपाधियां और 68 पदक प्रदान किए, जिनमें से 51 पदक छात्राओं को एवं 17 पदक छात्रों को प्राप्त हुए।

दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने विद्यार्थियों से कहा कि वे केवल सिलेबस तक सीमित न रहें, बल्कि उससे बाहर की पुस्तकें भी पढ़ें। उन्होंने यह भी कहा कि रोजगार ही जीवन का एकमात्र लक्ष्य नहीं होना चाहिए। राष्ट्र सेवा, समाज उत्थान और मानवता की भलाई ही शिक्षा का सर्वोच्च उद्देश्य होना चाहिए। टेक्नोलॉजी आने से रोजगार के स्वरूप में परिवर्तन हुआ है, अतः युवाओं को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कार्य करना चाहिए और नए-नए कौशल सीखने का प्रयास करना चाहिए।

इस अवसर पर कुलाधिपति ने विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए ग्रामों में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के प्राध्यापकों द्वारा लिखित पुस्तकों का विमोचन किया। इस मौके पर उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी, मुख्य अतिथि स्वामी चिदानंद सरस्वती (अध्यक्ष, परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश), विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजीव कुमार, विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद एवं विद्यापरिषद के सदस्यगण, सभी संकायाध्यक्ष, आमंत्रित अतिथि और अन्य सम्मानित महानुभावगण उपस्थित रहे।

### महिला हिंसा पर राजभवन संवेदनशील

- राज्यपाल ने समाज में बेटियों के साथ हो रही प्रताड़ना और पारिवारिक हिंसा के प्रकरणों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस विषय पर राजभवन स्वयं कार्य कर रहा है, समाज के सभी वर्गों को इस दिशा में संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने विश्वविद्यालयों को निर्देश दिया कि वे चरित्र निर्माण, महिला सम्मान और सामाजिक संवेदनशीलता पर विशेष कार्यक्रम आयोजित करें।

### अर्जित शिक्षा का समाज के हित में हो उपयोग : योगेन्द्र

- उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने अपने उद्बोधन में कहा कि जो शिक्षा हमने अर्जित की है, उसका समाज के हित में उपयोग कैसे हो, यह हम सभी को सोचना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो राष्ट्र के प्रति कर्तव्य का बोध कराए, और उस शिक्षा पर प्रश्न उठाना चाहिए जो हाथों में पत्थर उठाना सिखाती है।

# चिकित्सक के पर्ची लिखने पर ही औषधि विक्रेता दें कफ सिरप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन आयुक्त ने जारी किए निर्देश
- लोगों ने घर में रखी व खुली दवा का उपयोग न करने की अपील

**अमृत विचार :** औषधि विक्रेता केवल पंजीकृत चिकित्सक की लिखी पर्ची पर ही कफ सिरप की बिक्री करें, क्योंकि कफ सिरप में प्रयुक्त सक्रिय तत्व औषधि नियमावली 1945 के अंतर्गत आते हैं। ये निर्देश मंगलवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की आयुक्त रोशन जैकब ने जारी किया है। उन्होंने इसका व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने लोगों से बगैर चिकित्सकीय परामर्श दवाओं का सेवन न करने और घर में रखी पुरानी या खुली दवाओं का उपयोग न करने की अपील भी की है। कहा कि औषधि खरीदते समय दवा की अंतिम तिथि (एक्सपायरी डेट) देखने के साथ दुकानदार से दवा का बिल जरूर लें।

कुछ राज्यों में कफ सिरप के सेवन से बच्चों की मौत गई थी। इसके बाद केन्द्रीय स्वास्थ्य विभाग की ओर से कई कफ सिरफ पर लगा दिया गया है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन आयुक्त ने अपने निर्देश में कहा कि निर्माता कंपनियों के निरीक्षण सिरप में उपयोग किए गए सहायक रसायनों की नमूने लेकर जांच अनिवार्य रूप से कराई जाएगी। समय-समय पर दवाओं के नमूनों में हानिकारक रसायनों की मिलावट की जांच भी कराई जाएगी। अपमिश्रण पाए जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# कांशीराम के सम्मान में संगोष्ठी करना सपा का छलावा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बसपा प्रमुख मायावती ने सपा और कांग्रेस पर करारा हमला बोला है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि ये पार्टियां बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर और बीएसपी संस्थापक कांशीराम के मिशन को कमजोर करने की साजिशों में हमेशा शामिल रही हैं। उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर संगोष्ठी आयोजित करने की घोषणा को "घोर छलावा" और "मुंह में राम, बगल में छुरी" वाली नीति बताया।



बसपा प्रमुख ने मंगलवार को एक्स पर पोस्ट में कहा कि कांशीराम के जीवनकाल में सपा ने लगातार बीएसपी के आंदोलन को कमजोर करने का प्रयास किया। साथ ही आरोप लगाया कि बीएसपी सरकार द्वारा 2008 में बनाए गए ''कांशीराम नगर'' जिले का नाम सपा सरकार ने जातिवादी मानसिकता के तहत बदल दिया। इतना ही नहीं, उनके नाम पर स्थापित कई संस्थानों के नाम सपा सरकार ने बदल दिए थे। मायावती ने यह भी कहा कि कांशीराम के निधन पर उप्र. में सपा सरकार और केंद्र में कांग्रेस सरकार ने एक दिन का भी राजकीय या राष्ट्रीय शोक घोषित नहीं किया, जिससे उनका दलित विरोधी चेहरा उजागर होता है। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि ऐसी दलित-विरोधी और जातिवादी सोच रखने वाली पार्टियों से सावधान रहें। बीएसपी ही एकमात्र पार्टी है जो बाबा साहेब और कांशीराम के मिशन को ईमानदारी से आगे बढ़ा रही है।

### उत्तर प्रदेश में पार्टी को पुनर्जीवित करने में जुटी कांग्रेस

- **अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में कांग्रेस खुद को पुनर्जीवित करने में जुटी है। पार्टी की जमीनी मुद्दों को लेकर संघर्ष की रणनीति तैयार है, जिसे शीघ्र अमलीजामा पहनाया जाएगा। इस कवायद के तहत पार्टी नेता गांव-गांव तक फिजीकल और डिजीटल माध्यम से आंदोलन छेड़ेंगे। इस बीच कांग्रेस की ओर से जातियों एवं समुदायों के साथ बैठकों का दौर शुरु हो गया है। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों में एमएलसी चुनाव लड़ने, स्थानीय निकाय चुनावों मंथ प्रत्याशी उतारने और दिसंबर के अंत तक जमीनी स्तर पर लाखों पदाधिकारियों की नियुक्ति करने की भी योजना है। दरअसल, कांग्रेस 2027 के विधानसभा चुनावों को लेकर अभी से कमर कस रही है। जमीनी स्तर पर भाजपा को चुनौती देने वाले संभावित नेताओं की पहचान करने की कोशिश जा रही है।

राजनीति

आज बरेली होते हुए रामपुर जाएंगे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष

# अखिलेश और आजम की मुलाकात से सधेगी पश्चिमी उप्र की राजनीति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बरेली में बीते दिनों उपजे विवाद के बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव और आजम खां की 8 अक्टूबर बुधवार को होने वाली मुलाकात राजनीतिक रूप से बेहद अहम मानी जा रही है। सपा प्रमुख पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बुधवार को वाया बरेली रामपुर जाएंगे। इस मुलाकात से सपा प्रमुख मुस्लिम वोट बैंक को साधने और पार्टी में पीडीए (पिछड़ा, दलित व अल्पसंख्यक) एकता का संदेश देने की कोशिश करेंगे।

रामपुर सपा प्रमुख गढ़ों में एक रहा है। वहां आजम खां लंबे समय से अगुवाई कर रहे थे।हाल के वर्षों में उनकी सक्रिय राजनीति से दूरी और समर्थकों की नाराज़गी ने सपा में नई चुनौतियां पैदा कर दी हैं। दूसरी ओर बरेली में 26 सितंबर को मुस्लिम समाज के प्रदर्शन पर पुलिस के लाठी चार्ज से सपा की छवि को नुकसान पहुंच रहा है। हालांकि, सपा का प्रतिनिधिमंडल बरेली जाने वाला था, लेकिन पुलिस ने उसके नेताओं को हाऊस अरेस्ट लिया था। ऐसे में अखिलेश का ये दौरा न केवल व्यक्तिगत संबंधों को मजबूत करने का प्रयास, बल्कि संगठनात्मक मजबूती का हिस्सा भी माना जा रहा है।





राजनीतिक विशेषज्ञों का कहना है कि अखिलेश और आजम की मुलाकात के दौरान पार्टी की रणनीति, भविष्य में आजम की सक्रियता और 2027 के विधानसभा चुनावों पर चर्चा हो सकती है। साथ ही, मुस्लिम समाज में विश्वास मजबूत करने की रूपरेखा भी तैयार की जाएगी।

यह मुलाकात सपा के लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि आजम का प्रभाव पश्चिमी उप्र. के कई इलाकों में अब भी कायम है। इसके अलावा सपा के भीतर पुराने कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और भाजपा के बढ़ते प्रभाव को चुनौती देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। रामपुर में आजम की मौजूदगी और सपा के प्रति उनका विश्वास पार्टी के लिए विशेष महत्व है। दूसरी तरफ अखिलेश के दौरे को लेकर सपा कार्यकर्ताओं में जोश और उम्मीद दोनों दिखाई दे रहे हैं कि यह मुलाकात पार्टी में नई ऊर्जा का संचार करेगी ।

### प्रदेश की स्वास्थ्य, शिक्षा, कानून व्यवस्था हो गई बर्बाद

- **अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने प्रदेश की स्वास्थ्य, शिक्षा, कानून व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। झूठ और झूठे आंकड़ों से जनता को भ्रमित करती है। महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है। सरकार हर क्षेत्र में फेल हो गई है। कानून व्यवस्था ध्वस्त है। सपा प्रमुख ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि प्रदेश में महिलाओं के साथ अपराध की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। उप्र. में महिला अपराध और अपहरण के मामले देश में सबसे ज्यादा हो रहे हैं। बहन बेटियां सुरक्षित नहीं है। पूरा प्रदेश भ्रष्टाचार की गिरफ्त में है। हर विभाग और हर कार्य में भ्रष्टाचार है। प्रदेश में तमाम तरह के अवैध कारोबार हो रहे है। जमीनों पर कब्जा, गरीबों और दलितों के प्रति अन्याय, पीडीए पर अत्याचार बढ़ता जा रहा है। अपराधी तत्वों को सत्ता का संरक्षण मिला हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में पूरी तरह से अराजकता है। मुख्यमंत्री और मंत्रीगण जनता को झूठे आंकड़ों से भरमाने की कोशिश कर रहे हैं। बजट का लूट और बंदरबांट हो रहा है।


महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल।

# सपा कार्यालय में मनाई गई महर्षि वाल्मीकि जयंती

**अमृत विचार, लखनऊ:** समाजवादी पार्टी मुख्यालय में मंगलवार को महर्षि वाल्मीकि की जयंती मनाई गई।

प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव की ओर से महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। इसके बाद लालबाग स्थित नूरमंजिल समीप स्थित महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर भी श्याम लाल पाल ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। सांसद आरके चौधरी ने परिवर्तन चौक स्थित वाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने बताया कि सभी जिलों में सपा कार्यालयों में वाल्मीकि जयंती मनाई गई।

# मौखिक टिप्पणियों की सोशल मीडिया में गलत व्याख्या पर सीजेआई ने किया आगाह

## न्यायिक अधिकारियों की सेवा शर्तों के मामले में सुनवाई करते हुए जस्टिस गवई ने की टिप्पणी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने मंगलवार को अदालती कार्यवाही के दौरान न्यायाधीशों द्वारा की गई मौखिक टिप्पणियों को सोशल मीडिया पर गलत तरीके से प्रस्तुत किए जाने पर चिंता व्यक्त की। साथ ही न्यायाधीशों को आगाह भी किया।

न्यायमूर्ति गवई ने मंगलवार को हल्के-फुल्के अंदाज में एक किस्सा साझा किया। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने साथी न्यायाधीश के. विनोद चंद्रन को पिछली सुनवाई के दौरान कुछ टिप्पणियां सार्वजनिक रूप से करने से रोका था, ताकि उनकी बातों की ऑनलाइन गलत व्याख्या न हो जाए। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, मेरे विद्वान भाई (न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन) को कुछ टिप्पणी करनी थी, मैंने उन्हें 'धीरज मोर' के मामले की सुनवाई के दौरान ऐसा करने से रोक दिया। वरना, हमें नहीं मालूम कि सोशल मीडिया पर क्या-क्या रिपोर्ट आ जाती। मैंने अपने विद्वान भाई से अनुरोध किया कि वह इसे केवल मेरे कानों तक ही सीमित रखें। न्यायमूर्ति गवई और न्यायमूर्ति चंद्रन की पीठ अखिल भारतीय न्यायाधीश संघ द्वारा न्यायिक अधिकारियों की सेवा शर्तों, वेतनमान और करियर प्रगति से संबंधित मुद्दों पर दायर एक याचिका की सुनवाई कर रही थी।

प्रधान न्यायाधीश एक वकील द्वारा उन पर जूता उछालने की कोशिश किये जाने की घटना के एक दिन बाद अदालत में एक सुनवाई के दौरान बोल रहे थे। आरोपी वकील ने दावा किया था कि वह खजुराहो में विष्णु की मूर्ति की पुनर्स्थापना से संबंधित एक याचिका की सुनवाई के दौरान पिछले महीने सीजेआई की टिप्पणी से नाखुश था। इस घटना की देश भर में व्यापक निंदा की जा रही है।



### न्यायिक अधिकारियों का मुद्दा संविधान पीठ भेजा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अधीनस्थ अदालतों के न्यायिक अधिकारियों के करियर में ठहराव से जुड़े मुद्दों को पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ को सौंप दिया। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने न्यायिक अधिकारियों की सेवा शर्तों, वेतनमान और करियर प्रगति से संबंधित मुद्दों पर अखिल भारतीय न्यायाधीश संघ द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए आदेश पारित किया। सीजेआई ने कहा कि न्यायपालिका में प्रवेश स्तर के पदों पर शामिल होने वालों के लिए उपलब्ध सीमित पदोन्नति पर ध्यान देने के लिए व्यापक समाधान की जरूरत है। इस मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय द्वारा पहले जारी नोटिसों के जवाब में कई उच्च न्यायालयों और राज्य सरकारों ने अलग-अलग विचार व्यक्त किए थे।

### मुस्लिम कानून के तहत उपहार के लिए लिखित दस्तावेज जरूरी नहीं

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि मुस्लिम कानून के तहत यदि किसी को कोई उपहार (हिबा) दिया जाता है तो उसके वैध होने के लिए लिखित दस्तावेज की आवश्यकता नहीं होती। शीर्ष अदालत ने कहा कि मौखिक उपहार के लिए तीन आवश्यक शर्तें हैं, दाता की ओर से देने की इच्छा का स्पष्ट प्रकटीकरण, दानकर्ता द्वारा उपहार की स्वीकृति और दानकर्ता द्वारा उपहार की विषयवस्तु का वास्तविक या रचनात्मक रूप से कब्जा। न्यायमूर्ति एहसानुद्दीन अमानुल्लाह और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने कहा कि अगर कोई मौखिक उपहार ये तीन शर्तें पूरी करता है, तो वह उपहार अटल माना जाएगा।

### सभी राज्य पैदल यात्रियों के लिए छह महीने के अंदर बनाएं नियम

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सार्वजनिक स्थानों पर गैर-मोटर चालित वाहनों और पैदल यात्रियों की आवाजाही को विनियमित करके छह महीने के भीतर सड़क सुरक्षा नियम बनाने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और केवी विश्वनाथन की पीठ ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 138 (1ए) और 210डी के तहत ऐसे नियम बनाने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि हम निर्देश देते हैं कि मोटर वाहन अधिनियम की धारा 138 (1ए) के तहत छह महीने के भीतर नियम बनाएं, यदि पहले से नहीं बनाए गए हैं।

### घटनास्थल पर होने का मतलब मौजूदगी नहीं

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कहा कि घटनास्थल पर उपस्थिति मात्र किसी व्यक्ति को गैरकानूनी रूप से एकत्र भीड़ का हिस्सा नहीं बनाती, जब तक कि यह स्थापित न हो जाए कि उसका भी उद्देश्य समान था। न्यायालय ने तमाशबीन लोगों को केवल उनकी उपस्थिति के आधार पर दोषी करार दिए जाने से रोकने के लिए अदालतों के वास्ते मानदंड निर्धारित किए।

## सीजेआई पर हमले की कोशिश करने का देश भर में कड़ा विरोध

नई दिल्ली, एजेंसी

देशभर के विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने एक सुर में सीजेआई बीआर गवई पर हमले की कोशिश की कड़ी निंदा की और इसे लोकतंत्र व संविधान पर आक्रमण बताया। सोमवार को हुई इस घटना पर मंगलवार को भी तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आईं।

सोमवार को 71 वर्षीय वकील राकेश किशोर ने अदालत में सुनवाई के दौरान सीजेआई पर जूता फेंकने की कोशिश की, लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें ऐसा करने से रोक दिया। बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने घटना के बाद वकील का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। मंगलवार को सीजेआई के गृह राज्य महाराष्ट्र में विरोध प्रदर्शन हुए और घटना की कड़ी निंदा की गई। उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने सीजेआई को महाराष्ट्र का गौरव बताया और कहा कि उन पर हमले का प्रयास निंदनीय है। विपक्षी दल राकांपा (एसपी) ने मुंबई और महाराष्ट्र के अन्य हिस्सों में विरोध प्रदर्शन किया। बारामती में पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया। छत्रपति संभाजीनगर में राकांपा (एसपी) विधायक रोहित पवार और कार्यकर्ताओं ने बाबासाहेब आंबेडकर और संविधान के समर्थन में तख्तियां लेकर नारे लगाए।

- **तीखी प्रतिक्रियाएं जताईं, संविधान और लोकतंत्र पर बताया हमला**

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हमले की निंदा की और इसे लोकतंत्र की आत्मा पर हमला बताया। कहा कि यह हमला राष्ट्र के संविधान पर हाथ उठाने जैसा है।

बिहार में राजद नेता तेजस्वी यादव ने केंद्र में सत्ताधारी भाजपा पर इस घटना पर चुप्पी साधे रहने का आरोप लगाया। कहा, यह घटना घृणा और हिंसा को सामान्य बनाने का परिणाम है जिसे 2014 से राज्य की शह मिलती रही है।

बिहार में कांग्रेस अध्यक्ष और पार्टी का दलित चेहरा राजेश कुमार राम संवाददाता सम्मेलन के दौरान इस घटना पर बोलते हुए रो पड़े। कहा, एक दलित व्यक्ति जीवनभर संघर्ष करके सबसे सम्मानित संवैधानिक पद पर पहुंचता है, फिर भी समाज में उसे स्वीकार्यता नहीं मिल पाती।

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने इस घटना को अस्वीकार्य बताया और कहा कि ऐसे कृत्यों का किसी सभ्य व लोकतांत्रिक समाज में कोई स्थान नहीं है।

वाईएसआरसीपी प्रमुख वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने घटना को अत्यंत परेशान करने वाला और देश की सर्वोच्च न्यायिक संस्था की गरिमा पर हमला बताया।

पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने कहा कि सीजेआई गवई पर फेंका गया जूता भाजपा के विकसित भारत की भयावह तस्वीर पेश करता है क्योंकि हमलावर को भरोसा था कि उसके कृत्य का कोई गंभीर परिणाम नहीं होगा।

## नेशनल ब्रीफ

### बंगाल के मुर्शिदाबाद में एक करोड़ मूल्य के सोने के बिस्किट जब्त

**कोलकाता।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने प. बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में बांग्लादेश सीमा के पास से 1.09 करोड़ मूल्य के सोने के बिस्किट जब्त किए हैं। बल ने मंगलवार को यह जानकारी दी। खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए, भारत-बांग्लादेश सीमा पर मुर्शिदाबाद जिले में चारभद्र अग्रिम सीमा चौकी पर तैनात बीएसएफ की 146 बटालियन ने सोमवार रात सीमा के पास खेत में छिपाकर रखे आठ सोने के बिस्किट जब्त किए। सोने का वजन 832 .550 ग्राम है और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत 1.09 करोड़ रुपये है। तलाशी के दौरान बीएसएफ को घास की ढेरी असामान्य रूप से रखी दिखाई दी और क्षेत्र को खोदा गया तो लाल कपड़े में लिपटे सोने के आठ बिस्किट मिले।

### बारिश : दिल्ली हवाई अड्डे पर 15 उड़ानों का मार्ग परिवर्तित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में भारी बारिश के कारण मंगलवार को दिल्ली हवाई अड्डे पर 15 उड़ानों का मार्ग परिवर्तित किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मंगलवार दोपहर राष्ट्रीय राजधानी के कई हिस्सों में भारी बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने दिल्ली के लिए येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया, जिसमें गरज और चमक के साथ मध्यम दर्जे की बारिश का अनुमान है। अधिकारी ने बताया कि 15 उड़ानों में से आठ को जयपुर, पांच को लखनऊ और दो को चंडीगढ़ भेजा गया। विमानन कंपनी इंडिगो ने शाम छह बजकर 26 मिनट पर एक्स पर एक पोस्ट में कहा, इस समय दिल्ली में भारी बारिश हो रही है, जिससे उड़ानों के वक्त में कुछ अस्थायी व्यवधान हो रहा है। अगर आप आज यात्रा कर रहे हैं तो कृपया संभावित देरी के प्रति सचेत रहें और अपनी यात्रा के लिए अतिरिक्त समय निकालें।

# देश ने घरेलू स्रोतों से 1,20,000 करोड़ के सैन्य उपकरण खरीदे : राजनाथ

- **बोले- राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आत्मनिर्भरता को मजबूत करने पर ध्यान दे रही सरकार**

नई दिल्ली, एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि देश ने 2024-25 के अंत तक घरेलू स्रोतों से 1,20,000 करोड़ रुपये के सैन्य उपकरण व हथियार खरीदे हैं। उन्होंने बताया कि भारत राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए आत्मनिर्भरता को मजबूत करने पर लगातार ध्यान केंद्रित कर रहा है।

सिंह ने कहा कि सरकार युद्ध के बदलते स्वरूप खासतौर पर ड्रोन जैसे 'नॉन-कॉन्टैक्ट वॉरफेयर' (दूरस्थ युद्ध तकनीक) के महत्व को समझती है और उसके अनुसार तैयारी कर रही है। इस संदर्भ में उन्होंने विभिन्न सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए भारत के अपने रक्षा उद्योगों को बढ़ाने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि 2021-22 में घरेलू स्रोतों से हमारी पूंजीगत खरीद 74,000 करोड़ रुपये की थी, लेकिन 2024-25 के अंत तक यह बढ़कर 1,20,000 करोड़ रुपये हो गई है। यह बदलाव केवल आंकड़ों का नहीं, बल्कि मानसिकता के परिवर्तन का भी प्रतीक है। रक्षा मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने 10 वर्षों में रक्षा उपकरणों के स्वदेशी डिजाइन, विकास और निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए कई नीतिगत पहल की हैं। अब सैन्य हार्डवेयर की खरीद में घरेलू स्रोतों को प्राथमिकता दी जा रही है। सरकार आधुनिक युद्ध की बदलती प्रकृति से भली-भांति परिचित है। आज का युद्ध पूरी तरह प्रौद्योगिकी-आधारित हो चुका है।



विज्ञान भवन में राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन में शामिल रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

# चालू वित्त वर्ष में भारत की वृद्धि अनुमान 6.5% किया

- **विश्व बैंक ने जारी की रिपोर्ट, 2026-27 के लिए जीडीपी वृद्धि अनुमान घटाकर 6.3% किया**

नई दिल्ली, एजेंसी

विश्व बैंक ने मंगलवार को चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के वृद्धि अनुमान को बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया। पूर्व में इसके 6.3% रहने की संभावना जताई गई थी। साथ ही अनुमान भी जताया कि उपभोग वृद्धि में लगातार मजबूती के बल पर भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा।

विश्व बैंक ने हालांकि आगाह किया कि अमेरिका के भारतीय निर्यात पर लगाए गए 50 प्रतिशत शुल्क का आने वाले वर्ष में देश पर प्रभाव पड़ेगा। इसने 2026-27 के लिए जीडीपी वृद्धि अनुमान को 6.5 प्रतिशत से घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया। विश्व बैंक के दक्षिण एशिया विकास सूचना (अक्टूबर 2025) में कहा गया, उपभोग वृद्धि में लगातार मजबूती के बल पर भारत के दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बने रहने की उम्मीद है। इसके मुताबिक घरेलू परिस्थितियां, विशेष रूप से कृषि उत्पादन और ग्रामीण वेतन वृद्धि, अपेक्षा से बेहतर रही हैं।

### ऊर्जा बैठक में मनोहर लाल ने की अगुवाई

**नई दिल्ली।** केंद्रीय बिजली मंत्री मनोहर लाल दक्षिण अफ्रीका में ऊर्जा बदलाव पर आयोजित जी-20 मंत्री-स्तरीय बैठक में भारतीय प्रतिनिधित्व की अगुवाई कर रहे हैं। केंद्रीय बिजली मंत्री मनोहर लाल सात से 10 अक्टूबर, 2025 तक दक्षिण अफ्रीका में होने वाली जी20 मंत्री-स्तरीय बैठक में भाग लेंगे। यह चार-दिवसीय सम्मेलन है। बैठक में विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के ऊर्जा क्षेत्र के प्रतिनिधि अहम मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे।

## जुबिन की मौत मामले में गोगोई ने आरोपियों को बचाने का आरोप लगाया

**गुवाहाटी।** कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष गौरव गोगोई ने मंगलवार को आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा गायक जुबिन गर्ग की मौत से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं और वह मामले में गिरफ्तार आरोपी आयोजक श्यामकानु महंत को बचाने के 'मिशन' पर हैं। मुख्यमंत्री ने पलटवार करते हुए कहा कि गायक की मौत पर लोगों को भड़काने वाले बयान देने वालों के खिलाफ मामले दर्ज किए जाएंगे और कांग्रेस नेता का नाम उस सूची में शामिल होगा। गर्ग की 19 सितंबर को सिंगापुर में समुद्र में तैरते समय डूबने से मौत हो गई थी। गर्ग एनईआईएफ में हिस्सा लेने के लिए सिंगापुर गए थे। गोगोई ने यहां मीडियाकर्मियों से बातचीत में दावा किया कि असम के लोग गर्ग के लिए न्याय चाहते हैं, लेकिन मुख्यमंत्री ऐसा नहीं चाहते।






# घर में घुसकर किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म

## सुबह राहगीर के मोबाइल से देवां में माता-पिता को दी सूचना, बिजनौर थाने में मां की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज, तलाश

संवाददाता, सरोजनीनगर

**अमृत विचार:** बिजनौर थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात घर में घुसकर मोहल्ले के दो युवकों ने किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। वारदात के बाद आरोपी धमकाते हुए फरार हो गए। मंगलवार सुबह पीड़िता ने एक राहगीर के मोबाइल से देवां मेला गए माता-पिता को फोन कर सूचना दी। बेटी की आपबीती सुनकर परिजन के होश उड़ गए। दोपहर बाद घर पहुंची मां बेटी को लेकर थाने पहुंची। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना क्षेत्र में रहने वाले व्यक्ति पत्नी के साथ 26 सितंबर को बाराबंकी जिले के देवा मेले में जानवर बेचने गई थी। इस दौरान 14 वर्षीय बेटी और छोटे भाई-बहन थे। पीड़ित किशोरी ने बताया कि सोमवार रात मोहल्ले में रहने वाला रोहित व आनंद घर में घुसे। किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने लगे। किशोरी ने चिल्लाने का प्रयास किया तो उसका मुंह दबा दिया। उसके बाद दोनों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया।

वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपियों ने शिकायत करने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी और फिर भाग निकले। रात भर किशोरी दर्द से तड़पती रही। मंगलवार सुबह किशोरी ने मोहल्ले में रहने वाले एक व्यक्ति के मोबाइल से पिता को कॉल की।

मां से बात कर पीड़िता ने आपबीती बतायी। आनन-फानन में माता-पिता लखनऊ पहुंचे। बेटी की पीड़ा सुनकर परिजन के पैरों तले जमीन खिसक गयी।

माता-पिता बेटी को लेकर बिजनौर थाने पहुंचे। मां ने तहरीर देकर शिकायत की। इंस्पेक्टर शिवशंकर महादेवन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर सामूहिक दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट समेत गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस ने आरोपियों की तलाश में दबिश की लेकिन वे भाग निकले। इंस्पेक्टर ने बताया कि पीड़िता को मेडिकल के लिए भेजा जा रहा है।

### प्रेमी के घरवालों पर छात्रा ने लगाया ट्रैक पर फेंकने का आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ:** काकोरी इलाके की एक छात्रा ने युवक पर दुष्कर्म व उसके परिजनों ने मारपीट कर रेलवे लाइन पर फेंकने का आरोप लगाया है। इंस्पेक्टर सतीश चंद्र राठौर ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। 11वीं कक्षा की छात्रा ने पुलिस को बताया कि उसका सुजीत यादव से प्रेम प्रसंग चल रहा था। 18 जुलाई को सुजीत उसे बहला फुसला कर नोएडा ले गया। वहां किराए के कमरे में रहने लगा। आरोप है कि वहां सुजीत ने उसके साथ दुष्कर्म किया। 4 अक्टूबर को पुलिस नोएडा से उसे काकोरी ले आई। यहां बयान दर्ज होने के बाद वह जा रही थी। आरोप है कि नौबस्ता रेलवे लाइन के पास सुजीत के पिता जितेंद्र, भाई मनीष व सतीश, मां और दो अज्ञात लोगों ने उसे पकड़ लिया। पिटाई के बाद रेलवे लाइन पर फेंक दिया। शोर सुनकर लोग दौड़े तो आरोपी भाग निकले। इलाज कराने के बाद पीड़िता ने थाने में शिकायत की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# आवास सर्वे से छूटे हुए लाभार्थियों को मौका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 14 तक ग्रामीण आवास के लिए होगा सर्वे
- केंद्र ने दिए निर्देश, लेकिन सर्वेयर ही करेंगे सर्वेक्षण

**अमृत विचार :** प्रदेश में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के कराए गए सर्वे से छूटे लाभार्थियों को केंद्र सरकार ने एक मौका दिया है। 14 अक्टूबर तक छूटे लाभार्थियों का सर्वेक्षण करके नाम दर्ज किए जाएंगे। इस बार सेल्फ सर्वे की सुविधा न देकर नामित अधिकारियों द्वारा मौके पर किया जाएगा।

केंद्र ने हर लाभार्थी को बिना दौड़भाग व इंतजार किए प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास देने की योजना बनाकर आवास प्लस सर्वेक्षण-2024 कराया था। इस दौरान प्रदेश में अधिकारियों द्वारा मौके पर सर्वे करके 57,73,491 लाभार्थियों के पोर्टल पर नाम दर्ज किए गए, जबकि करीब 18.25 लाभार्थियों ने स्वयं सर्वे करके नाम दर्ज किए। इन सभी का तीन चरणों में सत्यापन कराया गया और सितंबर में प्रक्रिया पूर्ण हो गई, लेकिन केंद्र ने आवास स्वीकृत करने की प्रक्रिया शुरू करने से पहले सर्वे से छूटे लाभार्थी या फिर मौके न मिलने वाले लाभार्थियों को मौका दिया है। 14 अक्टूबर तक नामित सर्वेयर मौके पर सर्वे करके लाभार्थी मिलने पर विवरण दर्ज करेंगे। ग्राम्य विकास अभिकरण के परियोजना निदेशक विकास मिश्र ने बताया कि लखनऊ में कुल 32,096 लाभार्थी हैं। यदि कोई छूटा है तो उसे शामिल करेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### लम्पी से बचाव को 34 गोवंशों का टीकाकरण

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिले में गोवंशों को लम्पी स्किन डिजीज से बचाने के लिए पशुपालन विभाग ने टीकाकरण तेज कर दिया है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि 1.54 निजी व गोशाला में संरक्षित गोवंशों का टीकाकरण करने का लक्ष्य है। करीब 15 दिन में 34 हजार गोवंशों का टीकाकरण गठित विशेष टीम ने कर दिया है। जल्द लक्ष्य पूरा करेंगे। जिले में स्थिति सामान्य है। पहले से गोवंशों का टीकाकरण करके सुरक्षित कर रहे हैं। सर्विलांस टीम भी निगरानी कर रही है।

### कारपेंटर ने फंदा लगाकर दी जान

**अमृत विचार, काकोरी :** दुबग्गा के जेहटा गांव में सोमवार रात कारपेंटर ने फंदा लगा लिया। बहन ने भाई को लटका देख आसपास की लोगों की मदद से उसे नीचे उतारकर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर अभिनव कुमार ने बताया कि जेहटा गांव निवासी नितिन शर्मा (30) किराए के मकान में रह रहा था। सोमवार देर रात उसने कमरे में कुंडे में साड़ी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। छानबीन में पता चला कि कुछ दिन से पत्नी दीपिका शर्मा मायके में थी। दोनों की एक माह की बेटी ईशा है। कुछ दिनों से नितिन मानसिक रूप से परेशान चल रहा था।

### घर में घुसकर महिला व पिता को पीटा

**अमृत विचार, लखनऊ :** तालकटोरा में छेड़खानी का विरोध करने पर आरोपियों ने परिवार संग घर में घुसकर विवाहिता को जमकर पीटा। थाना क्षेत्र में रहने वाली विवाहिता ने बताया कि राहुल व बाबूलाल उसके साथ आए दिन छेड़खानी करते हैं। विरोध करने पर राहुल, बाबूलाल के साथ ही मोतीलाल, उसकी पत्नी, बाबूलाल की पत्नी, शिवानी रावत व तीन अज्ञात लोग उसके घर घुस आए। आरोपियों ने विवाहिता मारपीट करते हुए छेड़छाड़ की। बीचबचाव में पिता पर भी आरोपियों ने हमला दिया। मारपीट में दोनों बुरी तरह घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। इंस्पेक्टर कुलदीप दुबे ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### रेगुलेटर चेंज के दौरान गैस लीक होने से मां- बेटा बेहोश

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बिजनौर थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह रेगुलेटर चेंज करने के दौरान गैस लीक होने से दो लोग बेहोश होने से हड़कंप मच गया। लोगों ने गैस सिलेंडर उठाकर नाले में फेंक दिया। सूचना पर पहुंची फायर टीम ने चेक किया तो सिलेंडर में गैस खत्म हो चुकी थी। नटकुर निवासी राजेश कुमार की पत्नी बुद्धेश्वरी मंगलवार सुबह करीब 7 बजे खाना बनाने जा रही थी। घर में रखे गैस सिलेंडर में गैस खत्म हो चुकी थी और दूसरा सिलेंडर लाया गया था। उसमें रेगुलेटर बदला जा रहा था। तभी गैस लीक हो गई। गैस की चपेट में आई बुद्धेश्वरी और उसका बेटा अतुल बेहोश हो गए। एफएसओ धर्मपाल सिंह का कहना है कि गैस से कोई बेहोश नहीं हुआ। फायर टीम ने बाद में मौजूद लोगों को अग्नि सुरक्षा से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### आत्महत्या को उकसाने पर चार गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** जानकीपुरम पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों में विभूति शिवम दुबे निवासी अभिषेक पुरम जानकीपुरम लखनऊ, उसके पिता ओम प्रकाश दुबे, मां विनीता दुबे और बहन प्रियंका दुबे हैं। आरोपी विभूति असिस्टेंट प्रोफेसर हैं। 5 अक्टूबर को दहेज के लिए प्रताड़ित किए जाने से क्षुब्ध होकर महिला ने छत से कूदकर जान दी थी। मामले में मृतका के भाई विनय ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# भतीजे ने चाचा पर किया चाकू से हमला

संवाददाता, बख्शी का तालाब



घायल मदन।

- पीछे से गर्दन व पीठ पर किए वार, अस्पताल में भर्ती
- परिजन की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचारः** बंटवारे को लेकर चल रहे विवाद में भतीजे ने चाचा की गर्दन पर चाकू से वार कर दिया। इसके बाद आरोपी भतीजे ने पीठ पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। हमले में खून से लथपथ होकर चाचा जमीन पर गिर पड़े। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। बीकेटी पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराने के साथ ही आरोपी की तलाश शुरु कर दी है।

थाना क्षेत्र के अस्ती गांव निवासी मदन ने बताया कि कई दिनों से भतीजे अरुण से विवाद चल रहा था। जमीन बटवारे का समझौता होने के बाद भी भतीजा उनकी जमीन पर गेट लगवा रहा था। यह देख मदद ने विरोध किया था। उन्होंने बताया कि मंगलवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे वह घर से शौच के लिए जा रहे थे। इसी दौरान भतीजा अरुण पीछे से आया और चाकू से गर्दन पर वार कर दिया। हमले से वह लहूलुहान होकर गिर पड़े। इसके बाद अरुण ने उनकी पीठ पर ताबड़तोड़ चाकू से वारकर दिए। चींखपुकार सुनकर घर के अन्य लोग बाहर आए तो आरोपी मौके से भाग निकला।परिजन ने घटना की सूचना डॉयल-112 पर दी। घायल को सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। इंस्पेक्टर सिंह ने बताया कि परिजन की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### मेले से लौट रहे भाई बहन को मारा चाकू

**अमृत विचार, बख्शी का तालाब :** इटौंजा के रत्नेश्वर महादेव मंदिर के निकट लगने वाले दशहरा मेला देखकर भाई-बहन पर रात करीब 11 बजे भाई-बहन परिवार संग लौट रहे थे। रास्ते में नीरज हाथ पकड़ कर युवती को खींचने लगा। विरोध करने पर पहले बहन फिर भाई पर वार किया। दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। इंस्पेक्टर मारकंडेय यादव ने बताया कि दोनों पक्षों का आपसी पुराना विवाद था। जिसको लेकर एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं।

# घर से घसीटकर महिला को पीटा

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** रहीमाबाद में रंजिश के चलते दबंगों ने घर में घुसकर एक दिव्यांग महिला को पीटा। आरोप है कि हमलावर महिला को घर से सड़क तक घसीटकर लाए और पीट दिया। पति व सास बचाने पहुंची तो उन्हें भी मारा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गौदा निवासी मुकेश ने बताया कि लिंटर डालने को लेकर पड़ोस के रजनीश, विनोद, नान, उमेश चंद्र से विवाद था। मंगलवार को आरोपियों ने गाली-गलौज करते घर में घुसकर दिव्यांग पत्नी सीता से मारपीट करने लगे। आरोप है कि सीता को घर से घसीटकर आरोपी सड़क पर लाए और फिर मारा।

# बिना लाइसेंस के चल रही पटाखा फैक्ट्री में मिला ढाई कुंटल विस्फोटक

संवाददाता, नगराम

**अमृत विचारः** बिना लाइसेंस के एक घर में चल रही पटाखा फैक्ट्री में मंगलवार को नगराम पुलिस ने छापेमारी की। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मौके पर करीब ढाई कुंटल से अधिक मात्रा में पटाखे बरामद हुए हैं। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

मोहनलालगंज एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि एसओ विवेक कुमार चौधरी को मंगलवार दोपहर सूचना मिली कि कस्बा स्थित एक मकान में भारी मात्रा में अवैध रूप से पटाखों का भंडारण व निर्माण कराया जा रहा है। इस सूचना पर पुलिस ने छापेमारी कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।



बरामद विस्फोटल को बोरियों में बांधते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

- पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

छापेमारी के दौरान मौके से सुतली बम, रॉकेट और अन्य विस्फोटक सामग्री समेत करीब ढाई कुंटल पटाखे मिले। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम सलीम, रमजान व रफीक बताया। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर उनके नेटवर्क और विस्फोटक सामग्री के स्रोत का पता लगा रही है। आरोपियों से पूछताछ के आधार पर पुलिस अन्य जगह भी छापेमारी कर रही हे।

# बिजनौर में बंद मकान में लाखों की चोरी

संवाददाता, सरोजनीनगर

**अमृत विचारः** बिजनौर इलाके में चोरों ने बंद मकान का ताला तोड़कर नकदी व जेवर समेत लाखों रुपये के माल पर हाथ साफ कर दिया। मंगलवार सुबह छानबीन कर पुलिस लौट गई। परिजन ने ग्रामीणों की मदद से खोजबीन की तो झाड़ियों में बोरी में बांधकर छिपाकर रखा गया अन्य माल बरामद हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस दोबारा पहुंची और छानबीन की।

गढ़ी मोहल्ला निवासी किसान बाबू पत्नी स्मृति और दो बच्चों के साथ करीब तीन साल पहले से बिजनौर के ही चंद्रावल स्थित लक्ष्मण खेड़ा में बने नए मकान में रहते हैं। सात वर्षीय बेटी सोनाक्षी की तबीयत ज्यादा खराब होने पर वे परिवार संग 3 अक्टूबर को अपने पुराने घर गढ़ी मोहल्ला में रहकर निजी अस्पताल में इलाज कराने लगे। मंगलवार सुबह बाबू ने मोबाइल पर घर के सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो उसमें कुछ नहीं दिखा। शक होने पर वे लक्ष्मण खेड़ा वाले घर पहुंचे। वहां मेन गेट का ताला कटा पड़ा मिला। भीतर गए तो कमरे, आलमारी व संदूक का ताला टूटा और सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस छानबीन कर वापस लौट गई। बाबूलाल के बहनोई मखदूमपुर कैथी निवासी मिहीलाल ने ग्रामीणों के साथ आसपास झाड़ियों में तलाश शुरू की तो सड़क किनारे झाड़ियों में छिपाकर रखी गयी बोरी दिखाई पड़ी। सूचना पर पुलिस दोबारा पहुंची। इसके बाद पहुंची पुलिस ने बोरी को बाहर निकलवाया तो उसमें दो साउंड बॉक्स, पीतल के कीमती दो बटुआ, दो बड़ी बैटरी, सौर ऊर्जा का इनवर्टर, बड़ी ड्रिल मशीन, एक गैस सिलेंडर, एक मिक्सी और इनवर्टर बरामद हुआ।



चोरी के बाद जांच करती पुलिस और मौजूद ग्रामीण। अमृत विचार

- एक बोरी में बांधकर चोरों ने माल झाड़ियों में छिपाया

### लाखों के जेवर के साथ दो चोर धरे गए

**अमृत विचार, लखनऊ :** अलीगंज पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से लाखों के जेवर बरामद हुए हैं। पकड़े गए आरोपियों में अक्षय राजपूत उर्फ मयंक निवासी पीएनटी कालोनी के पीछे सेक्टर-डी अलीगंज और विकास निवासी बस्ती हालपता गोल मार्केट महानगर हैं। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी अक्षय के खिलाफ मड़ियांव व अलीगंज थाने में एक दर्जन से अधिक चोरी के मामले दर्ज हैं।

# खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में लगी आग

**अमृत विचार, सरोजनीनगरः** सरोजनीनगर के आजाद नगर निवासी श्रवण कुमार की पत्नी शाम करीब 6 बजे घर में खाना बना रही थी। इस दौरान सिलेंडर में आग लग गई। वह चिल्लाते हुए घर के बाहर भागी। आसपास के लोगों ने किसी तरह सिलेंडर को बाहर निकालकर रोड पर फेंका और मिट्टी बालू के अलावा गीले कपड़े से ढक दिया, लेकिन आग नहीं बुझी। लोगों ने फायर कंट्रोल रूम को सूचना दी। सूचना के बाद सरोजनी नगर फायर स्टेशन से पहुंची फायर टीम ने उसे सुरक्षित स्थान पर ले जाकर सिलेंडर में लगी आग बुझा दी। इसके बाद फायर टीम ने मौजूद लोगों को अग्नि सुरक्षा के कारण और बचाव की जानकारी दी।

# नोडल ने देखे अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र के कार्य

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पंचायती राज निदेशालय के उपनिदेशक एवं स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के नोडल अधिकारी राघवेंद्र सिंह ने मंगलवार को बीकेटी के कठवारा गांव में बने एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र का औचक निरीक्षण किया। केंद्र में हो रहे कार्य व उससे प्राप्त होने वाली आय आदि की जानकारी की और बेहतर संचालन के निर्देश दिए।

नोडल को निरीक्षण में जिला समन्वयक अभिनव त्रिवेदी ने बताया कि चार माह में प्रबंधन केंद्र पर गांव 7500 किलो प्लास्टिक एकत्र करके निस्तारण किया गया है। इस मशीनों से कटिंग व दाने बनाकर सड़क निर्माण के लिए निजी फर्मों व संबंधित विभाग को बिक्री की है। इससे 54 हजार रुपये की आय पंचायत को हुई है। वहीं, गांवों में फेंकी गई प्लास्टिक का निस्तारण से स्वच्छता की दिशा में बदलाव आया है। नोडल ने रजिस्टर चेक किए और केंद्र पर प्लास्टिक निस्तारण करने की तौर-तरीके देखे। कहा कि इसी तरह हर पंचायत पर इस दिशा में कार्य किया जाए। इससे कूड़े में फेंकी जाने वाली प्लास्टिक का निस्तारण होगा और पर्यावरण को फायदा होगा।



निरीक्षण करते नोडल अधिकारी।

# मनरेगा में बढ़ाएं महिला मेटों व दिव्यांगों की सहभागिता

**अमृत विचार, लखनऊः** ग्राम्य विकास विभाग के आयुक्त जी एस प्रियदर्शी ने मनरेगा में महिला मेटो की सहभागिता पर विशेष जोर दिया है, साथ ही निर्देश दिए हैं कि अन्य मनरेगा श्रमिकों की भांति दिव्यांग जाब कार्ड धारकों को मनरेगा गाइडलाइंस के अनुसार अधिक से अधिक काम दिये जाएं। जिन श्रमिकों द्वारा भी मनरेगा जॉब कार्ड की मांग की जा रही है। उन्हें जॉब कार्ड उपलब्ध कराए जाएं। ये निर्देश ग्राम्य विकास विभाग के आयुक्त ने वर्चुअल समीक्षा बैठक में दिए हैं।

## सिटी डायरी



महिला को बैग और मोबाइल देतीं पुलिसकर्मी।

### महिला को फोन और बैग लौटाया

**अमृत विचार, काकोरी :** पारा इलाके में मंगलवार को पुराना पारा इलाके में एक महिला का फोन और बैग ऑटो में छूट गया था। महिला घबरा कर बगल में बने पिंक बूथ पर पुलिस को सूचना दी। उन्नाव के अहरा डेढिया निवासी राजकुमारी आलमबाग नहर से ऑटो से आ रही थीं और पुराना पारा पर उतरते समय वह अपना फोन और बैग भूल गई। महिला ने तुरंत पिंक बूथ 25 पर पहुंचकर आरक्षी पूजा सरोज को इसकी जानकारी दी। आरक्षी ने सूझबूझ दिखाते हुए राजकुमारी के फोन पर कॉल किया, जिसे ऑटो चालक ने रिसीव किया तो आरक्षी पूजा के समझाने पर चालक पिंक बूथ पहुंचा और फोन व बैग महिला को सकुशल लौटा दिया। पुलिस की तत्परता से महिला ने राहत की सांस ली और बहुत बहुत धन्यवाद दिया।



अपात स्थिति में लोगों को बचाने का प्रशिक्षण देते कर्मचारी।

### आग से बचाव का दिया प्रशिक्षण

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** सरोजनी नगर प्रभारी अग्निशमन अधिकारी धर्मपाल सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को अमौसी स्थित बिग बास्केट कंपनी में अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 100 कर्मचारियों को आग लगने पर बचाव के उपाय, फायर एक्सटिंग्युइशर के उपयोग और सतर्कता बरतने की जानकारी दी गई। कर्मचारियों ने आग बुझाने का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया। हौज और पंप ड्रिल के अभ्यास की जानकारी दी गई। धुएं से भरे वातावरण में फंसे व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकालने और प्राथमिक उपचार (फर्स्ट ऐड) देने की विधि भी सिखाई गई।



शिलान्यास कार्यक्रम में मौजूद पार्षद व अन्य।

### पार्षद ने किया शिलान्यास

**अमृत विकास, सरोजनीनगर :** सरोजनी नगर द्वितीय वार्ड के बद्री नगर कॉलोनी में मंगलवार को पार्षद राम नरेश रावत एडवोकेट ने सड़क व नाली निर्माण कार्य के लिए पूजन किया। पार्षद ने रघुनंदन रावत से नारियल तुड़वाकर कार्य का शुभारंभ कराया। पार्षद ने बताया कि 70 लाख रुपये की लागत से 600 मीटर लंबी और तीन मीटर चौड़ी सड़क व नाली सुधार का कार्य कराया जा रहा है। देव त्रिपाठी, डॉ. इमरान, मोहम्मद इलियास, नवी हुसैन, मनीष, प्रीतम सिंह सहित कॉलोनीवासी मौजूद रहे। पार्षद रामनरेश ने बताया कि महापौर सुषमा खर्कवाल और विधायक राजेश्वर सिंह के सहयोग से वार्ड में निरंतर विकास कार्य हो रहे हैं।



किसानों को समझाते पुलिस अधिकारी।

### किसानों का प्रदर्शन

**अमृत विचार, आशियाना :** आशियाना क्षेत्र के सालेहनगर में मंगलवार को किसानों ने समान मुआवजे की मांग को लेकर भाकियू (अरा) लोकतांत्रिक के प्रदेश अध्यक्ष अमर सिंह लोधी ने की अगुवाईमें किसानों ने पंचायत की। इसके बाद मुख्यमंत्री आवास के घेराव को निकले किसानों को पुलिस ने रास्ते में रोक लिया। एलडीए एसडीएम प्रभाकर सिंह और नायब तहसीलदार गोवर्धन शुक्ला ने किसानों को एक हफ्ते में एलडीए वीसी से मुलाकात कराने का आश्वासन देकरप्रदर्शन समाप्त कर कराया।

प्रदर्शन

## दलितों को न्याय दिलाने की मांग को लेकर प्रदेश अध्यक्ष की अगुवाई में सड़क पर उतरे कांग्रेसी

# रायबरेली कांड के विरोध में निकाला कैंडल मार्च

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** रायबरेली में दलित युवक हरिओम वाल्मीकि की हत्या के विरोध में मंगलवार शाम कांग्रेस पार्टी ने कैंडल मार्च निकाला। इस मार्च में उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय, प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे समेत तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

कांग्रेस मुख्यालय से निकले इस कैंडल मार्च में कार्यकर्ता हाथों में मोमबत्ती और तिरंगा लिए हुए जस्टिस फॉर हरिओम वाल्मीकि, दलितों को न्याय दो जैसे नारे लगाये।अजय राय ने कहा कि रायबरेली की घटना बेहद शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है। अविनाश पांडे ने कहा कि हरिओम की हत्या यह दर्शाती है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था चरमरा चुकी है।



प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की अगुवाई में कैंडल मार्च निकालकर प्रदर्शन करते कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता। अमृत विचार

### एनएसयूआई ने भी किया प्रदर्शन

रायबरेली में हरिओम पासवान की हत्या को लेकर एनएसयूआई ने भी प्रदर्शन किया। सिर पर काली पट्टी बांधे और हाथों में तख्तियां लिए कार्यकर्ता राजभवन से अटल चौक स्थित अंबेडकर प्रतिमा की ओर बढ़े, लेकिन पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही रोक लिया। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। पुलिस ने कई कार्यकर्ताओं को पकड़कर गाड़ियों में बैठाया और उन्हें इको गार्डन ले जाकर छोड़ा।

### सुविचार



कभी भी दुष्ट लोगों की सक्रियता समाज को बर्बाद नहीं करती, बल्कि हमेशा अच्छे लोगों की निष्क्रियता समाज को बर्बाद करती है। शिव खेड़ा


### लखनऊ के प्रमुख समाचार

- ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से भाई-बहन की मौत II
- मां गोमती की हुई भव्य आरती III
- भाषा विवि में होगी अवधी शोधपीठ की स्थापना IV


### शहर में आज



- सरोजनी नगर के गौरी रोड स्थित गौतम बुद्ध डिग्री कालेज में बिरसा मुंडा पर आधारित दो दिवसीय सेमिनार– 11:00 बजे।
- चारबाग स्थित रविन्द्रालय भवन सभागार में जनता क्रान्ति पार्टी (राष्ट्रवादी) का लखनऊ सत्ता में भागीदारी सम्मेलन– 11:00 बजे।
- गोमती नगर स्थित अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में उत्तर प्रदेश तैलिक साहू महासभा की प्रांतीय बैठक व प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव– 11:00 बजे।
- कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में उर्वरक वितरण और निगरानी की समीक्षा बैठक– 12:00 बजे।
- सामाजिक न्याय मोर्चा उत्तर प्रदेश का कलेक्ट्रेट भवन पर प्रदर्शन– 2:00 बजे।
- लविवि के मालवीय सभागार में आपात काल के 50 वर्ष पर कार्यक्रम– 2:00 बजे।

# डेढ़ लाख सिक्कों से बनाई श्रीराम की 18 फीट ऊंची प्रतिमा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रतिमा बनाने में एक, पांच, 10 रुपये के सिक्का का किया इस्तेमाल
- उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया प्रतिमा का लोकार्पण
- एशिया बुक ऑफ़ रिकार्ड और इंडिया बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज

**अमृत विचार :** फन रिपब्लिक मॉल में डेढ़ लाख सिक्कों से बनी 18 फीट ऊंची मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की प्रतिमा लगाई गई है। मंगलवार को इसका अनावरण उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि दिवाली से पहले श्रीराम का आगमन हुआ है तो जाहिर है कि समृद्धि का भी आगमन होगा। उन्होंने कहा कि श्रीराम हम सबके आराध्य हैं। हमें उनके दिखाए मार्ग पर ही चलना चाहिए। उन्होंने मॉल के जनरल मैनेजर अश्विनी सिंह हमारा से कार्यक्रम दिवाली तक चलता रहेगा। आने वाले दिनों में कंटेम्प्रेरी रामायण का आयोजन, शॉप एंड विन प्रतियोगिता होंगी। इन प्रतियोगिता के शॉपर को एक ग्राम सोने का सिक्का दिया जाएगा। इसके



श्रीराम की प्रतिमा का मुख।

अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा प्रतियोगिताएं भी आयोजित कराई जाएंगी।



फन रिपब्लिक मॉल में डेढ़ लाख सिक्कों से बनी 18 फीट ऊंची श्रीराम की प्रतिमा। अमृत विचार

### 25 कारीगरों ने 20 दिन में तैयार की प्रतिमा

- मॉल के जनरल मैनेजर ने बताया कि प्रतिमा एक, पांच और 10 रुपये के डेढ़ लाख सिक्कों से बनाई गई है। प्रतिमा लखनऊ, गोरखपुर एवं कोलकाता के 25 कारीगरों ने तैयार की है। इसे बनाने में 20 दिन का समय लगा। आस्था और कला के इस संगम को एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के अलावा इंडिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज किया गया है। निर्णायक प्रमिल द्विवेदी ने इसका प्रमाण पत्र और मेडल भी सौंपा।

# बिना रजिस्टर के उर्वरक बेचने पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- उर्वरक बिक्री संबंधित शिकायत के लिए नंबर भी जारी किए गए

**अमृत विचार :** रबी फसल में उर्वरक की बिक्री में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए कृषि विभाग अभी से सतर्क हो गया है। जांच के लिए टीमें गठित करने के साथ कंट्रोल रूम संचालित किया है। वहीं, सहकारी समिति के सचिव, थोक व फुटकर विक्रेताओं को बिना रजिस्टर के उर्वरक बेचने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है।

जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह ने बताया कि पूर्व में किए निरीक्षण और जांच पाया कि निजी एवं सहकारी समितियों पर उर्वरक बिक्री व स्टॉक के रजिस्टर नहीं है। बिना किसानों का विवरण दर्ज किए उर्वरक बेची जा रही है। सभी केंद्रों पर रजिस्टर रखना व उसमें किसान का नाम, पता, मोबाइल नंबर, विक्रय उर्वरक मात्रा, खतौनी का आदि विवरण दर्ज करना अनिवार्य है। खरीफ फसल में बिना रजिस्टर उर्वरक बेची तो लाइसेंस निरस्त करने के साथ विधिक कार्रवाई करें।

किसान किसी भी तरह की शिकायत कंट्रोल रूम नंबर 9198938099, जिला कृषि अधिकारी 7839882167, एआर 6386903337, क्षेत्रीय प्रबंधक इफको 9807576004 पर करें।

### सिटी ब्रीफ

#### एमबीबीएस के नए बैच की शुरुआत 13 से

**अमृत विचार, लखनऊ :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में एमबीबीएस के नए बैच की शुरुआत 13 अक्टूबर से होगी। जिन विद्यार्थियों को छात्रावास आवंटित कराना है, उन्हें एक दिन पहले 12 अक्टूबर को रिपोर्ट करना होगा। प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि 13 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद नए बैच के विद्यार्थियों को संस्थान के बारे में अवगत कराएंगी। छात्रावास की सुविधा बाहरी विद्यार्थियों के लिए है। छात्रों को इसके लिए एनॉटमी विभाग के पास स्थित सीवी हॉस्टल में 12 अक्टूबर को रिपोर्ट करना होगा। इसी तरह छात्राओं को कलाम सेंटर के पीछे स्थित यूपी हॉस्टल में रिपोर्ट करना होगा। बाहरी विद्यार्थियों को छात्रावास आवंटित होने के बाद अगर कमरे खाली रहते हैं तो स्थानीय विद्यार्थियों को दिए जा सकते हैं। इसके लिए उन्हें इन्हीं छात्रावासों में 13 अक्टूबर को सुबह नौ बजे रिपोर्ट करना होगा।

#### संघ कार्यक्रम में श्रीराम के जीवन पर हुई चर्चा

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष पूरे होने पर दिनकर शाखा, हनुमान नगर में उत्सव और पथ संचलन का कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर विभाग प्रचारक अनिल ने भगवान श्रीराम के आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला। संघ के स्वयंसेवकों से मर्यादित आचरण को दर्शाते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा दिये गए पंच परिवर्तन के विषयों को अपने जीवन मे अंगीकार करने का भी आग्रह किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अरुण सिन्हा सहायक आचार्य इंटीग्रल विश्वविद्यालय ने की। अन्य मंचस्थ अतिथियों मे नगर संघचालक इंद्र प्रसाद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों की उपस्थिति रही और विजयादशमी पर्व उत्साह एवं अनुशासन के साथ संपन्न हुआ।

#### व्यापारी सम्मेलन में बताए जीएसटी के लाभ

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक कैंट विधानसभा क्षेत्र में जीएसटी के नवीन प्रावधानों पर केंद्रित ''व्यापारी सम्मेलन'' में महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और व्यापारियों के साथ सम्मिलित हुए। उपमुख्यमंत्री ने बताया प्रदेश के आम नागरिकों के दैनिक जीवन की आवश्यक वस्तुओं के आर्थिक बोझ में कमी होने के साथ ही व्यापार जगत में व्यापक प्रगति भी हो रही है। जिससे देश एवं प्रदेश की समृद्धि के साथ-साथ व्यापार में अभूतपूर्व वृद्धि और नए आयाम स्थापित होंगे।

#### एफएसडीए ने तीन फर्मों पर मारा छापा

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रतिबंधित कफ सिरप की जांच के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग (एफएसडीए) ने मंगलवार को भी तीन फर्मों में छापे मारे। दो फर्मों से कफ सिरप के नमूने भी लिए गए। एफएसडीए सहायक आयुक्त ब्रजेश कुमार ने बताया कि मंगलवार को सरोजनीनगर स्थित मेसर्स स्टैडमेड प्राइवेट लिमिटेड, कृष्णानगर की मेसर्स न्यूरोकेम लेबोरट्रीस और एशेबाग की आरपिक प्राइवेट लिमिटेड में जांच की गई। जांच के दौरान मेसर्स न्यूरोकेम लेबोरट्रीस के अधिकारियों ने बताया कि वह अब कफ सिरप का निर्माण व भंडारण नहीं करते हैं। ड्रग इंस्पेक्टर संदेश मौर्या ने बताया कि मेसर्स स्टैडमेड प्राइवेट लिमिटेड व आरपिक प्राइवेट लिमिटेड से दो कफ सिरप के नमूने जांच के लिए एकत्र किए गए हैं।

# सरकारी अस्पतालों में नहीं 10 जरूरी दवाएं

## बीपी और शुगर जैसी दवाएं भी बाहर से खरीदनी पड़ रहीं



कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** शहर के प्रमुख सरकारी अस्पतालों में भी बीपी, शुगर समेत करीब 10 तरह की जरूरी दवाएं नहीं हैं। मरीजों को ये दवाएं बाहर से खरीदनी पड़ रही हैं। अस्पताल के अधिकारियों का कहना है कि दवाओं की कमी नहीं है।

शहर के सिविल, लोकबंधु, बीआरडी महानगर, बलरामपुर अस्पताल समेत कई सरकारी अस्पतालों में मरीजों को कई दिन से जरूरी दवाएं नहीं मिल पा रही हैं। ओपीडी में आने वाले मरीजों को डॉक्टर दवा लिख रहे हैं। ओपीडी स्लिप और पर्चे को लेकर मरीज व तीमारदार जब दवा काउंटर पर जा रहे हैं तो उन्हें यह कहकर लौटा दिया जा रहा है कि दवाएं नहीं हैं। मरीज व तीमारदार एक से दूसरे काउंटर पर दवा लेने के लिए पहुंच रहे हैं, लेकिन काउंटरों के चक्कर काटने के बाद भी दवाएं नहीं मिल रही है।

उन्हें बाहर से दवाएं खरीदने की सलाह दी जा रही है। मजबूरन मरीज व तीमारदार बाहर दुकानों से रुपये चुकाकर दवा खरीद रहे हैं। सिविल अस्पताल की निदेशक डॉ. कजली गुप्ता ने कहा कि दवाओं की कमी की जानकारी नहीं है, बुधवार को स्टोर से इसके बारे में पता किया जाएगा, जो दवाएं कम हैं उन्हें मंगवाया जाएगा।

### ये दवाएं नहीं मिल रहीं

- थॉयराइड की सबसे अहम दवा थायरोक्सिन।
- कान में संक्रमण दूर करने के लिए ट्राइमाजोल ईयर ड्रॉप।
- पेट में संक्रमण दूर करने के लिए ऑर्निडाजोल 500 एमजी।
- चोट के साथ सूजन खत्म करने वाली दवा सेरेटियोपेप्टिडेज।
- दिल के मरीजों के लिए बीपी नियंत्रण वाली दवा मेटोप्रोलोल 50 एमजी।
- आंखों में जलन, सूजन सही करने के लिए ईएमसी एंटीबॉयोटिक आई ड्रॉप।
- हड्डी के लिए कैल्शियम की दवा विटामिन डी थी। साथ ही सप्ताह में एक बार दूध के साथ पीने वाला कैल्शियम सैचेट।



डफरिन अस्पताल की जमीन पर बने गैरेज में खड़ी गाड़ियां। अमृत विचार

### डफरिन अस्पताल की जमीन पर चल रहा गैराज

- **अमृत विचार, लखनऊ :** डफरिन में पार्किंग न होने से जाम की स्थिति रहती है। जाम में एंबुलेंस फंसने से मरीजों की जान जोखिम में रहती है। अस्पताल के पिछले हिस्से में खाली पड़ी पांच हजार वर्ग फिट से अधिक की जमीन पर पार्किंग बनाने के बजाए मोटर गैराज चलाया जा रहा है। आरोप है अफसरों की सह पर यह गैराज खुला है। अगर इस जमीन पर मरीजों के वाहनों की पार्किंग बना दी जाए तो जाम से छुटकारा मिल सकता है। वीरांगना अवंतीबाई महिला चिकित्सालय (डफरिन) की मुख्य सड़क करीब 30 फीट चौड़ी है। इसके आधे हिस्से में अस्पताल आने वाले मरीज-तीमारदार अपने वाहन खड़ा कर देते हैं। अवैध रूप से दुकानें भी लगाई जाती हैं। रोड संकरी होने से जाम की स्थिति बनती है। वाहन और एंबुलेंस रेंग-रेंगकर निकलते हैं। गर्भवती महिलाओं को इमरजेंसी तक पहुंचने में समय लग जाता है। इसके बावजूद अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। अस्पताल की करोड़ों की जमीन पड़ी है। इस भूमि पर पार्किंग बनाने की बजाए मोटर गैराज चल रहा है। करीब पांच हजार वर्ग फिट में गैराज खुला है, लेकिन उसे खाली नहीं कराया जा रहा है। सीएमएस डॉ. रंजना प्रसाद ने बताया अस्पताल के पिछले हिस्से में खाली पड़ी जमीन अस्पताल की है। बताया उस जमीन पर खुले गैराज को हटवाया जाएगा ताकि वहां पर पार्किंग बनाई जा सके।

## तीन विमान किए गए लखनऊ डायवर्ड

**अमृत विचार, सरोजनीनगर:** वाराणसी का मौसम खराब होने से मंगलवार सुबह दिल्ली से वाराणसी जा रही इंडिगो एयरलाइंस के विमान (6ई-2211) को लखनऊ एयरपोर्ट पर डायवर्ट किया गया। ये विमान सुबह 4:55 बजे दिल्ली से रवाना हुआ था और 6:25 बजे वाराणसी पहुंचना था। विमान को सुबह 6:42 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर उतारा गया। करीब डेढ़ घंटे तक 92 यात्री और क्रू मेंबर विमान में ही बैठे रहे। प्रयागराज एयरपोर्ट पर दोपहर के समय एयरफोर्स के अभ्यास के चलते उड़ानों का संचालन कुछ देर के लिए प्रभावित रहा। दिल्ली से प्रयागराज पहुंचे विमान (6ई-5076) को दोपहर 12:20 बजे लैंडिंग की अनुमति नहीं मिली। इस विमान को भी लखनऊ डायवर्ट किया गया। मुंबई से दोपहर 2:15 बजे प्रयागराज पहुंचने वाले विमान (6ई-6937) को भी लखनऊ डायवर्ट किया गया।

# ऐशबाग रेलवे ओवरब्रिज से जालियां गायब, ट्रैक पर गिरने का खतरा

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- लोहे की दो फिट ऊंची ग्रिल सुरक्षा के लिए नाकाफी
- रखरखाव बिना ओवरब्रिज बदहाली का शिकार

**अमृत विचार :** चारबाग स्थित नाका से हैदरगंज चौराहे को जोड़ने के लिए ऐशबाग रेलवे ओवरब्रिज सेतु का काम करता है। पुराने लखनऊ से लेकर राजाजीपुरम तक बड़ी आबादी इस पुल से रोज गुजरती है। इस पुल को सीआरआरआई ने सितंबर 2018 में ही जर्जर घोषित कर दिया था। इस ओवरब्रिज पर भारी वाहनों का प्रवेश बंद है। रखरखाव के बिना यह सेतु बदहाली का शिकार हो गया है। पुल पर सुरक्षा के लिए लगीं जालियां भी गायब हो चुकी हैं।

ओवरब्रिज के दोनों ओर केवल दो फिट ऊंची लोहे की ग्रिल लगी हैं, जिससे नीचे रेलवे ट्रैक पर गिरने से जान जाने का खतरा बना रहता है। जालियों के अभाव में रेलवे ट्रैक पर गिरने से कोई बड़ा हादसा हो सकता है। रेलवे और न लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को कोई फिक्र है। शायद जिम्मेदारों को किसी बड़े हादसे का इंतजार है।



ऐशबाग के रेलवे ओवरब्रिज पर टूटी जाली। अमृत विचार

> सड़क सुरक्षा के तहत इस बार यह कार्ययोजना में है। एक दो महीने में स्वीकृति मिल जाने पर जाली लगाने का कार्य हो जाएगा। ट्रैक के ऊपर रेलवे देखता है, एप्रोच पर पीडब्ल्यूडी लगवा देगा।
>
> **-सत्येंद्र नाथ,** अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग

### पुल से रेलवे ट्रैक पर कूदने का बना रहता है खतरा

- ओवरब्रिज पर लगीं लोहे की ग्रिल सुरक्षा के लिए नाकाफी हैं। पुल पर ट्रैक के दोनों ओर जाली न होने से ट्रैक पर कूदने का खतरा बना रहता है। ट्रैक ऊपर ओवरब्रिज पर सुरक्षा के लिए लगीं जालियां गायब हैं। यहां से कोई भी आसानी से सीधे ट्रैक पर गिर सकता है। रेलवे ट्रैक के ठीक ऊपर सुरक्षा जालियां लगी होनी चाहिए।

# सोलर सिस्टम लगवाया, अब लगा रहे चक्कर

## बिल में नाम बदलवाने और कनेक्शन अपडेट कराने के लिए उपभोक्ता परेशान

नीरज मिश्र अभिषेक, लखनऊ

**अमृत विचार :** सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए सरकार सब्सिडी समेत तमाम योजनाएं चला रही है, लेकिन लेसा के अधिकारी और कर्मचारी सोलर सिस्टम लगवाने वाले उपभोक्ताओं की समस्याएं बढ़ा रहे हैं। इसके चलते बड़ी संख्या में उपभोक्ता सरकारी नियमानुसार सोलर पैनल लगवाने में हिचक रहे हैं।

लखनऊ में 14 लाख से अधिक बिजली उपभोक्ता हैं। बढ़ती बिजली की दरों के चलते शहर में सोलर कनेक्शन लेने में लोगों की दिलचस्पी बढ़ रही है। 15 प्रतिशत से अधिक के घरों में सोलर सिस्टम लगाए जा चुके हैं। लखनऊ इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई एडमिनिस्ट्रेशन (लेसा) उपभोक्ताओं को सुविधा देने की बजाए रोड़े अटका रहा है। सोलर सिस्टम लगाने के बाद बिजली बिल बदलवाने या अन्य जानकारी अपडेट कराने के फार्म जमा करने के बाद महीनों इंतजार करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं का कहना है कि सोलर कनेक्शन बिजली कनेक्शन धारक को ही मिलता है।

इसके बाद बिल में सुधार के लिए आवेदन करने पर विभाग तरह-तरह की आपत्तियां लगा देता है। समस्याओं के निस्तारण के लिए लेसा के अधिकारी न तो स्पष्ट जवाब देते हैं, न ही समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाते हैं। कई लोगों ने सोलर सब्सिडी या नेट मीटरिंग की सुविधा से वंचित करने के आरोप भी लगाए हैं।

मुख्य अभियंता ट्रांसगोमती वीपी सिंह का कहना है कि सभी अधिकारियों को उपभोक्ताओं के सोलर आवेदनों के जल्द निस्तारण के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। फिर भी कोई समस्या आती है, तो संबंधित उपकेंद्र के अधिशासी अभियंता से उपभोक्ता अपनी समस्या के समाधान के लिए मिल सकता है। कोई दिक्कत आ रही तो टोल फ्री नंबर पर शिकायत करें। निस्तारण और कार्रवाई की जाएगी।

- राजधानी में 14 लाख से अधिक हैं बिजली उपभोक्ता
- अब तक 15 प्रतिशत से अधिक घरों में लगे सोलर

**केस 1** महानगर निवासी अजय वर्मा ने बताया कि वह अपने यहां सोलर लगवाना चाहते है, लेकिन बिजली बिल में नाम बदले होने के कारण वह सोलर के लिए आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। बिल में नाम बदलवाने के लिए महीने भर से उपकेंद्र के चक्कर लगा रहे हैं, फिर भी न तो नाम बदल पा रहा और न ही हम सोलर के लिए आवेदन कर पा रहे हैं। अधिकारी जल्द ही समस्या के समाधान का आश्वासन तो दे रहे हैं, लेकिन समस्या कब दूर होगी बताने वाला कोई नहीं।

**केस 2** इसी तरह विकासनगर निवासी विजय जैन ने बताया कि उन्होंने दो से पांच किलोवॉट का सोलर सिस्टम लगवाने के लिए आवेदन किया। सभी तरह की कागजी कार्रवाई को पूरा करने के बाद सिस्टम तो लग गया, लेकिन सब्सिडी आज तक नहीं मिली। सब्सिडी के लिए अधिकारियों के कार्यालयों का चक्कर लगा रहे हैं। कोई भी जिम्मेदार अधिकारी सही जवाब नहीं दे रहा है। इसके कारण हमें आर्थिक संकट से भी गुजरना पड़ रहा है। यही नहीं अन्य उपकेंद्रों पर सोलर कनेक्शन में दिक्कतें आ रही हैं। लोग वैकल्पिक ऊर्जा का लाभ नहीं पा रहे हैं।

**खोज** लखनऊ विश्वविद्यालय की सहायक प्रोफेसर डॉ. नेहा साहू की अगुवाई किया गया शोध

# थकान से जमा लैक्टेट में कैंसर के इलाज की संभावनाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अत्यधिक थकान में मांसपेशियों में जमा होने वाले लैक्टेट में कैंसर के इलाज की संभावनाएं छिपी हैं। लैक्टेट रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के साथ मस्तिष्क के लिए सुरक्षा कवच भी बनाता है, लेकिन कैंसर और स्ट्रोक को बढ़ावा देता है। ये आश्चर्यजनक परिणाम आए लखनऊ विश्वविद्यालय की वनस्पति विज्ञान विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. नेहा साहू के शोध में सामने आए हैं। साहू के अनुसार लैक्टेट में कैंसर के खिलाफ लड़ाई के सूत्र भी छिपे हुए हैं। लैक्टेट के साथ क्रिया करने वाले एंजाइम्स का अध्ययन करना होगा, ये कैंसर कोशिकाओं को मिलने वाले पोषण को रोक सकते हैं।

- लैक्टेट हृदय रोग से सुरक्षा तो कैंसर कोशिकाओं की करता है मदद




लैक्टेट की वैज्ञानिक संरचना

अभी तक ये समझा जाता रहा है कि केवल मांसपेशियों की थकान के कारण लैक्टेट निर्माण होता है। इस शोध के बाद मेडिकल साइंस में कई बड़े बदलाव हो सकते हैं। शोध में सामने आया है कि लैक्टेट केवल थकान का संकेतक नहीं, बल्कि एक सिग्नलिंग मॉलीक्यूल है। ये मेटाबॉलिज़्म, रोग प्रतिरोधक प्रणाली, मस्तिष्क क्रिया और आंतों की सूक्ष्मजीव समुदाय (गट माइक्रोबायोटा) को आपस में जोड़ता है। इस अध्ययन की सबसे खास बात है लैक्टेट के विरोधाभासी गुणों पर किया गया खुलासा। एक ओर यह कैंसर और स्ट्रोक जैसी बीमारियों को बढ़ावा देता है, वहीं नियंत्रित स्तरों पर यह मस्तिष्क की रक्षा करता है, प्रतिरक्षा प्रणाली को मज़बूत बनाता है और सहनशक्ति बढ़ाता है।

### कैंसर चिकित्सा के लिए उम्मीद

- डॉ. नेहा साहू ने बताया कि वॉरबर्ग इफ़ेक्ट के तहत लैक्टेट अणु कैंसर कोशिकाओं को ऊर्जा देता है। नियंत्रित मात्रा में वही अणु मस्तिष्क की रक्षा, प्रतिरक्षा को सशक्त और शारीरिक क्षमता को बेहतर बनाता है। आंतों में लैक्टेट का उपभोग करने वाले गट बैक्टीरिया स्वास्थ्य को सुधारने के लिए प्रोबायोटिक और आहार संबंधी नए उपायों का मार्ग भी प्रशस्त करते हैं। यह शोध लैक्टेट को एक "आशा के अणु" के रूप में देखता है जिसमें अधिक मात्रा में यह हानिकारक है तो संतुलन में यह कैंसर, संक्रमण, चयापचय (मेटाबॉलिक) और तंत्रिका संबंधी रोगों के इलाज की नई संभावनाएँ खोल सकता है।



प्रोफेसर डॉ. नेहा साहू

### शोध में इन्होंने लिया हिस्सा

- एमोरी यूनिवर्सिटी (अमेरिका) के डॉ. सुधीर कुमार, लखनऊ विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. नेहा साहू, इमाम मोहम्मद इब्न सऊद इस्लामिक यूनिवर्सिटी (सऊदी अरब) के डॉ. तल्हा जावेद, यूनिवर्सिटी टेक्नोलॉजी मारा (मलेशिया) के डॉ. हनीश सिंह जयसिंह चेल्लमल और हार्वर्ड मेडिकल स्कूल (अमेरिका) के डॉ. प्रभात उपाध्याय (संपर्क लेखक) की टीम का समीक्षा शोध फ्रंटियर्स ऑफ फिजियोलॉजी में प्रकाशित हुआ है। जिसका शीर्षक है ड्यूल रोल ऑफ लैक्टेट इन ह्यूमन हेल्थ एंड डीसीज।

# टाउनशिप नहीं की ध्वस्त, दबा गए आदेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** शहर में बिना मानचित्र के विकसित की गईं टाउनशिप ध्वस्तीकरण आदेश के बाद भी कार्रवाई नहीं की गई। प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा के दौरान प्रवर्तन के अवर अभियंताओं की लापरवाही उजागर हुई। इस पर उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने चेतावनी देकर 15 दिन के अंदर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

बिल्डरों व डेवलपर ने बिना एलडीए से मानचित्र स्वीकृति कराए बिना प्लाटिंग की और टाउनशिप विकसित की थी, जो अवैध निर्माण होने पर ध्वस्तीकरण के आदेश विहित प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए थे। कोर्ट ने भी कार्रवाई के आदेश प्राधिकरण को दिए थे। इसके बाद भी अवर अभियंताओं द्वारा दो माह से ध्वस्तीकरण नहीं किया गया। उपाध्यक्ष ने प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा की तो कई ऐसी टाउनशिप सामने आईं जो ध्वस्त नहीं की गई। आदेशों का उल्लंघन करने पर संबंधित अवर अभियंताओं को कार्रवाई की चेतावनी दी है। अन्य अवैध निर्माण पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

### लापरवाही पर जनेश्वर मिश्र पार्क की हटेगी कंपनी

- उपाध्यक्ष ने पिछले सप्ताह गोमती नगर स्थित जनेश्वर मिश्र पार्क का निरीक्षण किया था। परिसर में गदंगी और पेड़ पौधों की छटाई न होने पर नाराजगी जताई थी। संचालन व देखरेख करने वाली कंपनी के अधिकारियों को फटकार लगाई थी। इससे पहले भी लापरवाही पर कंपनी को चार नोटिस और जुर्माना लगाया गया था। फिर भी सुधार न होने पर कंपनी को हटाकर नये सिरे से टेंडर करके दूसरे का चयन किया जाएगा।

## सिटी ब्रीफ

### सोशल मीडिया पर किया बदनाम, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला ने पति की पूर्व पत्नी पर सोशल मीडिया पर फोटो पोस्ट कर बदनाम करते हुए प्रताड़ित और अभद्र टिप्पणी करने के आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने बताया कि उनके पति की पूर्व पत्नी सना खान वर्तमान में नोएडा के लोटस बुलेवार्ड अपार्टमेंट में रहती हैं। आरोप है कि सना खान पिछले कुछ दिनों से उन्हें और रिश्तेदारों को आपत्तिजनक मैसेज भेज रही हैं। वह पति को भी भड़काने की कोशिश करती है। यही नहीं फर्जी फेसबुक आइडी बनाकर उनकी फोटो पोस्ट कर अभद्र टिप्पणी करती हैं। प्रताड़ना व तनाव से उनके गर्भ में पल रहा बच्चा भी प्रभावित हो रहा है। यही नहीं आरोपी सना की हरकतों के चलते उनका दाम्पत्य जीवन भी प्रभावित हो रहा है। पीड़िता ने थाने में इंस्पेक्टर से शिकायत करते हुए फेसबुक पोस्ट के स्क्रीनशाट भी उपलब्ध कराए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

### जमीन का सौदा कर ठगे 4.50 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ :** बीबीडी के हासेमऊ इलाके में प्लॉट दिलाने के नाम पर दो जालसाजों ने एक व्यक्ति से 4.50 लाख रुपये हड़प लिए। डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह के आदेश पर बीबीडी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। महानगर के बादशाहनगर राजकीय कॉलोनी निवासी रामकेवल ने बताया कि बीबीडी इलाके के हासेमऊ में जमीन खरीदने के लिए परिचित राहुल जौहरी से बात हुई थी। आरोप है कि राहुल ने संजय कुमार सिंह को प्रॉपर्टी डीलर बता कर उससे मुलाकात कराई। दोनों ने मिलकर एक जमीन का सौदा तय कराया। उसके लिए दोनों ने 1.5 लाख नकद व 3 लाख रुपये खाते में ले लिया। रजिस्ट्री में टालमटोल देख पीड़ित ने रुपये वापस मांगे तो आरोपियों ने धमकाया। पीड़ित ने बीबीडी थाने में राहुल व संजय के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर राम सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### टूर पैकेज के नाम पर ऐंठे 2.10 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ :** केदारनाथ-बद्रीनाथ के टूर पैकेज में हेलीकॉप्टर सर्विस के नाम पर जालसाज ने 2.10 लाख रुपये ऐंठ लिए। जानकीपुरम के शुक्ला चौराहा निवासी विनोद कुमार यादव ने बताया कि केदारनाथ, बद्रीनाथ टूर पैकेज के लिए गूगल के माध्यम से हेलीकॉप्टर सर्विस के लिए बलवंत कान्याल निवासी रामनगर उत्तराखंड से संपर्क किया था। पीड़ित ने छह लोगों के पैकेज के लिए बात की। जिसपर आरोपी ने 2.10 लाख रुपये की मांग की थी। उसके बाद भी पैकेज नहीं मिला। संपर्क कर पीड़ित ने रुपये वापस मांगे तो आरोपी ने धमकाया। पीड़ित ने जानकीपुरम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर विनोद कुमार तिवारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### अंसल निदेशकों पर एक और रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** अंसल निदेशकों पर एक और रिपोर्ट दर्ज की गई है। सुशांत गोल्फ सिटी उपेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। गोरखपुर के बशारतपुर निवासी योगेंद्र नाथ उपाध्याय ने बताया कि वर्ष 2012 में प्लॉट खरीदने के लिए सुशांत गोल्फ सिटी स्थित अंसल प्रॉपर्टीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर में संपर्क किया था। पीड़ित ने प्लॉट बुक कर खाते में 12,88,491 रुपये दिए थे। कंपनी ने एक साल के अंदर प्लॉट पर कब्जा देने का आश्वासन दिया था। तय समय बाद संपर्क करने पर टालमटोल की गयी। 13 साल तक आनाकानी देख पीड़ित ने सुशांत गोल्फ सिटी थाने में प्रणव अंसल, सुशील अंसल व प्रमिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### परिचित पर 3.80 लाख हड़पने की रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** सुशांत गोल्फ सिटी थाने में एक व्यक्ति ने परिचित के खिला 3.80 लाख रुपये हड़पने की रिपोर्ट दर्ज करायी है। हसनपुर खेवली निवासी जितेंद्र पाल ने बताया कि अक्टूबर 2023 में धर्मेंद्र सिंह निवासी विनीतखंड-6 ने संपर्क कर जमीन संबंधी कार्य के लिए कुछ रुपयों की मांग की थी। भरोसा कर जितेंद्र ने 3.80 लाख रुपये दिए थे। तय समय बाद आरोपी रुपये वापस करने के लिए आनाकानी करने लगा। पुलिस आयुक्त के आदेश पर मामले की जांच शुरू हुई। आरोपी ने 21 जून तक रुपये वापस करने का आश्वासन दिया, लेकिन रुपये वापस नहीं किए। पुलिस आयुक्त के आदेश पर सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने धर्मेंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# ग्रामीण बैंक का असिस्टेंट मैनेजर चला रहा था सॉल्वर गिरोह

## गिरोह में यूको बैंक का स्केल-1 अधिकारी, इफको बैंक का क्लर्क भी शामिल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सॉल्वर गिरोह के सभी सदस्य बिहार के निवासी
- बीटेक, बीएससी, बीएड और पोस्टग्रेजुएट बनते थे सॉल्वर

**अमृत विचार :** लखनऊ कमिश्नरेट पुलिस ने बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान (आईबीपीएस) क्लर्क परीक्षा में सॉल्वर गिरोह का खुलासा किया। गिरोह का सरगना संभल जिले की खबूपुरा स्थित यूपी ग्रामीण बैंक का असिस्टेंट मैनेजर आनंद कुमार है।

बिहार से सॉल्वर बुलाकर अलग-अलग लोगों के स्थान पर परीक्षा दिलाता था। इस गिरोह में इसके अलावा यूको बैंक का स्केल-1 अधिकारी, ग्रामीण बैंक और इफको का क्लर्क शामिल है। गिरोह के सभी सदस्य बिहार से ताल्लुक रखते हैं। सरगना बीटेक, बीएससी, बीएड और पोस्टग्रेजुएट कर चुके लोगों ही सॉल्वर बनाता था। पुलिस के मुताबिक आनंद असली के स्थान पर फर्जी अभ्यर्थी बैठाने का इंतजाम करता था। गिरोह का दलाल रोहित असली अभ्यर्थी को आनंद के पास लेकर जाता था। वहीं परीक्षार्थियों का फार्म भरते समय फर्जी अभ्यर्थी व वास्तविक अभ्यर्थी के फोटो के फेस मिक्सिंग एप और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल करके दो चेहरों को 70 प्रतिशत एक जैसा बनाते है। जिससे फर्जी अभ्यार्थी/सॉल्वर परीक्षा केन्द्र पर पकडे न जायें। परीक्षार्थी के आधार कार्ड में फर्जीवाड़ा कर साथ साल्वर को परीक्षा केंद्र पर भेजते है।



साल्वर गैंग के गिरफ्तार आरोपी और खुलासा करते पुलिस अधिकारी।

### गिरोह में बैंक के स्केल-1 अधिकारी भी शामिल

- इंस्पेक्टर बिजनौर ने बताया कि मुख्य सरगना आनंद कुमार यूपी ग्रामीण बैंक संभल में असिस्टेंट मैनेजर है। वहीं, भागीरथ शर्मा उर्फ चन्दन मुरादाबाद के ग्रामीण बैंक में क्लर्क, सुधांशु कुमार यूको बैंक में स्केल-1 अधिकारी, मुकेश कुमार इफको में क्लर्क के पद पर तैनात है। अन्य सदस्यों में गौरव पोस्ट ग्रेजुएट, हर्ष जोशी और आशीष रंजन बीएससी का छात्र, धनंजय बीएड का छात्र, राजीव नयन बीटेक किये हुए है।

### दो लाख रुपये सरगना, 3.20 में पूरा गिरोह

- इंस्पेक्टर बिजनौर शिवशंकर महादेवन के मुताबिक पूछताछ में सामने आया कि गिरोह के सभी सदस्यों को काम बंटा हुआ है। एक अभ्यर्थी को परीक्षा पास कराने के लिए 5 से 6 लाख रुपये में सौदा तय होता था। इसमें गिरोह का सरगना आनंद दो लाख रुपये रख लेता था।प्रारम्भिक परीक्षा बैठने वाले सॉल्वर को 20 हजार रुपये, मुख्य परीक्षा के सॉल्वर को एक लाख रुपये, नौकरी लगने के बाद दो लाख रुपये वसूले जाते हैं। इनमें से कई फर्जी अभ्यर्थी हैं जो लखनऊ में विभिन्न केंद्रों पर परीक्षा देने आए थे।



बरामद किया गया सामान।

### बंटा था सबका काम

- एसीपी कृष्णानगर विकास पांडेय के मुताबिक गिरोह के सभी सदस्यों का काम बंटा हुआ है। आनंद कुमार गिरोह का मुख्य सरगना है। इसमें सरगना मुकेश कुमार, आशीष रंजन, धनंजय सौरभ और भागीरथ शर्मा हैं। वहीं, सॉल्वर की भूमिका में अभिषेक कुमार, हर्ष जोशी, राजीव नयन पांडेय और सुधांशु निभाते है। सही अभ्यर्थी के रुप में गौरव आदित्य, योगेंद्र कुमार और आकाश दीप की पहचान हुई। वहीं कुछ अज्ञात अभ्यर्थियों की तलाश की जा रही है। दलाल की भूमिका में रोहित है। पुलिस टीम योगेंद्र, आकाश, शिवकुमार और रोहित की तलाश में जुटी है।

### सिटी लॉ कॉलेज में भी पकड़ा गया था सॉल्वर

- **अमृत विचार, लखनऊ:** जानकीपुरम स्थित सिटी लॉ कॉलेज परीक्षा केंद्र में रविवार को आईबीपीएस, सीआरपीएस,एसए, एक्सवी परीक्षा के दौरान एक फर्जी परीक्षार्थी को पकड़ लिया गया। टीचर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है। उसके खिलाफ मंगलवार को रिपोर्ट दर्ज किया गया। इंस्पेक्टर जानकीपुरम विनोद तिवारी ने बताया कि परीक्षा केंद्र पर उम्मीदवारों की एंट्री के दौरान एक संदिग्ध युवक को चेकिंग टीम ने रोक लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम जितेंद्र कुमार बताया, लेकिन जांच में उसका असली नाम बिहार निवासी राजीव कुमार होना पाया गया। आरोपी ने स्वीकार किया कि वह नेहाल कुमार नामक अभ्यर्थी की जगह परीक्षा देने आया था।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से भाई-बहन की मौत

## ठाकुरगंज में मार्निंग वॉक के बाद बाइक से लौटते समय हुआ हादसा, चालक वाहन छोड़कर भागा

संवाददाता, चौक

**अमृत विचार :** ठाकुरगंज स्थित रिंग रोड चौकी के पास मंगलवार सुबह मार्निंग वॉक के बाद से लौटते समय भाई-बहन की बाइक में बेकाबू ट्रैक्टर ट्रॉली ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों की मौत हो गई, चालक ट्रैक्टर ट्रॉली छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है।

माल के रामनगर ढकवा गांव निवासी प्रॉपर्टी डीलर सतीश कुमार परिवार संग ठाकुरगंज के न्यू हैदरगंज स्थित ससुराल में रहते हैं। उनकी बेटी श्वेता (25) निजी कॉलेज से बीफार्मा की पढ़ाई कर रही थी। मंगलवार तड़के श्वेता मार्निंग वॉक पर निकली थी। कुछ देर बाद उसने भाई अतुल कुमार (23) को ले जाने के लिए बुलाया। दोनों बाइक से घर जा रहे थे, रिंग रोड चौकी के पास बजरंगनगर मोड़ पर बेकाबू ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से भाई-बहन सड़क पर जा गिरे। हादसा होते ही चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग निकला। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। डॉयल-112 पर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायल भाई-बहन को ट्रामा सेंटर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। चचेरे भाई श्रवण ने बताया कि अतुल हाईस्कूल करने के बाद खेती और प्रॉपर्टी के काम में लगा था। इंस्पेक्टर ओमवीर सिंह चौहान ने बताया कि पिता सतीश की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी चालक को पकड़ लिया गया है। घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।





मृतक अतुल और श्वेता के फाइल फोटो।

### गांव में किया गया अंतिम संस्कार

- पोस्टमार्टम के बाद शाम को अतुल व श्वेता का शव गांव ले जाए गए। वहां शाम को दोनों अंतिम संस्कार कर दिया गया। गांव से एक साथ सगे भाई बहनों की अर्थी उठी तो हर किसी की आंख नम हो गई।



हादसे के बाद रोते बिलखते मृतकों के परिजन और रिश्तेदार। अमृत विचार

### सुनी हो गई गोद

- किसे पता था कि मंगलवार सुबह सतीश और उसकी पत्नी कुसुमलता के लिए मनहूस खबर आने वाली है। बेटे और बेटी की मौत की सूचना मिलते ही मां कुसुमलता की गोद सुनी हो गई। पिता सिर पकड़कर जमीन पर बैठ गए। बच्चों को अच्छी परवरिश देने के माता-पिता माल का घर छोड़कर ठाकुरगंज आए थे। बेटे का पढ़ाई में दिल नहीं लगा तो पिता ने अपने साथ लगा लिया। पढ़ाई में तेज बेटी श्वेता डीफार्मा कर रही थी। वह पढ़ाई के बाद नौकरी की तैयारी में थी। घटना के बाद से परिवार के आंसू रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं।

# कल बदली रहेगी राजधानी की यातायात व्यवस्था

कार्यालय संवददाता, लखनऊ

- कांशीराम के 19वें परिनिर्वाण दिवस पर कई आयोजन

**अमृत विचार:** कांशीराम का 19वां परिनिर्वाण दिवस गुरुवार 9 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इस दिन कांशीराम स्मारक स्थल बंगला बाजार चौराहा, पुराना जेल रोड पर सुबह श्रद्धासुमन अर्पित करने का कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसे देखते हुए राजधानी की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है।

यह जानकारी मंगलवार देर शाम को डीसीपी यातायात कमलेश दीक्षित ने दी। यह व्यवस्था कार्यक्रम समाप्ति तक जारी रहेगी। इस दौरान एम्बुलेन्स, शव वाहन, फायर सर्विस, स्कूली वाहन को प्रतिबंधित मार्ग से जाने की अनुमति होगी। इसके लिए यातायात कंट्रोल रूम के नंबर 9454405155 पर सूचना देनी होगी।

### यहां रहेगी रोक

- कानपुर मार्ग, आलमबाग, पारा से बाराबिरवा चौराहा, गीतापल्ली मोड़, बंगला बाजार चौराहा की तरफ।
- बगलाबाजार पुल चौराहा से गीतापल्ली मोड़, काशीराम स्मारक स्थल, पकरी पुल चौराहा, बाराबिरवा चौराहा की तरफ।
- चारबाग/केकेसी की तरफ से कुँवर जगदीश चौराहा से जेल हाउस चौराहा, बगलाबाजार चौराहा की तरफ।
- गोमतीनगर, हजरतगंज से अमौसी एयरपोर्ट, कानपुर रोड से कुंवर करियप्पा चौराहा से कुंवर जगदीश चौराहा, जेल हाउस चौराहा, काशीराम स्मारक स्थल की तरफ।
- फतेह अली तालाब चौराहा से जेल हाउस, बंगला बाजार चौराहा की तरफ।
- रायबरेली मार्ग से तेलीबाग पुल चौराहा व बंगलाबाजार पुल चौराहा की तरफ।
- सुभानीखेड़ा चौराहा, गन्ना अनुसंधान तिराहा से एसीपी कैंट कार्यालय मोड़ की तरफ।

### यहां से जाएं

- ये वाहन बोद्ध बिहार (बदनाम लड्डू) मार्ग व आलमबाग चौराहा, टेढ़ी पुलिया आलमबाग चौराहा, पिकेडली तिराहा होते हुए।
- ये वाहन बंगलाबाजार पुल पारकर बौद्धबिहार मार्ग, बंगलाबाजार पुलिस चौकी तिराहा, किला चौराहा, जेल हाउस चौराहा, फतेहअली तालाब तिराहा होकर।
- ये वाहन फतेहअली तलाब, आलमबाग अथवा छप्पन चौराहा, करियप्पा चौराहा होकर।
- ये वाहन करियप्पा चौराहा से तेलीबाग चौराहा, उतरेठिया चौराहा, शहीद पथ होकर।
- ये वाहन आलमबाग टेढ़ीपुलिया अथवा कुँवर जगदीश चौराहा, करियप्पा चौराहा होकर।
- ये वाहन तेलीबाग बाजार, सुभानीखेड़ा चौराहा, करियप्पा चौराहा होकर।
- ये वाहन तेलीबाग बाजार, तेलीबाग चौराहा अथवा करियप्पा चौराहा होकर।

# सड़क हादसों में वृद्धा समेत तीन की गई जान

कार्यालय संवाददाता

- इटौंजा में अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत
- दुबग्गा और बंथरा में मृत अधेड़ व महिला की शिनाख्त नहीं

**अमृत विचार :** अलग-अलग सड़क हादसों में मंगलवार को साइकिल सवार अधेड़ की मौत समेत हो गई। हादसे में मृत एक अधेड और महिला की पहचान नहीं हो पाई है। अधेड़ सफेद रंग का फूलदार शर्ट, काले रंग की लोअर और हरे रंग का कुर्ता व लाल रंग की सलवार पहने थी।

दुबग्गा इंस्पेक्टर अभिनव कुमार वर्मा ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब 9:20 दुबग्गा सीतापुर बाईपास रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार अधेड़ (55) तरह घायल हो गया। उसे ट्रामा सेंटर पहुंचाया गया, इलाज के दौरान मौत हो गई। जेब में मोबाइल या ऐसा कागज नहीं मिला जिससे पहचान हो सके। अधेड़ सफेद रंग का फूलदार शर्ट, काले रंग की लोअर पहने था।

इटौंजा में राष्ट्रीय राजमार्ग सीतापुर पर पालपुर गांव के निकट लालमन (35) निवासी पृथ्वीपुर इटौंजा अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। पुलिस ने सीएचसी इटौंजा भेजा, जहां से डॉक्टर ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान लालमन की मौत हो गई। पिता श्रीकृष्ण ने बताया कि लालमन सुबह मां को 100 रुपये देकर काम पर जाने की बात कहकर शहर गया था। रात में घर नहीं पहुंचा तो परिजन को लगा कि इटौंजा दशहरा मेला देखने के लिए गया होगा। सोशल मीडिया पर फोटो देखने के बाद मंगलवार शाम को परिजन को जानकारी हुई।

उधर, बंथरा में शिव शक्ति ढाबे के पास मंगलवार दोपहर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 65 वर्षीय महिला की मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि मानसिक विक्षिप्त महिला कानपुर रोड किनारे पिछले कई दिनों से घूम घूम कर मांगती खाती थी। शव की पहचान नहीं हो सकी है। मृतका के शरीर पर हरे रंग का कुर्ता और लाल रंग की सलवार थी।

# क्राइम ब्रांच के अधिकारी बन इंटर के छात्र को किया अगवा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।

- एक आरोपी को अलीगंज पुलिस ने दबोचा, अन्य की तलाश जारी

**अमृत विचार :** अलीगंज पुलिस ने क्राइम ब्रांच का अधिकारी बन इंटर के छात्र को अगवा करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। वहीं अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। आरोपियों ने छात्र को बंधक बनाकर पीटा और रुपये मांगे थे।

इंस्पेक्टर अलीगंज अशोक कुमार सोनकर के मुताबिक मोमीन नगर सआदतगंज निवासी शब्बो खातून ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उनका बेटा अशफाक इंटर का छात्र है। शनिवार रात 9 बजे दोस्त अयान अपने साथ चाय पिलाने के बहाने अलीगंज लेकर गया। वापस आते समय अयान ने एक अन्य साथी एक्सयूवी से पहुंचे। दोनों को गाड़ी में बैठा लिया। कार सवारों ने खुद को क्राइम ब्रांच बताया और गेमिंग में फंसाकर जेल भेजने की धमकी देने लगे। उसको मारापीटा और जबरन वीडियो भी बनाई। छोड़ने के बदले में दो लाख रुपये क मांग की। डराने के लिए अलीगंज थाने लेकर गये। लेकिन वहां बाहर से ही वापस चले आये। इस मामले में पुलिस ने दीपेंद्र कुमार सिंह उर्फ सिद्धार्थ सिंह को गिरफ्तार किया है। वह रहीमनगर डुडौली का रहने वाला है। पूछताछ में दीपेंद्र ने कुबूल किया कि वह अयान व उसके भाई सलमान के साथ मिलकर योजना बनाकर अशफाक को बंधक बनाकर पीटा और रुपये मांगे थे। बताया कि योजना के तहत अयान ने अपने भाई सलमान को बुलाया। सलमान के आने के बाद अशफाक को बताया गया कि रुपये दे दिये गये हैं। उसे घर ले जाकर छोड़ा गया। इसके बाद दो लाख रुपये का दबाव बनाने लगे। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी ने जिस गाड़ी का प्रयोग वारदात में किया था उसे बरामद कर लिया गया है।



त्योहार आने के साथ ही शहर में जाम की समस्या बढ़ गई है। मुख्य बाजारों के अलावा अन्य मार्गों पर भी आए दिन जाम लग रहा है। मंगलवार को हनुमान सेतु मंदिर से परिवर्तन चौराहे की ओर जाने वाली सड़क पर लगे जाम में फंसे वाहन। अमृत विचार

### 10 हजार का इनामी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** चिनहट पुलिस ने फायरिंग कर हत्या के प्रयास करने वाले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से देसी पिस्टल, दो कारतूस व मैगजीन बरामद की है। आरोपी पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित था।

डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने बताया कि विकल्पखंड स्थित सीबीसीआईडी कॉलोनी में शैलेंद्र वर्मा ने 1 अक्टूबर को चिनहट कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि आरोपी आशुतोष मिश्रा, सत्यम, उत्कर्ष और अभय प्रताप समेत तीन-चार अन्य लोगों ने उनपर फायरिंग की थी। हमले में वे बाल-बाल बच गए थे।

**खुलासा** | 10 दिन में डॉक्टर समेत दो लोगों की छीनी थी चेन

# चेन खींचने वाला उबर चालक साथी संग गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लूटी गई चेन के दो टुकड़े, 49 हजार रुपये, बाइक बरामद

**अमृत विचार:** शाहखर्ची के लिए चेन लूट की वारदातों को अंजाम देने वाले उबर चालक व उसके साथी को गोमतीनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पिछले दस दिन में डॉक्टर समेत दो की चेन खींची थी। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटी गयी चेन के टुकड़े, 49 हजार रुपये व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की है।

डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों में ठाकुरगंज के सनराज अस्पताल के पास रहने वाला मजहर और सआदतगंज झरियन तालाब वजीरबाग निवासी फैसल है। आरोपी मजहर की ट्रेडर्स की दुकान है और फैसल उबर चालक है। आरोपियों ने 28 सितंबर को गोमतीनगर के विशालखंड में हीरालाल यादव की झपट्टा मार कर चेन लूटी थी। इसके बाद 6 अक्टूबर को विरामखंड निवासी डॉ. सौम्येंद्र विक्रम सिंह की चेन खींच ली थी।

घटना के बाद पुलिस ने छानबीन की तो सीसी कैमरों में लुटेरे कैद मिले। जिसके बाद इंस्पेक्टर गोमतीनगर बृजेश चंद्र तिवारी व उनकी टीम ने दयाल चौराहे के पास से दोनों को दबोच लिया। आरोपियों ने शाहखर्ची के लिए लूट की बात स्वीकार की है। पुलिस आरोपियों का आपराधिक इतिहास खंगाल रही है।





चेन लूटने के आरोपी और खुलासा करते पुलिस अधिकारी।

# प्लॉट के नाम पर कल्याणी इंफ्रा निदेशक के हड़पे 1.26 करोड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- डीसीपी साउथ के आदेश पर सुशांत गोल्फ सिटी थाने में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** रियल एस्टेट कंपनी कल्याणी इंफ्रा के निदेशक ने पांच किसान व दो प्रॉपर्टी डीलर पर 1.26 करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल के आदेश पर सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर उपेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

अर्जुनगंज के शाहखेड़ा निवासी आलोक कुमार यादव कल्याणी इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक हैं। वह वर्ष 2022 में प्रापर्टी डीलर अजीत सिंह व संजय सिंह से मिले।

उन्होंने ग्राम सोनई कजेरा में जमीन दिखाई। आलोक ने किसान रीता देवी को 15 लाख, बराती लाल को 36 लाख, अरविंद रावत को 6 लाख, राजकुमारी पुत्री रामसागर को 40 लाख, राजकुमारी पत्नी अमर सिंह को 40 लाख और अजीत व संजय को 39.50 लाख रुपये और दिए। रजिस्ट्री न करने पर रुपये वापस मांगे। इसी बीच पता चला कि अजीत व संजय ने बराती लाल, अरविंद रावत व राजकुमारी पुत्री रामसागर से मिलकर जमीन किसी पंकज यादव को बेच दी। दबाव बनाने पर 50 लाख वापस किए जबकि 1,26,50,000 रुपये हड़प लिए। गाली-गलौज कर धमकाया।

सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने बराती लाल, अरविंद रावत, राजकुमारी, रीता देवी, राजकुमारी पत्नी अमर सिंह, अजीत सिंह और संजय सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी, गाली-गलौज व धमकी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## सिटी ब्रीफ

### महर्षि वाल्मीकि विश्व के गौरव : श्याम लाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** महाकाव्य रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि विश्व के गौरव हैं। यह बात वाल्मीकि जयंती के अवसर पर राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के पूर्व सदस्य श्यामलाल वाल्मीकि ने कही। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि एक जाति या वर्ग के नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र, समाज और विश्व के गौरव हैं। उनके व्यक्तित्व व कृतित्व से हम प्रेरणा लेते हैं। रामायण ने लोगों को सत्य और कर्तव्य के मार्ग पर चलना सिखाया है। पूर्व सदस्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश का यह सौभाग्य है कि भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या सहित रामायणकालीन अनेक स्थल हमारे प्रदेश में हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन स्थलों का विकास कराया है।

### शकुन्तला विवि में हुई गोष्ठी

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषा विभाग द्वारा महर्षि वाल्मीकि जयंती का आयोजन किया गया। 'आदि कवि वाल्मीकि के साहित्य में जीवन मूल्य' विषय पर संगोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि महर्षि के साहित्य में जीवन का मर्म छिपा है। कुलपति आचार्य संजय सिंह की अध्यक्षता में आयोजित संगोष्ठी में सभी ने रामायण में बताए गए मूल्यों को आत्मसात करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. वीके सिंह ने अपने विचार व्यक्त किए। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अमित कुमार राय ने कहा कि सृष्टि के आदि कवि वाल्मीकि से लेकर हिंदी कवि सुमित्रानंदन पंत की कविता वियोगी होगा पहला कवि आह से उपजा होगा गान तक वियोग और विरह से उत्पन्न हुई। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषा विभाग के अध्यक्ष प्रो. यशवंत वीरोदय एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. वीरेंद्र सिंह यादव द्वारा किया गया।

### सुख-शांति हेतु प्रार्थना सभा का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, प्रधान कार्यालय पर एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न धर्मानुयाइयों ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर 'मानव जीवन में सुख व शान्ति कैसे आये' विषय पर बड़ी ही सारगर्भित चर्चा-परिचर्चा सम्पन्न हुई। इस परिचर्चा में बहाई धर्मानुयाई डॉ. सोहेल मोहाजिर एवं सीएमएस संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गांधी ने मुख्य वक्ता अपने विचार व्यक्त किये। परिचर्चा में विनय गांधी, मोना गांधी एवं सागर गांधी समेत कई वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किये और बड़े ही उत्साहपूर्वक प्रार्थना सभा में भाग लिया।

### अभी उपचार की जरूरत : दिनेश सिंह

**अमृत विचार, लखनऊ :** बीते दिनों उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह की अचानक तबियत बिगड़ने पर लखनऊ के मेदांता अस्पताल लाया गया था, जहां ब्रेन हैमरेज होने पुष्टि होने के बाद विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा इलाज शुरू कर दिया गया है। इस बीच सोशल मीडिया पर चल रही ख़बरों को लेकर उन्होंने बयान जारी किया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि बस कुछ ही दिन में फिर से उसी राजनीतिक अखाड़े में सक्रिय होकर आप सबकी सेवा में उपस्थित रहूंगा। स्वास्थ्य को लेकर उठ रहे सवालों को लेकर रायबरेली निवासी राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा है कि मैं स्वस्थ ही नहीं, पूर्णतः स्वस्थ हूं। आप सब बिल्कुल चिंता न करें और किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि यह बात सही है कि मुझे थोड़े उपचार की जरूरत है, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक अपनी देखरेख में मेरा उपचार करा रहे हैं।

### क्वान्टा-2025 का उद्घाटन आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, चौक कैम्पस द्वारा आयोजित चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय विज्ञान ओलम्पियाड 'क्वान्टा-2025' का उद्घाटन आज कानपुर रोड ऑडिटोरियम में होगा। मेजर जनरल सलिल सेठ, जनरल ऑफिसर कमाडिंग, मध्य उत्तर प्रदेश सब एरिया इस अवसर पर मुख्य अतिथि होंगे। इसमें नेपाल, श्रीलंका, बांग्लादेश, रूस, जर्मनी एवं देश के विभिन्न प्रान्तों के लगभग 500 बाल वैज्ञानिक प्रतिभाग कर रहे हैं। इस अन्तर्राष्ट्रीय ओलम्पियाड में देश-विदेश के छात्रों के लिए साइन्स एवं कम्प्यूटर क्विज, मैथमेटिक्स एवं मेन्टल एबिलिटी क्विज, अक्वा चैलेन्ज रेस, आब्स्टेकल रोबोट रेस, हैकथान (स्पेस इनोवेशन) आदि रोचक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

# जयंती पर महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों की प्रेरणा से गूंजा शहर

## समरसता, श्रद्धा और स्वच्छता के संदेश के साथ विविध आयोजनों ने बढ़ाया महानगर का गौरव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** आदिकवि महर्षि वाल्मीकि जयंती के पावन अवसर पर राजधानी लखनऊ भक्ति, श्रद्धा और सामाजिक समरसता के रंग में रंगी नजर आई। नगर के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों ने न केवल श्रद्धा व्यक्त की, बल्कि वाल्मीकि जी के आदर्शों और शिक्षाओं को समाज के सामने जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। कहीं श्रद्धांजलि सभाएं आयोजित की गईं, कहीं भक्ति और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से उनके जीवन को नमन किया गया, तो कहीं सफाईकर्मियों को सम्मानित कर स्वच्छता के महत्व को रेखांकित किया गया। इन विविध आयोजनों के माध्यम से महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण की सामाजिक, सांस्कृतिक और नैतिक उपयोगिता को भावपूर्ण ढंग से समाज के सामने रखा गया।

परिवर्तन चौक पर मंगलवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर महापौर सुषमा खर्कवाल ने महर्षि वाल्मीकि को श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, सांसद अनूप वाल्मीकि, विधान परिषद सदस्य रामचंद्र सिंह प्रधान, पूर्व सांसद अशोक वाजपेयी, प्रदेश मंत्री अमित वाल्मीकि, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी सहित जनप्रतिनिधि और समाजसेवी उपस्थित रहे। इस अवसर महापौर ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने रामायण जैसी अमर कृति के माध्यम से मानवता, सत्य, धर्म और आदर्श जीवन का संदेश दिया। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है, जो सच्चाई, परिश्रम और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

सभी वक्ताओं ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन और उपदेशों को समाज में एकता, समानता और नैतिकता का प्रतीक बताते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।



महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर परिवर्तन चौक पर आयोजित कार्यक्रम में महापौर, प्रदेश अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री। अमृत विचार



नगर निगम जोन 8 कार्यालय में माला पहनाकर सम्मानित किए गए सफाईकर्मी। अमृत विचार

# संसार का पहला महाकाव्य है रामायण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- संस्कृत संस्थान में महर्षि वाल्मीकि जयंती पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान द्वारा महर्षि वाल्मीकि जयन्ती समारोह 'वाल्मीकि रामायणानुगुणं सामाजिक समरसता' विषय पर गोष्ठी और संस्कृत कवि सम्मेलन का आयोजन कर किया गया। संस्थान के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी दिनेश कुमार मिश्र ने कहा कि हम सब उन महान ऋषि को नमन करने के लिए एकत्र हुए हैं, जिन्होंने मानवता को ज्ञान, साहित्य और आदर्श जीवन का अमूल्य उपहार दिया। आदिकवि महर्षि वाल्मीकि को आदिकवि इसलिए कहा जाता है क्योंकि उन्होंने संसार का पहला महाकाव्य "रामायण" की रचना की थी।

उन्होंने कहा कि रामायण न केवल एक कथा है, बल्कि यह जीवन का मार्गदर्शन है। इसमें श्रीराम के आदर्श जीवन, मर्यादा, कर्तव्य और सत्य के मार्ग का गहन वर्णन मिलता है। संस्कृत कवि सम्मेलन में प्रो. अभिराज राजेन्द्र मिश्र ने काव्य पाठ में राम को विश्वपुरूष के रूप में दर्शाया। प्रो. ओम प्रकाश पाण्डेय ने महर्षि वाल्मीकि के प्रथम काव्य कलाधर के रूप में वर्णन करते हुए काव्य पाठ प्रस्तुत किया। डॉ. अरविन्द कुमार तिवारी ने वाल्मीकी रामायण में सामंजस्य राम के महत्व एवं उदार चरित्र को प्रकाशित किया। डॉ. शशिकान्त तिवारी ''शशिधर'' ने बताया कि जिस श्लोक के द्वारा व्याधा शापित होता है वह श्लोक इस संसार का पहला लौकिक पद्य है।

**क्रौंच पक्षी की कथा पर हुई चर्चा :** डॉ. हर्षित मिश्र ने बताया कि कौंच पक्षी का विलाप सुनकर हृदय में स्फूर्ति जागृत हुई रसरूप में श्लोक प्रस्फुटित हुआ। डॉ. सिंहासन पाण्डेय ने कहा कि आज भी जब हम रामायण पढ़ते हैं, तो हमें यह महसूस होता है कि उनके शब्दों में सत्य की वह शक्ति है जो मनुष्य को भीतर से बदल देती है। डॉ. राजेन्द्र त्रिपाठी 'रसराज' ने बताया कि हम महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों को अपने जीवन में उतारेंगे।




कार्यक्रम में सम्मानित किए गए अतिथिगण। अमृत विचार

# बीबीएयू में हुआ कार्यक्रम



बीबीएयू में महर्षि वाल्मीकि जयंती पर कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डीन ऑफ अकेडमिक अफेयर्स प्रो. एस. विक्टर बाबू ने की। इसके अतिरिक्त इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. वी.एम.रवि कुमार व प्रो. शशि कुमार उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर उन्हें शत-शत नमन करते हुए समस्त विश्वविद्यालय परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। साथ ही सभी को उनके आदर्शों पर चलकर समाज में शांति, प्रेम और सद्भाव का संदेश दिया। डीन ऑफ अकेडमिक अफेयर्स प्रो. एस. विक्टर बाबू ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि का संदेश है कि शिक्षा ही व्यक्ति के उत्थान का सबसे बड़ा साधन है। प्रो. शशि कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने अपने कर्म से यह सिद्ध किया कि जन्म नहीं, बल्कि कर्म और ज्ञान से ही व्यक्ति की पहचान होती है। मानव अधिकारों की अवधारणा उनके विचारों में निहित है।

### सफाईकर्मियों को किया सम्मानित

- महर्षि वाल्मीकि जयंती पर मंगलवार को नगर निगम के जोन 8 कार्यालय में जोनल अधिकारी अजीत राय ने सफाई मित्रों और महिला कर्मचारियों को उनकी लगन, निष्ठा और कार्य के प्रति समर्पण के लिए फूलमाला पहनाकर और मिठाई वितरण कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मी नगर की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ हैं, जो दिन-रात समर्पण भाव से शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में योगदान दे रहे हैं। जोन 6 कार्यालय में महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई गई। इस अवसर पर जोनल अधिकारी मनोज यादव ने गीत प्रस्तुत कर स्वच्छता का संदेश दिया और कर्मचारियों को प्रेरित किया। उन्होंने सफाईकर्मियों को फूलमाला और शाल प्रदान कर सम्मानित किया।

### वाल्मीकि रामायण के ऐतिहासिक पक्ष पर चर्चा

- भाषा विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. अजय तनेजा के मार्गदर्शन में महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर इतिहास विभाग द्वारा एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ. मनीष कुमार ने वाल्मीकि रामायण का ऐतिहासिक पक्ष विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि महर्षि वाल्मीकि का काव्य न केवल भारतीय संस्कृति का आधार है, बल्कि उसमें निहित जीवन मूल्य आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

# मां गोमती की हुई भव्य आरती



मनकामेश्वर उपवन घाट पर गोमती आरती करती महन्त दिव्यागिरी महाराज। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर मंगलवार को डालीगंज स्थित उपवन घाट पर मां गोमती की भव्य आरती का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नमोस्तुते मां गोमती के तत्वावधान में आयोजित हुआ।

श्रीमनकामेश्वर मंदिर की महंत देव्यागिरी महाराज के सानिध्य में 11 वेदियों पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मां गोमती की आरती की गई। कार्यक्रम की शुरुआत घाट पर दीपों की रंगोली सजाकर की गई, जिससे पूरा घाट दीपों की रोशनी में जगमगा उठा। इस अवसर पर महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण कर रामायण की आज के जीवन में प्रासंगिकता पर विचार व्यक्त किए गए। साध्वी गौरजा गिरी ने मंत्रोच्चारण के साथ आरती कराई। आरती में मुख्य सेवादार उपमा पांडेय समेत कई सेवादारों ने सहयोग किया। महंत देव्यागिरी महाराज ने बताया कि आगामी 5 नवम्बर को घाट पर देव दीपावली का भव्य आयोजन किया जाएगा।

### एकादश साहित्यकार प्रेरणा दिवस मना

**अमृत विचार, लखनऊ:** कंसर्नड थियेटर की ओर से राजाजीपुरम स्थित सरस्वती पैलेस में एकादश साहित्यकार प्रेरणा दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में समाजसेविका रेणुका बिसरिया के 84वें जन्मदिवस पर उन्हें सम्मानित किया गया, साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले 93 विशिष्टजनों को सम्मानित किया गया। प्रेरणा सम्मान 2025 से वरिष्ठ रंगकर्मी पुनीत अस्थाना, कृषि वैज्ञानिक प्रो. अनामिका तिवारी, डॉ. अर्चना भटनागर, अवधेश पांडे एडवोकेट, अमित व संध्या मुखर्जी, संजय जिंदल, डॉ. देवेंद्र श्रीवास्तव और आलोक पांडे को नवाजा गया। कार्यक्रम में स्मारिका व साझा काव्य संग्रह 'भावामृत' का लोकार्पण हुआ। मुख्य अतिथि थे सुशील कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि डॉ. अनिल रस्तोगी, संयोजक प्रो. उषा सिन्हा रहीं। अध्यक्षता आचार्य विश्वव्रत शास्त्री ने की व संचालन अनुपम बिसरिया ने किया।

## सिटी डायरी



गोमतीनगर जैन मन्दिर में पूजा अर्चना करते लोग।

### धूमधाम से मना आचार्य विद्यासागर का 80वां अवतरण दिवस

**अमृत विचार, लखनऊ :** शरद पूर्णिमा के दिन गोमतीनगर जैन मन्दिर में जैन परंपरा के आचार्य विद्यासागर का आज 80वां अवतरण दिवस बड़े ही भक्ति भाव एवं धूमधाम से मनाया गया। आचार्य विद्यासागर का जन्म शरद पूर्णिमा के दिन 1946 को ग्राम सदलगा जिला बेलगांव कर्नाटक राज्य में हुआ था। मंदिर के मंत्री आलोक जैन ने बताया कि विद्यासागर को 22 वर्ष की आयु में आचार्य ज्ञान सागर ने अजमेर में दीक्षा प्रदान की और बाद में आचार्य पद भी दिया। उनके सभी भाई दीक्षा लेकर संन्यास के पथ पर चल रहे हैं, उनका जीवन सर्व समाज के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने हिंदी एवं संस्कृत में कई ग्रंथ लिखे हैं। इस अवसर पर संदीप, विनय कपूर, पंडित पीयूष, अनीता, जूली, सुनीता, रचित, मोना, अर्चना, सलोनी आदि की मौजूदगी रही। अमित दीपिका परिवार की ओर से मिष्ठान वितरित किया गया।



विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित करते अतिथि।



प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### पोस्टर प्रेजेंटेशन में प्रदेश को मिला द्वितीय रनर-अप पुरस्कार

**अमृत विचार, लखनऊ :** विश्व रोगी सुरक्षा दिवस के अवसर पर नेशनल हेल्थ सिस्टम्स रिसोर्स सेंटर (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली की ओर से 'प्रत्येक नवजात शिशु और प्रत्येक बच्चे के लिए सुरक्षित देखभाल' विषय पर राष्ट्रीय स्तर की पोस्टर प्रेजेंटेशन का आयोजन हुआ। जिसमें देशभर के 22 राज्यों के प्रतिभागी शामिल हुए। जिसमें उत्तर प्रदेश ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय रनर-अप का स्थान प्राप्त किया। राज्य की ओर से महाप्रबंधक (बाल स्वास्थ्य) डॉ. मिलिंद वर्धन व महाप्रबंधक (क्वालिटी एश्योरेंस) डॉ. शहजाद अहमद ने प्रतिभाग किया। मालूम हो कि एनएचएसआरसी, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत वर्ष 2007 में स्थापित एक प्रमुख संस्था है।

### मास्क मेकिंग व बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता आयोजित

**अमृत विचार, लखनऊ :** नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान में वन्य प्राणि सप्ताह के अंतर्गत वन्यजीव और पर्यावरण विषय पर आधारित मास्क मेकिंग व बेस्ट आउट ऑफ द वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बी चन्द्रकला सचिव वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग रहीं। कार्यक्रम में प्राणि उद्यान की निदेशक अदिति शर्मा ने उपस्थित विद्यार्थियों को वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा के विषय में जागरूक किया। प्रतियोगिता में 45 विद्यालयों से लगभग 318 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।




धरने पर बैठे रोडवेज कर्मचारी। अमृत विचार

### रोडवेज कार्यशाला में प्रदर्शन

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** अमृत विकास। उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह और महामंत्री सत्य नारायण यादव की अगुवाई में मंगलवार को सरोजनीनगर स्थित अमौसी रोडवेज कार्यशाला (नादरगंज) में कर्मचारियों ने धरना-प्रदर्शन कर सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक चारबाग डिपो को 12 सूत्री मांगपत्र सौंपा। कहा 16 अक्टूबर को परिवहन निगम मुख्यालय पर प्रदर्शन होगा।

कथा रंग

दीप प्रज्ज्वलन से हुई कार्यक्रम की शुरुआत

# रंगोत्सव में कहानी वाचन के बाद हुआ राम केवट संवाद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कथा रंग फाउंडेशन की ओर से अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में आयोजित रंगोत्सव के दूसरे दिन मुख्य अतिथि नीरजा माधव थीं। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई।

बाल कहानी मेंढकी का ब्याह बाल कलाकार आद्विक शुक्ला और अनुपमा शरद ने प्रस्तुत की। शिवानी की कहानी सती का वाचन नूतन वशिष्ठ, डॉ. मालविका त्रिवेदी और पुनीता अवस्थी ने किया।

रवीन्द्र नाथ टैगोर द्वारा लिखित कहानी पिंजर का वाचन अनुपमा शरद और सोम गांगुली ने किया, इस पर अभिनय में ऋषिता प्रजापति का साथ दिया सोम गांगुली ने।

कहानी संग्रह रंग रंग के धागे की कहानियों का अंश पाठ भी नूतन वशिष्ठ, पुनीता अवस्थी, डॉ. अपूर्वा अवस्थी एवं सोम गांगुली ने किया। कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति राम केवट संवाद रही, जिसके संवाद कौंतेय जय द्वारा लिखे गए और अनमोल मिश्रा ने केवट, चैतन्य ने राम का सुंदर अभिनय किया साथ ही सोनल शर्मा, अभिषेक पाठक और प्रशांत प्रखर ने रामकथा के विभिन्न पात्रों जैसे लक्ष्मण, सीता, निषाद और दूत का जीवंत अभिनय किया।

नाटक में निषाद राज ने राम से अपना राज्य संभालने का अनुरोध भी किया लेकिन राम ने यह कहकर मना कर दिया कि वह 14 वर्ष का वनवास काटने निकले हैं, उसे पूरा करके ही वापस लौटेंगे।

- रवीन्द्र नाथ टैगोर द्वारा लिखित कहानी पिंजर का हुआ वाचन



बौद्ध शोध संस्थान में शिवानी की कहानी सती का वाचन करती नूतन वशिष्ठ डॉ. मालविका त्रिवेदी एवं पुनीता अवस्थी। अमृत विचार

अमृत विचार

लखनऊ, बुधवार,8 अक्टूबर 2025



# भाषा विवि में होगी अवधी शोधपीठ की स्थापना

## ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्तीभाषा विश्वविद्यालय में आयोजित विद्या परिषद की बैठक में हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- इतिहास और समाजशास्त्र में दो नए मेडल दिए जाएंगे
- भूगोल में एक वर्षीय डिप्लोमा भी ले सकेंगे छात्र

**अमृत विचार:** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में विद्या परिषद (एकेडमिक काउंसिल) की बैठक कुलपति की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में अवधी शोधपीठ की स्थापना व अन्य कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गये।

विश्वविद्यालय में अवधी शोध पीठ की स्थापना होगी जिसके लिए परामर्श समिति के गठन को हरी झंडी दे दी गई। हालांकि यह योजना पिछले कुलपति डॉ. एनबी सिंह के समय से ही लंबित थी जिसे अब अमलीजामा पहनाने की तैयारी है।

बैठक में तय किया गया कि विश्वविद्यालय के 14वें दीक्षांत समारोह में कुल 144 मेडल के साथ ही 31 शोधार्थियों को डिग्री दी जाएगी। इसके अलावा दो नए पदक समाजशास्त्र स्नातक में श्रीडोरी लाल सागर मेमोरियल स्वर्ण पदक और इतिहास परास्नातक में रामपति देवी स्वर्ण पदक भी दिया जाएगा। जिसमें सिविल इंजीनियरिंग में एमटेक स्ट्रक्चरल के पाठ्यक्रम को अनुमोदन दिया गया। साथ ही विधि संकाय के डॉ. बीआर अम्बेडकर मेमोरियल मूटकोर्ट हॉल का नामकरण किया गया।

भाषा विश्वविद्यालय के विद्या परिषद की बैठक में अरबी विभाग के विभागीय पुस्तकालय का नाम डॉ. अनीश अंसारी के नाम पर करने की सहमति दी गई। डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्सेज के टॉपर्स को सर्टिफिकेट ऑफ एप्रिसिएशन देने का भी अनुमोदन किया गया। दीक्षांत समारोह में सभी भाषाओं के टॉपर्स को ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती स्वर्ण पदक दिये जाने का निर्णय हुआ। भूगोल विभाग के अंतर्गत एक वर्षीय डिप्लोमा (स्ववित्तपोषित) भी अब छात्र ले सकेंगे। कॉमर्स विभाग के वैल्यू एडेड कोर्सेज (स्वयं) के माध्यम से स्वीकृत किया गया।



विद्या परिषद की बैठक को संबोधित करते कुलपति डॉ. अजय तनेजा। अमृत विचार

# शिक्षक राष्ट्र निर्माता, सरकार ले सेवा सुरक्षा की जिम्मेदारी : सुशील

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** सुप्रीम कोर्ट द्वारा पारित आदेश शिक्षकों को सेवा में बने रहने के लिए दो वर्ष के अंदर टीईटी पास करना अनिवार्य होगा जिससे शिक्षक चिंतित हैं। अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता है जो देश के विकास में अपना योगदान देता है। सरकार को शिक्षको की सेवा सुरक्षा की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। उन्होंने कहा एनसीटीई द्वारा 23 अगस्त 2010 को जारी अधिसूचना से पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से छूट दी गई थी लेकिन सुप्रीम कोर्ट में अधिनियम से संबंधित तथ्यों को सही ढंग से प्रस्तुत नहीं किया गया जिसके परिणाम स्वरूप इस प्रकार का चिंताजनक अव्यावहारिक आदेश पारित हुआ।

इसी संबंध में अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा पुनर्विचार याचिका भी दायर की गई है लेकिन हम हर मोर्चे पर लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हैं। जल्द ही इस मुद्दे पर राष्ट्रीय स्तर पर बैठक कर आगामी रणनीति को अंतिम रूप देकर दिल्ली कूच की घोषणा की जाएगी। मीडिया प्रभारी हरिशंकर राठौर ने बताया कि जब तक केंद्र सरकार द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता है तब तक संगठन के आह्वान पर टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ शिक्षक आंदोलन जारी रखते हुए सरकार से मांग करेंगे कि अधिनियम में संशोधन कर शिक्षकों को इस विपत्ति से निकालकर उनकी सेवा सुरक्षा की जिम्मेदारी ले।

## सिटी ब्रीफ

### लखनऊ मंडल की फुटबॉल टीम घोषित



**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय व उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ के संयुक्त तत्वावधान में 10 अक्टूबर से अयोध्या के स्पोर्ट्स स्टेडियम में शुरू होने वाले सीनियर पुरुष फुटबॉल टूर्नामेंट में लखनऊ मंडल की टीम दमदार प्रदर्शन को तैयार है। लखनऊ फुटबॉल संघ के सचिव कन्हैया लाल ने मंगलवार को टीम की घोषणा की। घोषित टीम में आदित्य सिंह, मनीष यादव, ध्रुव शर्मा, इमरान खान, आकाश चौधरी, प्रिंस सैनी, सतीश पंडित, मोहम्मद तारिक, दिव्यांशु वर्मा सहित कुल 16 खिलाड़ी शामिल हैं। स्टैंडबाई खिलाड़ियों में वांगखेम और ब्रिनिवश सिंह को रखा गया है। टीम प्रबंधन की जिम्मेदारी टीम मैनेजर पान सिंह को सौंपी गई है।

### सीएएल और वॉरियर्स ने दर्ज की जीत



**अमृत विचार, लखनऊ :** ठाकुर उत्तम सिंह मेमोरियल अंडर-12 क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को खेले गए मुकाबलों में सीएएल शार्क और वॉरियर्स ने शानदार प्रदर्शन कर जीत हासिल की। यश साहनी ग्राउंड पर खेले गए पहले मुकाबले में सीएएल शार्क ने सीएएल एवेंजर्स को पांच विकेट से हराया। अवेंजर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 137 रन बनाए, जिसे शार्क ने 28.1 ओवर में पांच विकेट खोकर हासिल कर लिया। मो. शाहिद ने 55 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। दूसरे मुकाबले में वॉरियर्स ने सीएएल टाइटंस को आठ विकेट से हराकर पूरे अंक बटोरे। टाइटंस के 192 रन के लक्ष्य को वॉरियर्स ने 21.5 ओवर में दो विकेट पर ही हासिल कर लिया। ध्रुव ने सिर्फ 70 गेंदों पर 17 चौकों और 8 छक्कों की मदद से शानदार 128 रन की नाबाद पारी खेली।

# पारंपरिक चिकित्सा पर होगा मंथन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हीमोग्लोबिनोपैथी, कैंसर जीवविज्ञान, संक्रामक रोग, न्यूरोलॉजिकल और मेटाबॉलिक विकारों पर होगी चर्चा

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय में एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें ट्रांसग्लोबल हेल्थ में भारतीय जड़ी-बूटियों और पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली पर मंथन किया जाएगा। यह सम्मेलन विश्वविद्यालय के जैव रसायन विभाग द्वारा आयोजित किया जा रहा है। 'बर्थ–2025' (ब्रिजिंग इनोवेटिव रिसर्च इन ट्रांसलेशनल एंड इंटरवेंशनल हेल्थ) नामक यह सम्मेलन 13 से 15 नवंबर, 2025 तक आयोजित होगा।

इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना और ट्रांसलेशनल हेल्थ एवं जैव रासायनिक विज्ञान के क्षेत्र में अत्याधुनिक अनुसंधान को प्रोत्साहित करना है।

इस अवसर पर विश्वभर के प्रमुख वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों और उद्योग विशेषज्ञों को एक मंच पर लाया जाएगा। सम्मेलन में हीमोग्लोबिनोपैथी, कैंसर जीवविज्ञान, संक्रामक रोग, न्यूरोलॉजिकल और मेटाबॉलिक विकारों के साथ-साथ भारतीय ज्ञान परंपराओं के क्षेत्र में हो रहे नवीनतम प्रयासों पर चर्चा की जाएगी। अनुमान है कि देशभर के विभिन्न राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों, राज्य एवं केंद्रीय विश्वविद्यालयों से 400 से अधिक प्रतिनिधि इस सम्मेलन में भाग लेंगे और अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे।

**भारतीय ज्ञान प्रणाली पर होगा संवाद:** स्वदेशी ज्ञान परंपराओं की स्वास्थ्य में भूमिका को रेखांकित करने हेतु सम्मेलन में एक विशेष थीम सत्र आयोजित किया जाएगा। इसमें आयुष प्रणाली (आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, सोवा-रिग्पा और होम्योपैथी) और पारंपरिक औषधीय ज्ञान के आधुनिक चिकित्सा प्रणाली के साथ एकीकरण पर संवाद होगा।

इन देशों के प्रतिनिधि लेंगे हिस्सा

### इन प्रमुख वैज्ञानिकों की होगी भागीदारी

- प्रो. बीट लुट्ज़, यूनिवर्सिटी ऑफ मेंज, जर्मनी
- प्रो. जूली एंडरसन, बक इंस्टीट्यूट फॉर एज रिसर्च, अमेरिका
- डॉ. अतुल के. टंडन, प्रेसिडेंट एवं सीईओ, नियोबायोटेक्नोलॉजीज, कैलिफोर्निया, अमेरिका
- डॉ. संजय सिंह, सीईओ, जेनोवा बायोफार्मास्युटिकल्स
- डॉ. राहुल पुरवार, आईआईटी-बॉम्बे
- डॉ. अनुराग वार्ष्णेय, उपाध्यक्ष, पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन, हरिद्वार, उत्तराखंड

सम्मेलन में 40 से अधिक व्याख्यान आयोजित किए जाएंगे, जिनमें 1 मुख्य व्याख्यान, 10 पूर्ण सत्र व्याख्यान, और 31 आमंत्रित व्याख्यान शामिल हैं।

प्रतिभागी देशों में अमेरिका, सिंगापुर, जर्मनी, कोरिया और चीन सहित कई अन्य देश शामिल हैं।

# क्रांतिकारी दुर्गा भाभी को जन्म दिन पर किया नमन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पूर्व छात्र-छात्राओं ने स्कूल पहुंच कर दुर्गा भाभी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**अमृत विचार:** महान क्रांतिकारी और शिक्षा क्षेत्र में अग्रणी योगदान देने वाली दुर्गा भाभी की जयंती पर शनिवार को लखनऊ मोंटेसरी स्कूल में एक भावभीनी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व छात्र-छात्राओं ने स्कूल परिसर पहुंचकर दुर्गा भाभी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उनके प्रेरणादायक जीवन की स्मृतियों को साझा किया।

दुर्गा देवी वोहरा, जिन्हें इतिहास में दुर्गा भाभी के नाम से जाना जाता है, का जन्म 7 अक्टूबर 1907 को प्रयागराज में हुआ था। वे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में नारी शक्ति का सशक्त प्रतीक थीं। उनके पति भगवती चरण वोहरा भी क्रांतिकारी गतिविधियों में सक्रिय थे। दुर्गा भाभी ने सूचना के आदान-प्रदान से लेकर क्रांतिकारियों को सुरक्षित निकालने जैसे जोखिमपूर्ण कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने भगत सिंह, सुखदेव और चंद्रशेखर आज़ाद को लाहौर से सुरक्षित बाहर निकालने में महत्वपूर्ण योगदान दिया था।

स्वतंत्रता संग्राम के बाद उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देते हुए 1940 में उत्तर प्रदेश का पहला मोंटेसरी स्कूल स्थापित किया, जिसे आज लखनऊ मोंटेसरी स्कूल के नाम से जाना जाता है।

आयोजन में एलुमनाई अध्यक्ष शरद मेहरोत्रा, सचिव रवीन्द्र सिंह बिष्ट, उपाध्यक्ष प्रीती एम शाह, पूर्व राज्य सूचना आयुक्त अजय उप्रेती, संदीप माथुर, आकांक्षा आनंद, हेमा पांडे, अरविंद कुमार, बीएस डोलिया, शैलेन्द्र रावत, विकास गुप्ता, आशुतोष अवधवाल, जगदीश बिष्ट सहित कई पूर्व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।




क्रांतिवीर दुर्गाभाभी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते पूर्व छात्र। अमृत विचार



वीनू मांकड़ ट्रॉफी के लिए इकाना स्टेडियम पर अभ्यास करते खिलाड़ी। अमृत विचार

# मुकाबलों से पहले टीमों ने लखनऊ में शुरू की तैयारियां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- इकाना स्टेडियम और स्पोर्ट्स गैलेक्सी स्टेडियम में जमकर अभ्यास किया

**अमृत विचार:** वीनू मांकड़ ट्रॉफी (अंडर-19 वनडे) के ग्रुप सी मुकाबलों के लिए सभी टीमें लखनऊ पहुंच चुकी हैं। मंगलवार को खिलाड़ियों ने अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए इकाना स्टेडियम और स्पोर्ट्स गैलेक्सी स्टेडियम में जमकर अभ्यास किया।

इकाना स्टेडियम पर जम्मू-कश्मीर, झारखंड, मुंबई और तमिलनाडु की टीमों ने नेट प्रैक्टिस कर अपनी रणनीति को धार दी, जबकि अन्य टीमें भी अलग-अलग स्थानों पर अभ्यास करती रहीं। 9 अक्टूबर से मुकाबलों की शुरुआत होगी। पहले दिन तीन मुकाबले खेले जाएंगे: पुडुचेरी बनाम तमिलनाडु, जम्मू-कश्मीर बनाम झारखंड और मुंबई बनाम उत्तराखंड। इन मुकाबलों को लेकर खिलाड़ियों में खासा उत्साह है। इससे पहले बुधवार को दोपहर 12 बजे से सभी टीमें एक बार फिर अभ्यास सत्र में भाग लेंगी, ताकि मैदान पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जा सके।

## सिटी डायरी




कार्यशाला में अतिथि को सम्मानित करते हुए ।

### कानून का सही क्रियान्वयन जरूरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में यौन उत्पीड़न की रोकथाम पर आयोजित द्विदिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का समापन हुआ। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त जस्टिस राकेश श्रीवास्तव ने कहा कि कानून की सफलता केवल उसके अस्तित्व से नहीं, बल्कि उसके सही क्रियान्वयन और प्रशासनिक सहयोग पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि समाज को संवेदनशील बनना होगा ।प्रो. एस. विक्टर बाबू ने कहा कि घटनाओं के बाद पीड़ित को दोषी ठहराने की प्रवृत्ति चिंता का विषय है ।कार्यक्रम में तीन विशेष व्याख्यान सत्र आयोजित किए गए। प्रो. प्रीति सक्सेना (वाइस चांसलर, एचपी नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी) ने आईसीसी की भूमिका पर बात रखी। डॉ. संगीता शर्मा की अध्यक्षता में लैंगिक संवेदनशीलता, और सुधाकर शरण पांडेय की अध्यक्षता में आंतरिक समिति से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में प्रो. आभा मिश्रा सहित अनेक शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे।



फ्रेशर पार्टी का केक काटकर शुभारंभ करते छात्र–छात्रा व कुलपति।

### जीवन की दिशा तय करती है फ्रेशर पार्टी

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत हेतु फ्रेशर पार्टी का आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. अजय तनेजा अध्यक्षता विज्ञान संकाय की अधिष्ठाता डॉ. तत्हीर फातमा ने की। कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने विद्यार्थियों को नई ऊर्जा और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संदेश देते हुए कहा कि फ्रेशर पार्टी केवल एक स्वागत समारोह नहीं, बल्कि यह नई शुरुआत, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच का प्रतीक है। विद्यार्थी जीवन के ऐसे क्षण भविष्य की दिशा तय करते हैं। अधिष्ठाता डॉ. तत्हीर फातमा ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों से अनुशासन, परिश्रम और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।



प्रतियोगिता का उद्घाटन करते आईएएस कुणाल सिल्कू ।

### लखनऊ के अंश ने जीता स्वर्ण

**अमृत विचार , लखनऊ :** केडी सिंह बाबू स्टेडियम में मंगलवार से शुरू हुई राज्य स्तरीय विद्यालयीय कराटे प्रतियोगिता में लखनऊ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 7 पदक अपने नाम किए, जिसमें 1 स्वर्ण, 3 रजत और 3 कांस्य पदक शामिल हैं। लखनऊ के अंश ने दमदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर शहर का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन सचिव श्रम विभाग कुणाल सिल्कू ने किया। इस अवसर पर संयुक्त शिक्षा निदेशक प्रदीप कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, सह जिला विद्यालय निरीक्षक मनीषा द्विवेदी और अमिता सिंह उपस्थित रहीं। प्रतियोगिता में 17 जिलों के लगभग 400 खिलाड़ियों ने भाग लिया।



हिन्दी लेखन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत करते बैंक अधिकारीघ्

### विजेता पुरस्कृत

**अमृत विचार, लखनऊ :** बैंक ऑफ इंडिया, लखनऊ अंचल कार्यालय में हिंदी माह 2025 का समापन हर्षोल्लास से हुआ। पत्रलेखन, कहानी लेखन, गीत गायन, निबंध आदि प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। अध्यक्षता आंचलिक प्रबंधक नरेंद्र कुमार दास ने की, मुख्य अतिथि कवि राकेश बाजपेयी रहे। गृह एवं सहकारिता मंत्री तथा बैंक के एमडी रजनीश कर्नाटिक ने स्टाफ को राजभाषा संकल्प दिलाया। वर्ष 2024–25 में उत्कृष्ट कार्य के लिए लखनऊ अंचल को नराकास व प्रधान कार्यालय से पुरस्कार मिला।

# जीडी गोयनका और ला-मार्टीनियर कॉलेज की शानदार जीत

**अमृत विचार, लखनऊ :** अविनाश चतुर्वेदी मेमोरियल स्कूली क्रिकेट प्रतियोगिता में मंगलवार को खेले गए मुकाबलों में जीडी गोयनका स्कूल और ला-मार्टीनियर कॉलेज ने दमदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने मैच जीतकर पूरे अंक हासिल किए।

ला-मार्टीनियर कॉलेज प्रांगण में खेले गए पहले मुकाबले में जीडी गोयनका स्कूल ने मांटफोर्ट इंटर कॉलेज को चार रन से रोमांचक मैच में हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए गोयनका की टीम ने 18.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 95 रन बनाए। आदित्य ने सर्वाधिक 32 रन जोड़े। मांटफोर्ट की ओर से सैयद अरमान रजा और रितेश ने दो-दो विकेट झटके। जवाब में मांटफोर्ट कॉलेज की टीम सात विकेट पर 91 रन ही बना सकी। तेजस वर्मा ने 29 और आरव ने 17 रन की उपयोगी पारी खेली, लेकिन जीत दिलाने में नाकाम रहे। गोयनका की ओर से वैभव और देव ने दो-दो विकेट लिए।

दूसरे मुकाबले में एसआर ग्लोबल स्कूल की टीम 18 ओवर में 77 रन पर सिमट गई। उत्कर्ष ने सर्वाधिक 32 रन बनाए। अमृत ने तीन और विवान ने दो विकेट चटकाए। जवाब में ला-मार्टीनियर कॉलेज ने तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। विवान सिंह ने नाबाद 27 रन, जबकि व्योम गुप्ता ने 18 रन बनाए। एसआर ग्लोबल की ओर से रोनित, प्रणव और अंश ने एक-एक विकेट लिया।

पहल | खुले में बने पड़ाव घर हो जाएंगे खत्म

# शहर में दिसंबर तक लग जाएंगे 31 पीसीटीएस

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** शहर में दिसंबर 2025 तक 31 पोर्टेबल कॉम्पैक्टर ट्रांसफर स्टेशन (पीसीटीएस) लग जाएंगे। इनके लग जाने से खुले में बड़े पड़ाव घर खत्म हो जाएंगे और कूड़ा बाहर नहीं दिखेगा। पड़ाव घर की जगह कैप्सूलनुमा गाड़ियां खड़ी रहेंगी, जिनमें गाड़ियां कूड़ा सीधे गिरा देंगी। इन कैप्सूलनुमा पीसीटीएस को गाड़ियों की मदद से शिवरी प्लांट पहुंचाया जाएगा। इससे बदबू फैलेगी न कूड़ा गिरेगा।

महापौर सुषमा खर्कवाल ने शहर में कूड़ा प्रबंधन का काम देख रहीं लखनऊ स्वच्छता अभियान (एलएसए) और लॉयन इनवायरो कंपनी को पीसीटीएस लगाने में देरी पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है। साथ ही निर्देश दिए हैं कि दिसंबर 2025 तक हर हाल में पीसीटीएस लगाने का काम पूरा हो जाए। एलएसए कंपनी को 24 पीसीटीएस लगाने थे, जिसमें से 9 लगाए हैं। वहीं लॉयन इनवायरो ने 16 में से अभी तक एक भी पीसीटीएस नहीं लगाया है।



पोर्टेबल कॉम्पैक्टर ट्रांसफर स्टेशन।

- पोर्टेबल कॉम्पैक्टर ट्रांसफर स्टेशन लग जाने से नहीं दिखेगा कूड़ा
- एलएसए को 24 और लॉयन इनवायरो को लगाने हैं 16 पीसीटीएस

**एक वर्ष से चल रही कवायद :** खुले में बने पड़ाव घर खत्म करके उनकी जगह पीसीटीएस लगाने की कवायद नगर निगम में पिछले एक वर्ष से चल रही है। कभी टेंडर निकालने में देरी हुई तो कभी कंपनी चयनित होने के बाद टेंडर निरस्त कर दिए गए। इससे शहर में खुले में बने पड़ाव घर खत्म करने की नगर निगम की योजना धरातल पर नहीं उतर सकी। शहर में जगह-जगह सड़क किनारे बने पड़ाव घरों के बाहर तक फैली गंदगी से नगर निगम की कूड़ा प्रबंधन व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।

**पीसीटीएस लगने में देरी से वायु सर्वेक्षण में लखनऊ पिछड़ गया :** शहर में पीसीटीएस लगाने में देरी का खामियाजा नगर निगम को स्वच्छ वायु सर्वेक्षण रैंकिंग में उठाना पड़ा। 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में लखनऊ नगर निगम को 15वां स्थान मिला। जबकि 2024 में नगर निगम चौथे, 2023 में 18वें और 2022 में पहले स्थान पर था। रैंकिंग गिरने का मुख्य कारण खुले में कूड़ा डालने और परिवहन से वायु प्रदूषण फैलना रहा।

> पीसीटीएस लगाने की प्रक्रिया चल रही है। एलएसए ने 9 पीसीटीएस लगा दिए हैं। लॉयन इनवायरो को पीसीटीएस लगाने के लिए सख्त निर्देश दिए गए हैं। दिसंबर 25 तक सभी पीसीटीएस लगाने का काम पूरा हो जाएगा।
>
> **संजीव प्रधान**
> **पर्यावरण अभियंता**
> **लखनऊ नगर निगम**

## न्यूज ब्रीफ

### असलहा फैक्ट्री का खुलासा, 2 पकड़े गए

**बहराइच, अमृत विचार :** खैरीघाट पुलिस ने असलहे का निर्माण कर बिक्री करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से निर्मित व अर्धनिर्मित असलहे बरामद किए गए हैं। खैरीघाट पुलिस ने बाबू पुरवा दाखिला रामपुर धोबियाहार में बुद्धिसागर के घर पर छापेमारी की। यहां से दो आरोपियों को ने पुलिस हिरासत में लिया। अभियुक्तों ने अपना नाम बुद्धि सागर विश्वकर्मा तथा अरमान अली बताया। पुलिस ने दोनों को शस्त्र अधिनियम में जेल भेज दिया।

### ट्रैक्टर की टक्कर से वृद्ध महिला की मौत

**फतेहपुर, बाराबंकी :** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर सुशीला (65) पत्नी साहबदीन बेलहरा से दवा लेकर घर लौट रही थी। तभी कैथा गांव के पास ही ट्रैक्टर चला रहे कृष्णा ने महिला को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल महिला ने इलाज के लिए ले जाने से पहले ही दम तोड़ दिया।

# साक्ष्य व आदेशों में अपमानजनक भाषा से बचें न्यायाधीश : हाईकोर्ट

## न्यायिक आदेशों में प्रयुक्त भाषा में पद की मर्यादा व गरिमा परिलक्षित होनी चाहिए

**विधि संवाददाता, प्रयागराज**

**अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश के सभी न्यायिक अधिकारियों को यह निर्देश दिया है कि वे मुकदमों के दौरान साक्ष्य या बयानों में प्रयुक्त अपमानजनक या अभद्र भाषा को दर्ज न करें। कोर्ट ने कहा कि न्यायिक आदेशों में प्रयुक्त भाषा में पद की मर्यादा और गरिमा परिलक्षित होनी चाहिए।



उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति हरवीर सिंह की एकलपीठ ने विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी अधिनियम), वाराणसी के आदेश के विरुद्ध संतरीपा देवी की ओर से दाखिल आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई के दौरान की। याचिका के अनुसार विशेष न्यायाधीश ने पहले विपक्षियों के विरुद्ध दाखिल शिकायत को सीआरपीसी की धारा 203 के तहत इस आधार पर खारिज कर दिया था कि उनके खिलाफ कोई ठोस साक्ष्य नहीं है। इस आदेश को चुनौती देते हुए याची ने कहा था कि कोर्ट ने गवाहों के बयानों पर उचित विचार नहीं किया। मामले के तथ्यों पर विचार करते हुए कोर्ट ने कहा कि गवाहों के बयानों में कोई सुसंगतता नहीं थी और उपलब्ध अभिलेख विपक्षियों के खिलाफ मामला बनाने के लिए पर्याप्त नहीं थे। इस आधार पर याचिका खारिज कर दी गई।

### तलाक की दूसरी याचिका पर रोक नहीं

**विधि संवाददाता,प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने तलाक से संबंधित एक मामले में सुनवाई के दौरान कहा कि हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 13 के अंतर्गत एक आधार पर तलाक की याचिका खारिज होने से उसी पक्ष द्वारा किसी अन्य आधार पर दूसरी तलाक याचिका दाखिल करने पर कोई रोक नहीं है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम की एकलपीठ ने चित्रांशी की याचिका पर विचार करते हुए पारित किया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि एक बार जब किसी पक्ष को पहली याचिका खारिज होने के बाद भी दूसरी याचिका दाखिल करने की अनुमति मिल जाती है, तो उसमें संशोधन के माध्यम से अन्य आधार जोड़े जा सकते हैं।

### ज्ञानवापी वजूखाना सर्वेक्षण : सुनवाई 10 नवंबर को

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर स्थित वजूखाना के वैज्ञानिक सर्वेक्षण की मांग से संबंधित राखी सिंह की पुनरीक्षण याचिका पर मंगलवार को सुनवाई होनी थी। इस मामले में सुनवाई स्थगित करते हुए न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकलपीठ ने नई तारीख 10 नवंबर निर्धारित की है। सुनवाई टलने का कारण यह बताया गया कि उपासना स्थल (विशेष उपबंध) अधिनियम, 1991 की वैधता को लेकर दाखिल याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई अभी लंबित है और सर्वोच्च न्यायालय का अंतरिम आदेश अब भी प्रभावी है।

# श्रद्धालुओं की बस पलटी, 25 लोग घायल

**संवाददाता, मोतीपुर बहराइच**

**अमृत विचार :** श्रावस्ती के सिविल लाइन भरता बेलभरिया भिनगा निवासी 70 यात्री बस से मनोना धाम से लौट रहे थे। मोतीपुर थाना क्षेत्र के नौनिहा जंगल में बस पलट गयी। हादसे में 25 यात्री घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जनता ढाबा के कर्मचारियों की मदद से घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी भेजा गया। घायलों में तीन की हालत गंभीर है।

घटना नानपारा-लखीमपुर हाईवे पर नौनिहा जंगल स्थित जनता ढाबा के समीप मंगलवार की सुबह हुई। यह क्षेत्र मोतीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आता है। बस तेज रफ्तार में थी अचानक एक कंटेनर ने कट मार दिया जिससे चालक संतुलन खो बैठा और बस अनियंत्रित होकर पलट गयी। यात्रियों की चीख-पुकार पर ढाबे के मालिक समेत सभी कर्मचारियों ने मिलकर बस में फंसे यात्रियों को निकालकर एंबुलेंस को फोन कर सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिहिपुरवा (मोतीपुर) भेजा। घटना के सूचना पर पुलिस को दी। जिस पर उपनिरीक्षक जनार्दन गिरी व उपनिरीक्षक विश्वनाथ चौरसिया सहित मोतीपुर पुलिस पहुंची। इसके बाद अन्य घायलों को भी सीएचसी भेजा गया। तीन की हालत थोड़ी गंभीर है। हादसे की सूचना मिलते ही घायलों के परिजन भी सीएचसी पर पहुंच गये। पुलिस ने बस को रास्ते से हटवाकर रास्ता साफ कराया इसके बाद आवागमन सामान्य हो सका।

### कंटेनर के कट मारने से हुआ हादसा

**बहराइच, अमृत विचार :** अभय टूरिस्ट बहराइच की बस श्रद्धालुओं को बरेली के मनौना धाम से लेकर वापस श्रावस्ती के भिनगा जा रही थी। जब वह नदिया के पास ढाबे के निकट पहुंची तभी सामने से आ रहे एक एक कंटेनर ने बस को कट मार दिया जिससे बस अनियंत्रित होकर पलट गई।

## रोडवेज बस ने वैन में मारी टक्कर, 11 घायल

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** मंगलवार दोपहर रोडवेज बस व ईको वैन में आमने सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में ईको वैन सवार 11 लोग घायल हो गए। इनमें चार की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को रामनगर व बड़ागांव सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार लखनऊ से बहराइच की ओर से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने ग्राम सुरवारी के पास विपरीत दिशा से आ रही ईको वैन को टक्कर मार दी। हादसे में दंपति सहित 11 लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस के जरिए अस्पताल पहुंचाया।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | सेपरेट एन्क्लोजर फॉर एफ0 एस0 डी0 एस0 सिस्टम इन लिनन रूम / सूटेबल लोकेशन इन कोच। |
| कार्य स्थल | सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ |
| अनुमानित लागत | रु.17,13,360.00 /– मात्र |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य। |
| बिड सिक्युरिटी | रु.34,300 /– मात्र |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 01 वर्ष |
| निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनांक 30.10.2025 समय 15:00 बजे तक। |
| प्रमाणपत्र | फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A (यदि Company /Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure A(a) (यदि Partnership/HUF/JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। |
| खुलने का समय | निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। |
| कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है। / वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तो सहित वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है। |

निविदा सूचना सं. 2025–ए.एम.वी.–सी एंड डब्लू ई निविदा–61
दिनांक : 06.10.2025
3093/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ




राम मंदिर परिसर में महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा का पूजन करते ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय।

### राम मन्दिर में पहली बार मनी वाल्मीकि जयंती

**अयोध्या, अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर परिसर में स्थित रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि के नवनिर्मित मन्दिर में पहली बार मंगलवार को वाल्मीकि जयंती पर भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ। मणिराम दास छावनी में विराजमान महर्षि वाल्मीकि की आरती उतारी गई और आचार्यों ने रामायण का पाठ भी किया। जहां पहली बार वाल्मीकि जयंती पर वैदिक आचार्य के द्वारा विधि विधान पूर्वक पूजन–अर्चन का कार्यक्रम संपन्न कर रामचरितमानस का पाठ भी किया गया। इसमें राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, वरिष्ठ प्रचारक गोपाल जी राव सहित अन्य लोगों आयोजन में शामिल हुए।

# तालाब में मिले मां–बेटी के शव

**अयोध्या, अमृत विचार :** रूदौली कोतवाली क्षेत्र के जहांगीराबाद गांव में मंगलवार सुबह ससुराल के ठीक सामने एक तालाब में गांव निवासी शिवकरन गुप्ता की पत्नी ममता (32) और उसकी डेढ़ वर्षीय बेटी पीहू का शव मिला है। मृतका के भाई ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर ससुरालीजनों पर बहन और भांजी की हत्या का आरोप लगाया है। दोनों शवों को पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतका के भाई रामजी गुप्ता ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाते हुए कहा कि ममता को वर्षों से दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था।

बताया कि ममता की शादी वर्ष 2014 में शिवकरन गुप्ता से हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही पति-पत्नी के बीच संबंधों में खटास आने लगी थी। ममता के परिवार वालों ने दहेज उत्पीड़न का मुकदमा भी दर्ज कराया था। हालांकि, वर्ष 2018 में दोनों पक्षों के बीच सुलह हो गई थी और ममता ससुराल लौट आई थी। वर्ष 2024 में ममता ने बेटी पीहू को जन्म दिया, लेकिन पारिवारिक विवाद समाप्त नहीं हुआ। भाई का आरोप है कि यह सुनियोजित हत्या है, जिसे आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की जा रही है। रुदौली कोतवाली प्रभारी संजय मौर्य ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### राम मंदिर परिसर में सीएम करेंगे शिक्षकों से संवाद

**अयोध्या, अमृत विचार :** राममंदिर परिसर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को शाम 5 से 6 बजे तक 300 शिक्षकों से सीधा संवाद करेंगे। इन चयनित शिक्षकों में 200 बेसिक शिक्षा विभाग के और 100 माध्यमिक शिक्षा विभाग के सहभागिता करेंगें। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार और बेसिक शिक्षा अधिकारी लालचंद सरोज द्वारा शिक्षकों की सूची जारी कर बताया कि जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे और मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह के निर्देशानुसार 11 ब्लॉकों से छह और आठ – आठ की संख्या में शिक्षक बुलाए गए हैं। कहा कि यह पहला अवसर है जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जिले के शिक्षकों से सीधे रू–ब–रू होंगे और शिक्षा की गुणवत्ता, उन्नयन समेत विभिन्न विषयों पर चर्चा करेंगे।

### एचटी लाइन के करंट से झुलसे दो युवक

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मंगलवार को रामसनेहीघाट व दरियाबाद थाना क्षेत्र में हाईटेंशन विद्युत लाइन के करंट की चपेट में आने से दो युवक गंभीर रूप से झुलस गए। दोनों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पहली घटना में सफदरगंज थाना क्षेत्र के नसीरपुर निवासी शहाबुद्दीन 30 पुत्र शाकिब अली दरियाबाद पुलिस चौकी के पास देवा मेले की होर्डिंग लगा रहे थे। इसी दौरान होर्डिंग हाईटेंशन विद्युत लाइन से छू गई, जिससे शहाबुद्दीन करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरी घटना रामसनेहीघाट नगर पंचायत क्षेत्र के घोसियाना वार्ड में घटी। यहां के निवासी मोहम्मद एजाज (30) पुत्र सिराज घर की छत पर ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आने से बुरी तरह झुलस गए।

### किताब व्यवसायी को मारी गोली

**अयोध्या, अमृत विचार :** तारुन थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम एक किताब व्यवसायी को गोली मार दी गई। वह कचहरी में तारीख से लौट रहा था। गनीमत रही कि गोली उसके बाजू को छूकर निकल गई। घायल व्यवसायी को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हैदरगंज थाना क्षेत्र के मैहर कबीरपुर गांव निवासी मयंक प्रताप सिंह (22) हैदरगंज में किताब की दुकान करता है। वह मंगलवार को अपने दीवानी के मुकदमे में कचहरी तारीख पर गया था। जहां उस पर फॉयर किया गया।


**अमृत विचार क्लासीफाइड**

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

मैने अपना नाम FARZANA से बदलकर FARZANA BANO रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-MOHAMMAD AKHTAR ADD-258/60KA/3, NADAN MAHAL DIST-LUCKNOW-226004 (U.P)

**सूचना**

मैने अपना नाम MOHAMMAD SHAKIR से बदलकर MOHD SHAKIR SIDDIQUI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-MOHAMMAD SIDDIQ ADD-268/46/42, TAKIYA CHAND ALI SHAH, AISHBAGH RAJENDRA NAGAR DIST-LUCKNOW-226004 (U.P)

**सूचना**

मेरे आर्मी सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम ANJU ROY एवं DOB 03/11/1982 गलत दर्ज हो गई है। जबकि सही नाम ANJU RAI व DOB 10/11/1982 है। कमल नारायण पुत्र जगनारायण नि. 58/E/26 दबौली कानपुर नगर 208022 उ.प्र.

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **विजय शुक्ला पुत्र श्री यदुनंदन शुक्ला, सेक्टर–Q, अलीगंज** में अपनी यूपी बोर्ड से उत्तीर्ण दसवीं 2011(अनुक्रमांक –1137967) तथा इंटर 2013 (अनुक्रमांक –0956817) के मूल प्रमाण पत्र खो चुका हूं। यदि मिले तो सम्पर्क करें –9838465980

**सूचना**

मेरा पुत्र रिषभ एसएस मेमोरियल सीनियर सेकेंड्री पब्लिक स्कूल सैंफई में कक्षा 10 का छात्र था। उसकी मार्कशीट में मेरा नाम ममता यादव व पति का नाम आनंद यादव लिखा है जो गलत है। मेरा सही नाम ममता देवी व पति का नाम आनंद कुमार है। मुझे ममता देवी व पति को आनंद कुमार के नाम से जाना जाय। **ममता देवी पत्नी आनंद कुमार निवासी ग्राम सैंफई जिला इटावा**

**सूचना**

मै आर्मी नं. 15497421 I में एल. डी.के पद पर ए. सी. रिकार्ड अहमद नगर में कार्यरत हूँ। मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माँ का नाम भूलवश SHIVPIYARI व जन्मतिथि 01–07–1942 अंकित हो गई है, जबकि उनके आधार कार्ड मे SHIVPYARI व जन्मतिथि 01–01–1950 अंकित है। इसी प्रकार मेरे पिता का नाम भी सर्विस रिकार्ड में भूलवश RAM AVTAR व जन्मतिथि 01–07–1939 अंकित हो गई है। जबकि आधार कार्ड में उनका नाम RAM AUTAR व जन्मतिथि 01–01–1943 अंकित है। मेरे माता पिता का नाम आधार कार्ड से मिलान कर संशोधित किया जाए। **राम प्रसाद पुत्र राम औतार निवासी ग्राम व पोस्ट देवगांव, थाना सुमेरपुर, तहसील व जिला हमीरपुर (उत्तर प्रदेश)**

**सूचना**

मैने अपना नाम JAHIRUDDIN से बदलकर JAHIRUDDIN RAYNI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-AKBAR ADD-H.No-115 AURAHWA DHAWAI DIST-BALRAMPUR (U.P)

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल परीक्षा 2021 अनुक्रमांक 212549626 तथा इंटरमीडिएट परीक्षा अनुक्रमांक 2237218030 परीक्षाफल वास्तव में कहीं खो गया है। **मनीष कुमार पुत्र श्री राम सूरत ग्राम पोस्ट – चफरिया बाजार जनपद – बहराइच**

**सूचना**

मैं सुन्दर लाल पुत्र राम आसरे निवासी ग्रा. व पो. उत्तरा गौरी थाना व तह. लालगंज रायबरेली का हूं। मेरे पुत्र अतुल मौर्य के हाईस्कूल के अंकपत्र सह प्रमाणपत्र में मेरा नाम Sunder lal maurya गलत अंकित हो गया है, जबकि आधारकार्ड में Sundar lal अंकित है जो सही है।

**सूचना**

मेरे BOB बचत खाता संख्या 31600100000331 में मेरा नाम राम नारायण यादव है। जबकि आधार कार्ड वअन्य प्रपत्रों में राम नारायण है। मुझे राम नारायण पुत्र स्व. राम उजागर के नाम से जाना जाए। नि.मिल्क बोर्ड कच्ची बस्ती गोपाल नगर कानपुर नगर

**सूचना**

मैने अपना नाम सुरेश कुमार से बदलकर सुरेश कुमार सचान कर लिया है, भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाएगा। **सुरेश कुमार सचान पुत्र श्री राम प्रसाद सचान 128/81 वाई ब्लाक, किदवई नगर कानपुर नगर 208011**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस नंबर U.P.7619990000048 में मेरा नाम P.N.DIXIT व मेरे पिता का नाम R.L.DIXIT अंकित है। भविष्य में इसकी जगह मेरा नाम TYAGI POORNANAND DIXIT व मेरे पिता का नाम RAM LARAITE DIXIT पढ़ा जाय। **त्यागी पूर्णानंद दीक्षित पुत्र श्री राम लड़ेते दीक्षित, ग्राम सिरौली खेड़ा, थाना नवाबगंज– कायमगंज, फर्रुखाबाद–209625**

**Public Notice**

I am Apurva, a former student of Dibrugarh University, and I completed BBA (Flying) with enrolment year of 2010. My roll number/registration number is M-2010101346.I have misplaced my Pass Degree Certificate. I am applying for a duplicate certificate for which I am putting out this advertisement.**Address : 60 Dayal Fort, Vishnupuri -III, Aliganj, Lucknow - 226022, Uttar Pradesh**



# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड–3, लो0नि0वि0, अयोध्या

पत्रांक– 1971/निविदा/25 दिनांक–

**निविदा सूचना**

इस कार्यालय के पत्रांक–1971/निविदा–25 दिनांक–30.09.2025 के द्वारा निम्नलिखित विवरण के अनुसार ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की गयी है, एवं इस वर्ष अत्याधिक होने के कारण मार्ग अति क्षतिग्रस्त हो गया है। अतः कार्य की महत्ता के दृष्टिगत स्वीकृति की प्रत्याशा में अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| Sl. No | DISTRICT | Name of Work | Eligible Class of Contractor | Estimated cost (Rs.in Lac) | Bid Security (Rs. in Lacs) | Time oc Completion | Cost of Document (in Rs.) | Address of Executive Engineer of the | Address of Superintending Engineer | Address of Chief Engineer |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| | | स्वीकृति की प्रत्याशा में<br>विधान सभा बीकापुर के अन्तर्गत विशेष मरम्मत का कार्य। | | | | | | | | |
| 1 | Ayodhya | चन्दीपुर नगहरा सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | A, B, C,D | 30.91 | 3.09 | 03 Months | Tender Cost +Stationary Charges+ GST Rs 854.00 | C.D-3, P.W.D. Ayodhya | Ayodhya / Ambedkar nagar, Circle, P.W.D., Ayodhya | Ayodhya Zone, P.W.D. Ayodhya |
| 2 | Ayodhya | शिवरामपुर समदा पक्की सड़क के किमी0 2 के चैनेज 1.250 के दायें नन्दन का पुरवा सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | A, B, C,D | 17.83 | 1.78 | 03 Months | Tender Cost +Stationary Charges+ GST Rs 854.00 | C.D-3, P.W.D. Ayodhya | Ayodhya / Ambedkar nagar, Circle, P.W.D., Ayodhya | Ayodhya Zone, P.W.D. Ayodhya |
| 3 | Ayodhya | इलाहाबाद फैजाबाद मार्ग के किमी0 120 से दायें बसंतपुर तक सम्पर्क मार्ग के साथ विशेष मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | A, B, C,D | 17.73 | 1.77 | 03 Months | Tender Cost +Stationary Charges+ GST Rs 854.00 | C.D-3, P.W.D. Ayodhya | Ayodhya / Ambedkar nagar, Circle, P.W.D., Ayodhya | Ayodhya Zone, P.W.D. Ayodhya |
| 4 | Ayodhya | जलालपुर पुहपी कुचेरा किमी0 8 से परूवा दलित बस्ती सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | A, B, C | 16.79 | 1.67 | 03 Months | Tender Cost +Stationary Charges+ GST Rs 854.00 | C.D-3, P.W.D. Ayodhya | Ayodhya / Ambedkar nagar, Circle, P.W.D., Ayodhya | Ayodhya Zone, P.W.D. Ayodhya |
| 5 | Ayodhya | ढ़ेमा वैश्य सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | A, B, C,D | 12.59 | 1.26 | 03 Months | Tender Cost +Stationary Charges+ GST Rs 854.00 | C.D-3, P.W.D. Ayodhya | Ayodhya / Ambedkar nagar, Circle, P.W.D., Ayodhya | Ayodhya Zone, P.W.D. Ayodhya |
| 6 | Ayodhya | रूरूखास सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | A, B, C,D | 9.03 | 0.90 | 03 Months | Tender Cost +Stationary Charges+ GST Rs 854.00 | C.D-3, P.W.D. Ayodhya | Ayodhya / Ambedkar nagar, Circle, P.W.D., Ayodhya | Ayodhya Zone, P.W.D. Ayodhya |
| 7 | Ayodhya | ग्रामसभा गोविन्दपुर से भवनाथपुर डाकखाना के पास से प्रानपुर तक सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | A, B, C,D | 9.47 | 0.94 | 03 Months | Tender Cost +Stationary Charges+ GST Rs 854.00 | C.D-3, P.W.D. Ayodhya | Ayodhya / Ambedkar nagar, Circle, P.W.D., Ayodhya | Ayodhya Zone, P.W.D. Ayodhya |
| 8 | Ayodhya | परूवा पूरे लादी सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | A, B, C,D | 8.36 | 0.83 | 03 Months | Tender Cost +Stationary Charges+ GST Rs 854.00 | C.D-3, P.W.D. Ayodhya | Ayodhya / Ambedkar nagar, Circle, P.W.D., Ayodhya | Ayodhya Zone, P.W.D. Ayodhya |
| 9 | Ayodhya | टूटे का पुरवा सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | A, B, C,D | 8.36 | 0.83 | 03 Months | Tender Cost +Stationary Charges+ GST Rs 854.00 | C.D-3, P.W.D. Ayodhya | Ayodhya / Ambedkar nagar, Circle, P.W.D., Ayodhya | Ayodhya Zone, P.W.D. Ayodhya |
| 10 | Ayodhya | पूरे हनुमान सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | A, B, C,D | 6.13 | 0.62 | 03 Months | Tender Cost +Stationary Charges+ GST Rs 854.00 | C.D-3, P.W.D. Ayodhya | Ayodhya / Ambedkar nagar, Circle, P.W.D., Ayodhya | Ayodhya Zone, P.W.D. Ayodhya |
| 11 | Ayodhya | गडेरियन का पुरवा (बनकट) सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | A, B, C,D | 5.97 | 0.60 | 03 Months | Tender Cost +Stationary Charges+ GST Rs 854.00 | C.D-3, P.W.D. Ayodhya | Ayodhya / Ambedkar nagar, Circle, P.W.D., Ayodhya | Ayodhya Zone, P.W.D. Ayodhya |
| 12 | Ayodhya | बीकापुर जाना से नन्दरौली सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | A, B, C,D | 2.88 | 0.28 | 03 Months | Tender Cost +Stationary Charges+ GST Rs 854.00 | C.D-3, P.W.D. Ayodhya | Ayodhya / Ambedkar nagar, Circle, P.W.D., Ayodhya | Ayodhya Zone, P.W.D. Ayodhya |
| 13 | Ayodhya | पातूपुर मार्ग के किमी0 3 से कोयल्सा सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | A, B, C,D | 2.88 | 0.28 | 03 Months | Tender Cost +Stationary Charges+ GST Rs 854.00 | C.D-3, P.W.D. Ayodhya | Ayodhya / Ambedkar nagar, Circle, P.W.D., Ayodhya | Ayodhya Zone, P.W.D. Ayodhya |
| 14 | Ayodhya | रौनाही अगेथुआ मार्ग पर मड़हा नदी सेतु पर अतिरिक्त पहुच सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | A, B, C,D | 19.31 | 1.93 | 03 Months | Tender Cost+ Stationery Charges + GST Rs. 854.00 | C.D-3 P.W.D. Ayodhya | Ayo/Amb. Circle P.W.D. Ayodhya | Chief Engineer Ayodhya Zone P.W.D. Ayodhya |
| 15 | Ayodhya | किठावां सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | A, B, C,D | 8.20 | 0.82 | 03 Months | Tender Cost+ Stationery Charges + GST Rs. 854.00 | C.D-3 P.W.D. Ayodhya | Ayo/Amb. Circle P.W.D. Ayodhya | Chief Engineer Ayodhya Zone P.W.D. Ayodhya |
| 16 | Ayodhya | एन0एच0 28 किमी0 109 के लखौरी बीरभानपुर के किमी0 1 से डेरवा सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | A, B, C,D | 19.25 | 1.92 | 03 Months | Tender Cost+ Stationery Charges + GST Rs. 854.00 | C.D-3 P.W.D. Ayodhya | Ayo/Amb. Circle P.W.D. Ayodhya | Chief Engineer Ayodhya Zone P.W.D. Ayodhya |
| 17 | Ayodhya | सत्ती चौरा बरसेन्डी बड़ागांव सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | A, B, C,D | 20.65 | 2.06 | 03 Months | Tender Cost+ Stationery Charges + GST Rs. 854.00 | C.D-3 P.W.D. Ayodhya | Ayo/Amb. Circle P.W.D. Ayodhya | Chief Engineer Ayodhya Zone P.W.D. Ayodhya |
| 18 | Ayodhya | शेखपुर जाफर सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | A, B, C,D | 21.34 | 2.13 | 03 Months | Tender Cost+ Stationery Charges + GST Rs. 854.00 | C.D-3 P.W.D. Ayodhya | Ayo/Amb. Circle P.W.D. Ayodhya | Chief Engineer Ayodhya Zone P.W.D. Ayodhya |
| 19 | Ayodhya | एन0एच0–28 से लखौरी बीरभानपुर सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | A, B, C,D | 16.41 | 1.64 | 03 Months | Tender Cost+ Stationery Charges + GST Rs. 854.00 | C.D-3 P.W.D. Ayodhya | Ayo/Amb. Circle P.W.D. Ayodhya | Chief Engineer Ayodhya Zone P.W.D. Ayodhya |
| 20 | Ayodhya | मोईयाकपूरपुर सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | A, B, C,D | 24.76 | 2.47 | 03 Months | Tender Cost+ Stationery Charges + GST Rs. 854.00 | C.D-3 P.W.D. Ayodhya | Ayo/Amb. Circle P.W.D. Ayodhya | Chief Engineer Ayodhya Zone P.W.D. Ayodhya |
| 21 | Ayodhya | सौरी देवनाथन से बड़ागांव अमानीगंज पी0एम0जी0एस0वाई0 मार्ग वाया हजरत का पुरवा सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | A, B, C,D | 31.21 | 3.12 | 03 Months | Tender Cost+ Stationery Charges + GST Rs. 854.00 | C.D-3 P.W.D. Ayodhya | Ayo/Amb. Circle P.W.D. Ayodhya | Chief Engineer Ayodhya Zone P.W.D. Ayodhya |
| 22 | Ayodhya | मजनावां सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | A, B, C,D | 26.43 | 2.64 | 03 Months | Tender Cost+ Stationery Charges + GST Rs. 854.00 | C.D-3 P.W.D. Ayodhya | Ayo/Amb. Circle P.W.D. Ayodhya | Chief Engineer Ayodhya Zone P.W.D. Ayodhya |
| 23 | Ayodhya | बरवां ड्योढ़ी से बैदरापुर सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | A, B, C,D | 13.44 | 1.34 | 03 Months | Tender Cost+ Stationery Charges + GST Rs. 854.00 | C.D-3 P.W.D. Ayodhya | Ayo/Amb. Circle P.W.D. Ayodhya | Chief Engineer Ayodhya Zone P.W.D. Ayodhya |
| 24 | Ayodhya | कुन्दुर्खा खास सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | A, B, C,D | 9.92 | 0.99 | 03 Months | Tender Cost+ Stationery Charges + GST Rs. 854.00 | C.D-3 P.W.D. Ayodhya | Ayo/Amb. Circle P.W.D. Ayodhya | Chief Engineer Ayodhya Zone P.W.D. Ayodhya |
| 25 | Ayodhya | पाण्डेयतारा सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | A, B, C,D | 15.37 | 1.53 | 03 Months | Tender Cost+ Stationery Charges + GST Rs. 854.00 | C.D-3 P.W.D. Ayodhya | Ayo/Amb. Circle P.W.D. Ayodhya | Chief Engineer Ayodhya Zone P.W.D. Ayodhya |
| 26 | Ayodhya | बिशुनपुर सारा सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | A, B, C,D | 10.30 | 1.03 | 03 Months | Tender Cost+ Stationery Charges + GST Rs. 854.00 | C.D-3 P.W.D. Ayodhya | Ayo/Amb. Circle P.W.D. Ayodhya | Chief Engineer Ayodhya Zone P.W.D. Ayodhya |
| 27 | Ayodhya | जगनपुर सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | A, B, C,D | 11.76 | 1.76 | 03 Months | Tender Cost+ Stationery Charges + GST Rs. 854.00 | C.D-3 P.W.D. Ayodhya | Ayo/Amb. Circle P.W.D. Ayodhya | Chief Engineer Ayodhya Zone P.W.D. Ayodhya |
| 28 | Ayodhya | तिवारी का पुरवा सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | A, B, C,D | 7.50 | 0.75 | 03 Months | Tender Cost+ Stationery Charges + GST Rs. 854.00 | C.D-3 P.W.D. Ayodhya | Ayo/Amb. Circle P.W.D. Ayodhya | Chief Engineer Ayodhya Zone P.W.D. Ayodhya |
| 29 | Ayodhya | सीवार सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | A, B, C,D | 18.06 | 1.80 | 03 Months | Tender Cost+ Stationery Charges + GST Rs. 854.00 | C.D-3 P.W.D. Ayodhya | Ayo/Amb. Circle P.W.D. Ayodhya | Chief Engineer Ayodhya Zone P.W.D. Ayodhya |
| 30 | Ayodhya | बभनियावां सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | A, B, C,D | 10.47 | 1.04 | 03 Months | Tender Cost+ Stationery Charges + GST Rs. 854.00 | C.D-3 P.W.D. Ayodhya | Ayo/Amb. Circle P.W.D. Ayodhya | Chief Engineer Ayodhya Zone P.W.D. Ayodhya |
| 31 | Ayodhya | इलाहाबाद मार्ग से धरमदासपुर चकिया सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | A, B, C,D | 25.45 | 2.54 | 03 Months | Tender Cost+ Stationery Charges + GST Rs. 854.00 | C.D-3 P.W.D. Ayodhya | Ayo/Amb. Circle P.W.D. Ayodhya | Chief Engineer Ayodhya Zone P.W.D. Ayodhya |
| 32 | Ayodhya | फतेहपुर सम्पर्क मार्ग के किमी0 1(300) में विशेष मरम्मत का कार्य। | A, B, C,D | 16.84 | 1.68 | 03 Months | Tender Cost+ Stationery Charges + GST Rs. 854.00 | C.D-3 P.W.D. Ayodhya | Ayo/Amb. Circle P.W.D. Ayodhya | Chief Engineer Ayodhya Zone P.W.D. Ayodhya |
| 33 | Ayodhya | नजीबपुर सम्पर्क मार्ग के किमी0 1 में विशेष मरम्मत का कार्य। | A, B, C,D | 9.72 | 0.97 | 03 Months | Tender Cost+ Stationery Charges + GST Rs. 854.00 | C.D-3 P.W.D. Ayodhya | Ayo/Amb. Circle P.W.D. Ayodhya | Chief Engineer Ayodhya Zone P.W.D. Ayodhya |

निविदा से सम्बन्धित डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर निविदा दिनांक 10.10.2025 से 18.10.2025 को 12.00 बजे तक आन लाईन अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा दिनांक 18.10.2025 को अपरान्ह 12.30 बजे आन लाईन खोली जायेगी। ठेकेदार से अपेक्षित है कि वे उक्त वेबसाईट को नियमित रूप से देखते रहें, ताकि किसी प्रकार के संशोधन/शुद्धि की स्थिति की जानकारी उनको समय से प्राप्त हो सकें।

UP – 238606 **दिनांक:** 06/10/2025
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**

(सत्यपाल)
अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड–3, लो0नि0वि0,
अयोध्या

# अमृत विचार

**बुधवार, 8 अक्टूबर 2025**




निराशा संभव को असंभव बना देती है।
-मुंशी प्रेमचंद, साहित्यकार



## प्रतिरक्षा की नई परिभाषा

इस वर्ष का फिजियोलॉजी या चिकित्साशास्त्र अथवा मेडिसिन का नोबेल पुरस्कार उन खोजों के लिए दिया गया है, जो मानव प्रतिरक्षा प्रणाली को गहराई से समझने और उसे नियंत्रित करने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। अमेरिका की मेरी ब्रंको, फ्रेड रेम्सडेल तथा जापान के शिमोन साकागुची ने अपने शोध और जैविक प्रयोगों के माध्यम से स्वप्रतिरक्षी या ऑटोइम्यून प्रणाली से जुड़ी वैज्ञानिक समझ में क्रांतिकारी बदलाव ला दिया है। कुल मिलाकर, नोबेल पुरस्कार विजेताओं के शोध ने प्रतिरक्षा प्रणाली से संबंधित क्रियाकलापों और कार्य प्रणालियों की तह में जाकर उनके जिन विकारों के आनुवंशिक, आणविक और पर्यावरणीय निर्धारकों का पता लगाया है, उसने पूरी प्रतिरक्षा प्रणाली को नए सिरे से पुनर्परिभाषित किया है। उनकी खोज से कई रोगों के शीघ्र निदान और लक्षित उपचारों का नया मार्ग प्रशस्त हुआ है। निःसंदेह यह क्रांतिकारी खोज न केवल चिकित्सा विज्ञान में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान है, बल्कि इसने पेरिफेरल इम्यून टॉलरेंस से संबंधित प्रतिरक्षा सहिष्णुता के नए क्षेत्र में आगे के शोध के लिए भी एक ठोस नींव रखी है।

हमारा इम्यून सिस्टम प्रतिदिन रोग उत्पन्न करने वाले लाखों बाहरी सूक्ष्मजीवों और अन्य हमलावर तत्वों से हमारी रक्षा करता है, लेकिन कभी-कभी यही प्रणाली भ्रमित होकर शरीर के अपने अंगों को ही शत्रु समझने लगती है, जिससे टाइप-1 डायबिटीज, रूमेटॉयड आर्थराइटिस जैसे अनेक ऑटोइम्यून रोग उत्पन्न होते हैं। कई बार जब शरीर में कोई अंग प्रत्यारोपित किया जाता है, तो इम्यून सिस्टम उसे भी 'अनजाना' और 'बाहरी' समझकर अस्वीकार कर देता है। इस संदर्भ में पेरिफेरल इम्यून टॉलरेंस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह प्रणाली शरीर की अपनी कोशिकाओं और प्रोटीनों को पहचानती है और यदि कोई टी-सेल उन पर हमला करने की कोशिश करे, तो उसे निष्क्रिय या समाप्त कर देती है। ब्रंको, रेम्सडेल और साकागुची ने इस प्रणाली के 'सुरक्षा प्रहरी'- रेगुलेटरी टी-सेल्स- की पहचान की है। इन टी-सेल्स का कार्य यह सुनिश्चित करना है कि इम्यून सिस्टम गलती से अपने ही शरीर पर हमला न करे। यह खोज प्रतिरक्षा सहिष्णुता की अवधारणा को एक नई वैज्ञानिक परिभाषा देती है और चिकित्सा विज्ञान को एक नई दिशा प्रदान करती है। इन शोधों का महत्व केवल सैद्धांतिक नहीं, बल्कि व्यावहारिक भी है। इससे कैंसर, ऑटोइम्यून रोगों और अंग प्रत्यारोपण से जुड़ी चिकित्सा विधियों में सुधार होगा तथा भविष्य में लाखों मरीजों के लिए यह खोज रोग से राहत का कारण बनेगी।

यह अवसर भारतीय मूल के वैज्ञानिकों की उपलब्धियों को भी याद करने का है। 1968 में हरगोविंद खुराना को मेडिसिन का नोबेल पुरस्कार मिला था। उन्होंने जेनेटिक कोड की संरचना से प्रोटीन निर्माण को समझने में अहम भूमिका निभाई थी और उनकी खोजों ने कैंसर, औषधि-विकास तथा जेनेटिक इंजीनियरिंग के क्षेत्र में क्रांति ला दी थी। आज जब चिकित्सा विज्ञान एक नई क्रांति की ओर बढ़ रहा है, यह उम्मीद स्वाभाविक है कि भविष्य में कोई भारतीय वैज्ञानिक भी इस वैश्विक मंच पर पुनः अपनी प्रतिभा का परचम लहराए।

### प्रसंगवश

## पुण्य तिथिः विश्व के बेजोड़ कथा शिल्पी मुंशी प्रेमचंद

प्रेमचंद हिंद कहानी के आधार स्तंभ हैं। वे विश्व के बेजोड़ कथा शिल्पी माने जाते हैं। हिंदी साहित्य की कहानी यात्रा प्रेमचंद के बिना अधूरी है। उन्होंने कई विश्व प्रसिद्ध उपन्यास भी लिखे, मगर उनकी ख्याति एक कहानीकार के रूप में ज्यादा है। प्रेमचंद की कहानियों में समाज का प्रतिबिंब स्पष्ट रूप से झलकता है। उन्होंने आम आदमी को केंद्र में रखकर अपनी कहानियां लिखीं और आम आदमी के मर्म को छूने का प्रयास किया, जिसके कारण उनकी कहानियां लोगों के बीच बहुत लोकप्रिय हुईं। सामाजिक ताने-बाने पर लिखी गईं, उनकी कहानियां बुनावट, कसावट, शिल्प एवं कथ्य की दृष्टि से बेजोड़ हैं। उन्होंने अपनी कहानियों को भाषा की दुरुहता एवं व्याकरण की जटिलता से बचाने का सफल प्रयास किया है। आम बोलचाल की भाषा में लिखी गईं उनकी कहानियां पाठक के अंतर्मन को गहराई से छू लेती हैं।



सुरेश बाबू मिश्रा
साहित्यकार

प्रेमचंद का जन्म 31 जुलाई 1880 को वाराणसी जिले के लमही नामक गांव में एक मध्यम वर्गीय परिवार में हुआ था। उनके पिता पोस्ट मास्टर थे। प्रेमचंद का वास्तविक नाम धनपत राय था। उन्होंने गरीबी अभावों एवं ग्रामीण जीवन से जुड़ी समस्याओं को काफी निकट से देखा एवं भोगा था। अपनी शिक्षा पूर्ण करने के उपरांत उन्होंने एक शिक्षक के रूप में अपना जीवन प्रारंभ किया। बाद में पदोन्नति पाकर वे विद्यालयों के उपनिरीक्षक बन गए।

1880 से 1936 तक का प्रेमचंद का जीवन काल देश की पराधीनता का काल था। उस समय अंग्रेजों का शासन था। अंग्रेज शासकों के क्रूर अत्याचारों से देश की जनता कराह रही थी। अंग्रेज देश को लूट रहे थे। उन्हें हमारे देश के वैभव से प्यार था और देश की जनता से नफरत। गांवों में अंग्रेजों के वफादार माने जाने वाले राजाओं, जमींदारों, नवाबों एवं साहूकारों का बोलबाला था। उनकी मनमानी और अत्याचारों को झेलने को गांवों की भोली-भाली जनता मजबूर थी। गांव की अधिकांश जनता अनपढ़ और गरीब थी। उनमें तरह-तरह के अंधविश्वास एवं कर्मकांड व्याप्त थे। इस सबको देखकर प्रेमचंद का मन उद्वलित हो उठा और इस अन्याय, अत्याचार और दमन का प्रतिकार करने के लिए उन्होंने अपनी कलम को हथियार बनाया।

प्रेमचंद की अधिकांश कहानियों में ग्रामीण परिवेश की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। उन्होंने आम आदमी के दर्द, बेबसी, भय एवं धर्म भीरूता को अपनी लेखनी द्वारा बड़ी बेबाकी से बयां किया है। उनकी कहानी 'कफन', 'पूस की रात', 'पंच परमेश्वर', 'बूढ़ी काकी', 'बड़े भाई साहब', 'नमक का दरोगा', 'दो बैलों की कथा', 'गुल्ली-डंडा', 'ईदगाह', 'आंसुओं की होली', 'सवासेर गेहूं' आदि में तत्कालीन ग्रामीण परिवेश का प्रतिबिंब झलकता है। यह कहानियां उस समय के ग्रामीणों की दुर्दशा को बयां करती हैं। उनकी कहानियां 'अलग्योझा', 'नागपूजा', 'पंडित मोटेराम की डायरी', 'ठाकुर का खून', 'तगादा', 'गृहदाह', 'मूठ', 'बाबा जी का भोग' तत्कालीन समाज में फैले कर्मकांड, धर्म भीरुता, अंधविश्वास एवं जातिगत भेद पर करारी चोट करते हैं।

उनकी कहानी 'जिहाद', 'मंदिर-मस्जिद', 'अनमोल रतन', 'शतरंज के खिलाड़ी' में उनके मन में बसी देश प्रेम की भावना मुखरित होती है। उनके उपन्यास कर्मभूमि और रंगभूमि में देशप्रेम और स्वराज की भावना और प्रखरता के साथ व्यक्त हुई है। प्रेमचंद की साहित्य यात्रा सन् 1901 में प्रारंभ हुई। वे नवाब राय नाम से कहानियां लिखते थे। उस समय 'जमाना' उर्दू की मशहूर पत्रिका थी। प्रेमचंद की पहली कहानी 'जमाना' पत्रिका में ही छपी। ये उर्दू में थी, बाद में प्रेमचंद उर्दू और हिंदी दोनों में लिखने लगे।

## भारत को मिलते अहम साझेदार





नवीन गुप्ता
बरेली


अमेरिका से टैरिफ वार के बीच भारत लगातार अपने दूसरे देशों से कारोबारी रिश्ते और मजबूत करने में लगा हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस अभियान को चार और यूरोपीय देशों का समर्थन मिला है।


अमेरिका से टैरिफ वार के बीच भारत लगातार अपने दूसरे देशों से कारोबारी रिश्ते और मजबूत करने में लगा हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस अभियान को चार और यूरोपीय देशों का समर्थन मिला है। जल्द ही यूरोपियन यूनियन भी हमारे साथ मुक्त व्यापार समझौता कर लेगा। स्विटजरलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिकटेंस्टीन के समूह यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ से समझौता कर भारत ने ऐतिहासिक कदम उठाया है। इस समझौते से भारत को 15 सालों में इन देशों से 100 अरब डॉलर का निवेश मिलने का अनुमान है, जिससे भारत में लगभग 10 लाख नई नौकरियों के अवसर पैदा होंगे। अगले तीन माह के अंदर यूरोपियन यूनियन से मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने की तैयारी है। इसमें भारत की मदद फ्रांस, जर्मनी, इटली, साइप्रस जैसे महत्वपूर्ण सदस्य देश कर रहे हैं। 27 सदस्यों वाले इस समूह से उम्मीद है कि अगले दो से तीन माह के अंदर यह समझौता हो जाएगा। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कूटनीति की सबसे बड़ी और अहम जीत होगी।

प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शी सोच ही है कि उन्होंने टैरिफ वार को भांप लिया था और यूरोपियन यूनियन हो या अन्य छोटे-बड़े देश, उनसे मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए तेजी से कदम आगे बढ़ाए। भारत और यूरेशियन इकोनॉमिक यूनियन के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत चल रही है। रूस इस यूनियन का प्रमुख सदस्य देश है। नवंबर में भारत में आयोजित बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा होगी। इस समझौते से भारत का रूस के साथ जहां व्यापार घाटा कम होगा, वहीं भारतीय उत्पाद रूस व इस यूनियन के प्रमुख देशों में आसानी से पहुंच सकेगा। इस यूनियन में शामिल बेलारूस, कजाकिस्तान, किर्गिजस्तान और आर्मेनिया भी चाहते हैं कि भारत के साथ जल्द से जल्द समझौता हो जाए, ताकि उन्हें इसका लाभ मिले।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दिसंबर में भारत आएंगे। इससे पहले होने वाली बैठक में यूरेशियन इकोनॉमिक यूनियन से समझौते के संबंध में ठोस परिणाम निकलने की उम्मीद है। पुतिन के दौरे पर भारत के साथ रक्षा के साथ ही कई अन्य समझौते होने की उम्मीद है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर भी आज भारत आ रहे हैं। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिटेन दौरे के दौरान उन्हें भारत आने का निमंत्रण दिया था। भारत की आधिकारिक यात्रा पर आ रहे स्टार्मर का प्रधानमंत्री बनने के बाद पहला दौरा है।

उनकी यह यात्रा विजन 2035 के तहत भारत-यूके व्यापक रणनीतिक साझेदारी को नई दिशा देने का अवसर प्रदान करेगी। स्टार्मर दो दिनों तक भारत में रहेंगे। नौ अक्टूबर को मुंबई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ ब्रिटिश प्रधानमंत्री की बैठक होगी। इसमें दोनों नेता व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, रक्षा, ऊर्जा, स्वास्थ्य और शिक्षा सहित द्विपक्षीय सहयोग के सभी प्रमुख क्षेत्रों पर बातचीत करेंगे। उम्मीद है कि दोनों समकक्ष भविष्य की भारत-ब्रिटेन आर्थिक साझेदारी के केंद्रीय स्तंभ के रूप में भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते (सीईटीए) द्वारा प्रस्तुत अवसरों पर व्यवसायों और उद्योग जगत के नेताओं के साथ बातचीत भी कर सकते हैं। मुंबई में होने वाली बैठक में इंपीरियल कॉलेज लंदन के अध्यक्ष प्रोफेसर ह्यूग ब्रैडी भी शामिल होंगे।

प्रधानमंत्री स्टार्मर के भारत दौरे से पहले ही पिछले दिनों क्वांटम कंप्यूटिंग और जैव प्रौद्योगिकी का उपयोग करके जलवायु परिवर्तन के हिसाब से फसलें उगाने में किसानों की मदद करने के लिए इंपीरियल कॉलेज लंदन और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बॉम्बे के बीच समझौता हो चुका है। इस समझौते को ऐतिहासिक माना जा रहा है। जुलाई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिटेन यात्रा के दौरान भारत व ब्रिटेन के बीच ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इस समझौते का उद्देश्य एक-दूसरे देश के बाजार में उत्पादों की पहुंच बढ़ाने, ब्रिटिश व्हिस्की, कार व अन्य वस्तुओं पर शुल्क कम करना था। साथ ही 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने का लक्ष्य है। अमेरिका से चल रहे टैरिफ वार के बीच प्रधानमंत्री स्टार्मर का दौरा देश के लिए ऐतिहासिक माना जा रहा है। टैरिफ को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मनमानी करेंगे, यह बात तो दोनों देशों को पता थी। यही वजह है कि इससे पहले ही भारत-ब्रिटेन ने मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। अब स्टार्मर भारत आ रहे हैं तो उम्मीद है कि कई और समझौते होंगे जो दोनों देशों की प्रगति के लिए मील का पत्थर साबित होंगे।

भारत ने अब तक 16 देशों और ब्लॉक्स के साथ एफटीए पर हस्ताक्षर किए हैं। इनमें सिंगापुर, मलेशिया, श्रीलंका, भूटान, थाईलैंड, ऑस्ट्रेलिया, कोरिया, जापान, यूएई, यूके, मॉरीशस और आसियान शामिल हैं। इसके साथ ही भारत सरकार ओमान, पेरू, चिली, न्यूजीलैंड और इजराइल के साथ भी व्यापार समझौते पर बात कर रही है। इन देशों से रिश्ते को देखते हुए यह उम्मीद है कि जल्द ही यहां भी भारत को सफलता मिलेगी। खास बात यह है कि भारत जिन भी देशों या संघ से समझौता कर रहा है, वहां हमारे किसानों या कारोबारियों, उद्यमियों के हितों से कोई समझौता नहीं किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी पहले ही कह चुके हैं कि वे किसानों, उद्यमियों के हितों से किसी भी स्थिति में समझौता नहीं करेंगे। यह बात उन्होंने अमेरिका द्वारा लगाए गए भारी भरकम टैरिफ के बाद कही थी। भारत अभी भी अमेरिकी टैरिफ के आगे झुका नहीं है, जो दर्शाता है कि भारतीय नेतृत्व अब हितों से समझौता करने के बजाय अमेरिका जैसे देशों की मनमानी के सामने तनकर खड़ा रहेगा।

### आमने सामने



क्या यह सच नहीं है कि कल सुबह आप मेरी सोसाइटी में आईं तो मैंने ससम्मान आपको अपने घर पर बुलाया और करीब 1:30 घंटे हम लोगों की बात हुई? आपके द्वारा बस एक ही रट कि मुझे चुनाव लड़वाइए कैसे भी, जो कि मेरे बस का नहीं?
-पवन सिंह
भोजपुरी अभिनेता

मीडिया के सामने आप भी बैठिए और मैं भी बैठूंगी। आइए और खुलकर बात कीजिए। यदि आप मुझे जीवनभर के लिए पत्नी के रूप में स्वीकार करते हैं, तो मैं चुनाव नहीं लडूंगी, क्योंकि हम सत्ता के लिए अपनों का इस्तेमाल करने में विश्वास नहीं रखते हैं। -ज्योति सिंह
पवन सिंह की पत्नी



## बिहार का रणः बीजेपी के लिए साख का सवाल



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

यह चुनाव अमित शाह के लिए विशेष महत्व रखता है। उन्होंने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को दो-तिहाई बहुमत के साथ विजयी बनाने का लक्ष्य रखा है।

बिहार में विधानसभा चुनावों का बिगुल बज चुका है। चुनाव आयोग ने मतदान की तारीखों की घोषणा कर दी है। छह और 11 नवंबर को मतदान होगा। नतीजे 14 नवंबर को आएंगे। यह चुनाव केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के लिए विशेष महत्व रखता है। उन्होंने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को दो-तिहाई बहुमत के साथ विजयी बनाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए भाजपा कार्यकर्ताओं को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। शाह का दावा है कि राजग न केवल पूर्ण बहुमत के साथ बिहार में सरकार बनाएगा, बल्कि घुसपैठियों को राज्य की पवित्र धरती से बाहर भी करेगा।




अमित शाह का फोकस इस बार सीमांचल (पूर्वोत्तर बिहार) के नौ जिलों पर है, जहां उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बड़ी टीम तैनात की है। उनकी रणनीति साफ है- राजद और एमआईएम के गढ़ में कमल खिलाना। 243 सीटों वाली बिहार विधानसभा में राजग के लिए 160 से अधिक सीटें जीतने का लक्ष्य रखा गया है। सीमांचल में घुसपैठ को मुख्य मुद्दा बनाया जा रहा है, जहां मुस्लिम आबादी काफी है और घुसपैठ हिंदुओं के लिए समस्या बनी हुई है। हाल के वर्षों में इस क्षेत्र में हिंदू पर्वों और त्योहारों पर पथराव और हिंसा की घटनाएं सामने आई हैं, जिसे अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गंभीरता से लिया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले से अपने भाषण में घुसपैठियों के वोटर लिस्ट में शामिल होने के मुद्दे को उठाया था। शाह और मोदी ने कांग्रेस की मतदाता अधिकार यात्रा के जवाब में घुसपैठियों के मताधिकार को मुद्दा बनाया है। चुनाव आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद लगभग 45 लाख पुराने मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। भाजपा केवल घुसपैठ के मुद्दे पर निर्भर नहीं है।

अयोध्या में राम मंदिर के बाद बिहार में मां जानकी मंदिर का निर्माण, मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत 75 लाख महिलाओं को 10,000 रुपये का वितरण और अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार जैसे मुद्दे भी अभियान का हिस्सा हैं। यह चुनाव भाजपा और विशेष रूप से प्रधानमंत्री मोदी के लिए सामान्य नहीं है। घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय मोर्चों पर चुनौतियों के बीच यह चुनाव राजग के लिए बड़ी परीक्षा है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और वैश्विक दबावों का सामना करने की सरकार की दृढ़ता ने भारत को गर्व का विषय बनाया है। सवाल यह है कि क्या मोदी बिहार के मतदाताओं पर अपना जादू चला पाएंगे?

बिहार में भले ही राजग के बैनर तले चुनाव लड़ा जा रहा हो, लेकिन यह स्पष्ट है कि यह मोदी और शाह का चुनाव है। मोदी ने विश्वास निर्माण का अनूठा प्रयोग किया है। 1985-1990 के बीच गुजरात में भाजपा के लिए काम करते हुए उन्होंने और अमित शाह ने पहली बार अपनी जोड़ी का कमाल दिखाया। तब से शाह हर चुनाव में मोदी की जीत के शिल्पकार बने हैं। बिहार में एक बार फिर अमित शाह की संगठनात्मक क्षमता की परीक्षा है। हरियाणा और महाराष्ट्र के चुनाव परिणामों में उनकी रणनीति की सफलता देखी जा चुकी है।

बिहार में भी वह सोशल इंजीनियरिंग पर जोर दे रहे हैं, जिसमें जातिगत समीकरणों को साधना शामिल है। नए चेहरों को पार्टी से जोड़ा जा रहा है और मुद्दों व नारों को अंतिम रूप दे दिया गया है। बिहार चुनाव में ऑपरेशन सिंदूर, पाकिस्तान को आत्मसमर्पण को मजबूर करना और देशव्यापी जाति सर्वेक्षण जैसे मुद्दे जोर-शोर से उठाए जाएंगे।

भाजपा ने 40 पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है, जिसमें धर्मेंद्र प्रधान प्रभारी हैं और उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भी शामिल हैं। मंदिर और मंडल दोनों मुद्दों को साथ लेकर चलने में शाह की विश्वसनीयता स्थापित है। अमित शाह की संगठनात्मक क्षमता और नरेंद्र मोदी की रणनीतिक समझ बिहार में राजग की जीत की कुंजी है। गुजरात से लेकर उत्तर प्रदेश तक शाह ने संगठन को मजबूत करने का काम किया है। बिहार में क्या वह हरियाणा की सफलता को दोहरा पाएंगे? यह समय बताएगा।

### सोशल फोरम

## राष्ट्रपति मंडेला और उनका मेहमान जेलर





अनीता संजीव
ब्लॉगर

दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति बनने के बाद एक बार नेल्सन मंडेला अपने सुरक्षा कर्मियों के साथ एक रेस्त्रां में खाना खाने गए। सबने अपनी-अपनी पसंद का खाना आर्डर किया और खाना आने का इंतजार करने लगे। उसी समय मंडेला की सीट के ठीक सामने की सीट पर एक व्यक्ति अपने खाने का इंतजार कर रहा था।

मंडेला ने अपने सुरक्षाकर्मी से कहा कि उन्हें भी अपनी टेबल पर बुला लो। ऐसा ही हुआ। उस आदमी को बुलाया गया। वह संकोच के साथ उनकी टेबल पर आकर बैठ गया। सभी खाना खाने लगे, लेकिन खाना खाते वक्त उस आदमी के हाथ कांप रहे थे।

खाना खत्म करने के बाद वह आदमी सिर झुकाकर रेस्त्रां से बाहर निकल गया।

उस आदमी के जाने के बाद मंडेला के सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि वह व्यक्ति शायद बहुत बीमार था। खाते वक्त उसके हाथ लगातार कांप रहे थे और वह खुद भी कांप रहा था।

मंडेला ने कहा, "ऐसा नहीं है। वह उस जेल का जेलर था, जिसमें मुझे 27 साल कैद रखा गया था। जब कभी मुझे यातनाएं दी जाती थीं और मैं कराहते हुए पानी मांगता था तो ये मेरे ऊपर पेशाब किया करता था। मैं अब राष्ट्रपति बन गया हूं। उसने समझा कि मैं भी उसके साथ शायद वैसा ही व्यवहार करूंगा।"

नेल्सन मंडेला ने आगे कहा, "पर मुझे लगता है कि बदले की भावना से काम करना विनाश की ओर ले जाता है। वहीं धैर्य और सहिष्णुता की मानसिकता हमें विकास की ओर ले जाती है।"

**-फेसबुक वाल से**

### सामयिकी

## आत्मनिर्भर महिलाएं राष्ट्र को बना सकती हैं उन्नत

देश के तमाम गांवों की असंख्य महिलाएं आज भी रोजगार के लिए संघर्ष कर रही हैं। उनकी मेहनत और जिम्मेदारियां बहुत हैं, लेकिन अवसर कम, जिन्हें अपनी कड़ी मेहनत के बावजूद श्रम का उचित मूल्य नहीं मिल पाता है। इससे वह विकास की दौड़ में पिछड़ जाती हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि महिलाओं के विकास का रास्ता रोजगार से होकर ही गुजरता है, जिससे न केवल उन्हें आर्थिक स्वतंत्रता मिलती है बल्कि उनका आत्म-सम्मान, निर्णय लेने की शक्ति और सामाजिक पहचान भी मजबूत होती है।

गांव की महिलाओं को रोजगार से जोड़ना इसलिए बेहद जरूरी है, क्योंकि यहां की महिलाएं अब भी परंपरागत सोच, संसाधनों की कमी और शिक्षा की सीमाओं से बंधी हुई हैं। जब उन्हें काम और कमाई का अवसर मिलेगा, तभी वे अपने बच्चों की पढ़ाई, पोषण और परिवार की खुशहाली में बराबरी का योगदान दे सकेंगी। आंकड़े बताते हैं कि ग्रामीण इलाकों में महिला श्रम-शक्ति की स्थिति मिश्रित है। बात राजस्थान की करें तो 'Periodic Labour Force Survey (PLFS)' के अनुसार, यहां की ग्रामीण महिलाओं का श्रम भागीदारी दर (15 वर्ष और उससे अधिक आयु) राष्ट्रीय औसत से लगभग 10 प्रतिशत अधिक है। इसका मतलब यह है कि महिलाएं किसी न किसी रूप में काम कर रही हैं, परंतु यह काम ज़्यादातर असंगठित क्षेत्र या कृषि मजदूरी तक सीमित है।



पूजा मेहरा
लेखिका

महिलाएं मेहनत तो खूब करती हैं, पर उनका योगदान समाज और परिवार दोनों ही जगहों पर कम करके आंका जाता है। ग्रामीण महिलाएं खेतों में काम करती हैं, पशुपालन करती हैं, घर और बच्चों की देखभाल करती हैं, परंतु इन्हें 'रोज़गार' नहीं माना जाता, क्योंकि इन कामों के लिए नियमित आय या सम्मानजनक वेतन नहीं मिलता। यही वजह है कि वह आर्थिक रूप से किसी पर निर्भर बनी रहती है। यदि इन्हें संगठित ढंग से स्वरोजगार के अवसर, प्रशिक्षण और बाजार तक पहुंच मिले तो यह मेहनत एक उत्पादक और सम्मानजनक रोजगार में बदल सकती है।

रोजगार से जुड़ी यह कमी केवल आर्थिक पक्ष तक सीमित नहीं रहती, बल्कि यह सामाजिक ढांचे को भी प्रभावित करती है। एक महिला जो अपने पैरों पर खड़ी होती है, वह न केवल घर के खर्च उठाने में मदद करती है, बल्कि वह अपने बच्चों की पढ़ाई को प्राथमिकता देती है। एक सर्वे के अनुसार जब किसी परिवार में महिला आय अर्जित करती है, तो उस परिवार में बालिकाओं के स्कूल जाने की संभावना 20 प्रतिशत तक बढ़ जाती है। यही नहीं, परिवार का पोषण स्तर और स्वास्थ्य पर खर्च भी बढ़ता है। समाज में महिला की भूमिका को अभी भी 'घर तक सीमित' मानने की सोच हावी है। यही कारण है कि शिक्षा प्राप्त करने के बावजूद कई महिलाएं रोजगार तक नहीं पहुंच पातीं।

महिलाएं जब रोजगार से जुड़ेंगी, तो यह केवल उनकी आय का सवाल नहीं होगा, बल्कि समाज में उनकी आवाज और अस्तित्व को मान्यता देने का सवाल होगा। आर्थिक स्वतंत्रता से वे घरेलू हिंसा, बाल विवाह और पितृसत्ता की अन्य जंजीरों से बाहर निकल सकेंगी। इसके लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए स्थानीय स्तर पर प्रयास करने होंगे। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को ऋण और बाजार से जोड़ना, कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करना और सरकार की योजनाओं में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना आवश्यक है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत***
0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

भारत देश में लोक गीत, संगीत, नृत्य, परंपराएं और कलाएं आदि केवल प्रदर्शन या मनोरंजन का साधन नहीं है, वास्तव में ये समाज को सुगठित रूप से संचालित करने का सूत्र है। विभिन्न बोलियों, भाषाओं, अंचलों, संस्कारों वाले विविधता भरे हमारे देश में लोक कलाएं, परंपराएं मानव सभ्यता के विकास की सहयात्री रही हैं। आधुनिक शिक्षा के प्रसार में पारंपरिक लोक परंपराएं, कलाएं लुप्त होती जा रही हैं, उन्हें अपने अस्तित्व और अपने पारंपरिक स्वरूप को बनाए रखने के संकट से जूझना पड़ रहा है। लोक कलाओं की विविध विधाओं से समाज को, विशेषकर नई पीढ़ी को परिचित कराना आवश्यक है।





# कठपुतली लोक कला का जीवंत रूप

हम जब छोटे बच्चे थे, हमारे आसपास कोई भी मेला, धार्मिक त्योहार या सामाजिक आयोजन कठपुतली नाच के बिना अधूरा होता था। भारत में पारंपरिक कठपुतली नाटकों की कथावस्तु में पौराणिक साहित्य, लोक कथाएं और किंवदंतियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। कठपुतली राजस्थान की प्राचीन लोक कला है। राजस्थान की यह लोक कला भारत और पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। कठपुतली लोक कला भट आदिवासी जाति के लोगों का पारंपरिक व्यवसाय भी है। कठपुतलियों को तार अथवा धागे के माध्यम से अंगुलियों द्वारा नचाया जाता है।



राजकुमार जैन राजन
लेखक

कठपुतली विश्व के प्राचीनतम रंगमंच पर खेले जाने वाले मनोरंजक कार्यक्रमों में से एक है। कठपुतलियों को विभिन्न प्रकार के पुरुष, पशु, देव, असुर पात्रों के रूप में बनाया जाता है। इनका नाम कठपुतली इस कारण पड़ा, क्योंकि इनको लकड़ी अर्थात काष्ट से बनाया जाता था। कठपुतली के इतिहास के बारे में कहा जाता है कि ईसा पूर्व चौथी शताब्दी में महाकवि पाणिनी की 'अष्टाध्याई' ग्रंथ में हमें 'पुतला नाटक' का उल्लेख मिलता है। इसके जन्म को लेकर कुछ पौराणिक मत इस प्रकार मिलते हैं कि भगवान शिवजी ने काठ की मूर्ति में प्रवेश कर, माता पार्वती का मन बहलाकर इस कला को प्रारंभ किया था। इसी प्रकार उज्जैन नगरी के राजा विक्रमादित्य के सिंहासन में जड़ित 32 पुतलियों का उल्लेख 'सिंहासन बत्तीसी' नामक कथा में भी मिलता है।

भारत सहित एशियाई देशों में कठपुतली नाट्य सदियों से लोकानुरंजन और शिक्षण के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते आ रहे हैं। भारत से लेकर पूर्वी एशिया के देशों जैसे इंडोनेशिया, म्यांमार, थाईलैंड, श्रीलंका,



जावा, सुमात्रा इत्यादि में विस्तार हुआ। आधुनिक युग में यह कला रूस, रोमानिया, चेकोस्लोवाकिया, जर्मनी, जापान, अमेरिका, चीन आदि देशों में विस्तारित हो चुकी है। अब कठपुतली का उपयोग मात्र मनोरंजन न रहकर शिक्षा कार्यक्रमों, विज्ञापनों आदि अनेक क्षेत्रों में किया जा रहा है।

हमारी विविधरंगी लोक संस्कृति, परंपरा, कलाओं की परंपरा में कठपुतली नृत्य का विशेष महत्व है। आज साइबर दुनिया में वैश्वीकरण की आपाधापी में हमारी आने वाली भावी पीढ़ी को हमारी इस स्वर्णिम विरासत से परिचित कराना बेहद आवश्यक हो गया है। हमारी लोकजीवन, संस्कृति, कला, परंपरा आदि का प्रत्येक पक्ष इतना प्रबल व सशक्त है कि संवेदनहीन व्यक्ति भी संवेदना के तीव्र उद्वेग को उत्पन्न कर सकता है। भारतीय कला और कलाकृतियां व्यक्ति की आत्मा को झंझोड़ने की क्षमता रखती है।

उदयपुर शहर में विश्व विख्यात 'भारतीय लोक कला मण्डल' में इसकी स्थापना के साथ ही कठपुतली कला को विश्वव्यापी बनाने के स्तुत्य प्रयास किए हैं। कई कलाकारों को कठपुतली प्रदर्शन का प्रशिक्षण विश्व स्तर पर यहां प्राप्त हुआ है। भारतीय संस्कृति, चिंतनपरंपरा, धर्म, अध्यात्म और दर्शन के मिश्रण ने कठपुतली कला को संप्रेक्षणीय बनाया है। यह सच है कि भारतीय कला परंपराओं का संरक्षण उनके लगातार प्रदर्शन से ही संभव हो सकता है। देश में साक्षरता अभियान, बाल-विवाह, स्वच्छ भारत मिशन अभियान, मतदान के लिए जागरुकता अभियान जैसे आमजन को उनकी अपनी संस्कृति की भाषा में जागरूक करने के लिए कठपुतलियां माहौल को जीवंत कर देती हैं।

कला का क्षेत्र आज बहुत व्यापक हो गया है, इसमें निरंतर नई दृष्टि से कलाओं के नवीन स्वरूप का सृजन हो रहा है। पिछले कुछ वर्षों से राज्य में परंपरागत रीति-रिवाजों पर आधारित कठपुतली के खेलों में काफी परिवर्तन हो गया है। अब यह खेल गांवों, मोहल्लों, सड़कों, गलियों में न होकर थियेटरों, बड़े-बड़े मुक्ताकाशी रंगमंचों व सितारा होटलों में होने लगा है। इसके बावजूद राजकीय संरक्षण व पोषण के अभाव में इस लोक-कला के अस्तित्व पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। अब गांव-मोहल्लों में कहीं कठपुतली का खेल नजर नहीं आता। कठपुतलियां केवल सजावटी वस्तु के रूप में ही खरीदी जा रही हैं। कठपुतली कला के संरक्षण-संवर्धन के लिए व्यापक प्रयत्नों की दरकार है। नए आयाम, नए प्रतिमान, नए मायने और नई तकनीकों की खोजकर कठपुतली कला और कलाकारों को राज्याश्रय मिलना ही चाहिए।

# प्रभु श्रीराम के बाल्यकाल की कहानियां सुनाता अयोध्या का दशरथ महल



धार्मिक दृष्टिकोण से विश्व में भारत राम के देश के नाम से जाना जाता है,क्योंकि यहां राम की जन्मस्थली अयोध्या है। यह दुनियाभर के हिंदू धर्मावलंबियों के आस्था का केंद्र है। यहां और भी स्थल हैं, जो भगवान राम से जुड़े हैं और वे उनके बचपन की कहानियां सुनाते हैं। इसी में एक दशरथ महल है, जहां के बारे में कहा जाता है कि बाल्यावस्था में राम यहीं पैजनिया पहनकर ठुमकते हुए चलते थे। रामायण में भी इसका वर्णन है "ठुमक चलत रामचंद्र पहने पैजनिया"।



यशोदा श्रीवास्तव
लेखक

## जब चांद के लिए हठ करने लगे प्रभु श्रीराम

वह दशरथ महल ही है, जहां माता कौशल्या की गोद में पैजनिया पहने ठुमक कर चलते सकल ब्रह्मांड के नायक भगवान राम अपने पिता राजा दशरथ से चांद पाने का हठ कर लेते हैं और राजा दशरथ थाली में जल भरकर रामलला को चंद्रमा के प्रतिबिंब को पकड़ लेने को प्रेरित करते हैं। बाल्य अवस्था के राम चंद्रमा को पकड़ने के लिए थाली भरे पानी में छपकोइया खेलते रहते हैं। भगवान राम के बाल्यअवस्था का यह दृश्य हर किसी को मोहित करता है। यह वही दशरथ महल है, जो 500 साल के पराभव काल के दौरान भी मौजूदा रामजन्म भूमि क्षेत्र पर श्रीराम के मंदिर होने के साक्ष्यों की गवाही देता रहा।

## सभी धार्मिक ग्रंथों में है दशरथ महल का वर्णन

दशरथ महल के महात्म्य का वर्णन राम से जुड़े सभी ग्रंथों में है। चाहे वाल्मीकि रामायण हो, महान कवि तुलसीदास कृत रामचरित मानस हो या रामानंद सागर कृत रामायण टीवी सीरियल ही क्यों न हो, रामलला के बाल्यकाल के सुलभ हठ, किलकारियां, हंसने-मुसकुराने, रोने-मनाने की लीलाओं का संबंध जिस दशरथ महल के प्रांगण से था इसका उल्लेख सबमें है। यह त्रेतायुग से लेकर आज तक भी यथावत है। भव्य मंदिर में बालस्वरूप रामलला के विराजते ही दशरथ महल का यह प्रांगण भी भाव विह्वल हो उठा।

## 2021 में हुआ दशरथ महल का जीर्णोद्धार

अयोध्या में चूंकि सभी मंदिर और मसलें जीर्ण-क्षीर्ण थे, दशरथ महल भी खस्ताहाल था। जब भव्य राम मंदिर के निर्माण की बारी आई तभी 2021 में दशरथ महल का भी पुनरोद्धार हुआ। हालांकि वर्ष 2013 में अखिलेश सरकार ने भी इसके जीर्णोद्धार के लिए 2.04 करोड़ का बजट जारी किया था, लेकिन किन्हीं कारणों से दशरथ महल के जीर्णोद्धार का कार्य प्रारंभ नहीं हो सका और वह बजट धरा का धरा गया। शायद उस वक्त की सरकार व उच्च प्रशासन में 'राम काज कीजै बिना मोहे कहां विश्राम' जैसी इच्छा शक्ति का अभाव था।

## योगी सरकार ने यहां उपलब्ध कराई तमाम सुविधाएं

योगी सरकार ने दशरथ महल के जीर्णोद्धार व सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण की प्रक्रिया को अमली जामा पहनाते हुए करीब तीन करोड़ रुपये खर्च कर यहां सत्संग भवन, प्रवेश द्वार, रैन बसेरा व दर्शनार्थी सहायता केंद्र के निर्माण- पुनरोद्धार व सुदृढ़ीकरण कर इसकी ऐतिहासिक खूबसूरती को बहाल कर दिया है। यहां निर्मित 650 स्क्वायर मीटर में बने सत्संग भवन में लगभग 300 से 350 सत्संगी एक साथ कीर्तन-भजन कर सकेंगे। दशरथ भवन की तरफ श्रद्धालुओं को भौतिक रूप से आकर्षित करने के लिए जगमगाती लाइटिंग सभी को अपनी ओर आकर्षित करती है। यहां श्रीराम के जीवन को चित्रित करते हुए वाल पेंटिंग, रामचरित मानस के दोहे लिखे हैं। दशरथ महल का भव्य प्रवेश द्वार अपने पुराने वैभव को संरक्षित करते हुए यह आधुनिकता की चासनी से भी लैश है। खंभों और दीवारों पर लंबे समयावधि तक टिकाऊ रहने वाले पेंट-कोटिंग की परत चढ़ाई गई है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो इसके लिए विशेष दर्शनार्थी सहायता केंद्र भी स्थापित है, जो यहां की समृद्ध विरासत, ऐतिहासिक महत्व, सांस्कृतिक योगदान व आध्यात्मिक महत्व के बारे में अवगत कराता है।

# व्यवस्था पर चोट और व्यंग्य का ताना बाना: जी लो जिंदगी व राजा मूंछो सिंह

हल्द्वानी के सुशीला तिवारी मेडिकल कॉलेज के प्रेक्षागृह में रंगमंच की एक ऐसी शाम सजी, जिसने दर्शकों को हंसी और विचार दोनों से भर दिया। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली, शैलनट और आनंदा अकादमी हल्द्वानी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एक माह की अभिनय एवं नाट्य प्रशिक्षण कार्यशाला की परिणति स्वरूप दो नाटकों का भव्य मंचन हुआ।



कार्यशाला में प्रशिक्षित कलाकारों में अधिकांश पहली बार मंच पर उतरे थे, किंतु एनएसडी के रंगकर्मी चंदन बिष्ट, चित्रा बिष्ट और शैलनट के संस्थापक श्रीश डोभाल के मार्गदर्शन ने उन्हें ऐसा आत्मविश्वास और परिष्कार दिया कि दर्शक उनकी नवीनता भूल बैठे। अभिनय की सहजता और संवादों की पैनी पकड़ इस बात का प्रमाण थी कि एक माह का यह अभ्यास किसी गहन साधना से कम नहीं रहा। पहला नाटक जी लो जिंदगी, रूस के प्रसिद्ध नाटककार निकोलाई एडमैन की द सुसाइड से प्रेरित था। यह नाटक एक बेरोजगार युवक गुमान सिंह (अथर्व नेगी) की कथा है, जो सास (योगिता भंडारी) और समाज के तानों से जूझते हुए जीवन से हार मान लेता है। विभिन्न संगठनों और संस्थाओं के स्वार्थपूर्ण शोषण से निराश गुमान आत्महत्या जैसा कदम उठाने को बाध्य होता है, किंतु जीवनसंगिनी गीता (संस्कृति लोहनी) का सहयोग और आत्मचिंतन उसे नए उद्देश्य की ओर ले जाता है। गुमान सिंह के रूप में अथर्व नेगी ने अपनी गहन संवेदना से दर्शकों को बांधे रखा, वहीं संस्कृति लोहनी और योगिता भंडारी ने अपने पात्रों को प्राणवान बना दिया। गौरव जोशी ने ठेकेदार के रूप में नाटक में तीखापन और धार जोड़ी। यह नाटक न केवल बेरोजगारी की पीड़ा, बल्कि व्यवस्था की खोखली परतों और स्वार्थी संगठनों पर करारा व्यंग्य था।



हरीश उप्रेती करन
लेखक

दूसरा नाटक राजा मूंछो सिंह एक हल्का-फुल्का व्यंग्य था, जो गंभीर संदेश भी छोड़ गया। राजा (ज्योति जीना) अपनी मूंछों को ही अपनी सत्ता और शान मान बैठता है। नतीजा-राजाज्ञा से सब कुछ मूंछों वाला होना चाहिए, पलंग से लेकर बच्चों के खिलौनों तक। दरबार में मंत्री, कवि, प्रजा सब मूंछों की प्रशंसा में गीत गाते और लाभ उठाते हैं। यहां तक कि चोर-उचक्के भी मूंछों पर कविता सुनाकर सजा मुक्त हो जाते हैं। इस रंग-व्यंग्य के बीच जब एक पड़ोसी राज्य का जासूस नाई बनकर मूंछें काट देता है, तब राजा को अपने कर्तव्य का बोध होता है कि राजधर्म शान-शौकत में नहीं, प्रजाहित में है। रानी (गुंजन अधिकारी) और नटी (मयाली पांडे) व दुश्मन देश के सैनिक के रूप में वैभव बेलवाल ने अपने सहज और चुलबुले अभिनय से नाटक को जीवंत बनाया। दोनों प्रस्तुतियां दर्शाती हैं कि मंच केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि समाज का आईना और प्रश्न करने का माध्यम भी है। जी लो जिंदगी जहां व्यवस्था और बेरोजगारी की चुभन को उघाड़ता है, वहीं राजा मूंछो सिंह व्यंग्य और हंसी के जरिए सत्ता के असली कर्तव्यों की याद दिलाता है। हल्द्वानी की इस रंग-संध्या ने सिद्ध कर दिया कि थोड़े समय की सघन साधना भी यदि सही मार्गदर्शन और समर्पण से हो तो वह मंच पर अद्भुत प्रभाव छोड़ सकती है।



| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 81,926.75 | 25,108.30 |
| बढ़त | 136.63 | 30.65 |
| प्रतिशत में | 0.17 | 0.12 |

सोना 1,24,000
प्रति 10 ग्राम

चांदी 1,54,000
प्रति किलो

अमृत विचार
लखनऊ, बुधवार, 8 अक्टूबर 2025
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### कोयला निर्यात 23% बढ़कर 19.08 लाख टन

**नई दिल्ली।** देश का कोयला निर्यात वित्त वर्ष 2024-25 में 23.4% बढ़कर 19.08 लाख टन रहा। सरकार जीवाश्म ईंधन (कोयला, पेट्रोल) की बढ़ती वैश्विक मांग का लाभ उठाने के लिए कोयला निर्यात को बढ़ावा दे रही है। इस लिहाज से यह आंकड़ा महत्वपूर्ण है। वित्त वर्ष 2024-25 के आंकड़े अस्थायी हैं। देश का कोयला निर्यात 2023-24 में 15.46 लाख टन था। मूल्य के संदर्भ में 2023-24 में कोयला निर्यात 1,828.2 करोड़ और 2024-25 में 1,643.4 करोड़ रुपये का था। नेपाल, बांग्लादेश और भूटान जैसे देशों को भारत कोयला निर्यात करता है। पहले कहा गया था कि भारत में नेपाल सहित अपने पड़ोसी देशों को 1.5 करोड़ टन कोयला निर्यात करने की क्षमता है। देश में बांग्लादेश को 80 लाख टन, म्यांमा को 30 लाख टन, नेपाल को 20 लाख टन और अन्य देशों को 20 लाख टन कोयला निर्यात करने की क्षमता है।

### फैबटेक के शेयर ने बाजार में की सपाट शुरुआत

**नई दिल्ली।** फैबटेक टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के शेयर ने मंगलवार को बाजार में सपाट शुरुआत की। बीएसई पर शेयर 191 रुपये के निर्गम मूल्य के बराबर सूचीबद्ध हुआ। बाद में यह 2.68 प्रतिशत की गिरावट के साथ 186 रुपये पर आ गया। एनएसई पर इसने 192 रुपये पर शुरुआत की जो निर्गम मूल्य से 0.52 प्रतिशत अधिक है। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 826.78 करोड़ रुपये रहा। फैबटेक के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को गत बुधवार को बोली के अंतिम दिन 2.03 गुना अभिदान मिला था। कंपनी के 230 करोड़ रुपये के आईपीओ का मूल्य दायरा 181-191 रुपये प्रति शेयर था।

### नवरात्रि में वाहनों की खुदरा बिक्री 35% बढ़ी

**नई दिल्ली।** यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री इस साल नौ दिन की नवरात्र अवधि में सालाना आधार पर 35% बढ़ी, जिससे पिछले महीने कुल पंजीकरण में 6% की वृद्धि दर्ज की गई। वाहन डीलर के संगठन फाडा ने मंगलवार को यह जानकारी दी। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अनुसार, सितंबर के पहले 21 दिन में बिक्री धीमी रही और 22 सितंबर को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की नई दरें लागू होने के बाद इसमें तेजी आई। नवरात्रि में यात्री वाहन की खुदरा बिक्री 2,17,744 इकाई रही।

### ग्लोटिस 35% की गिरावट के साथ सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाता ग्लोटिस लिमिटेड का शेयर 129 रुपये के मूल्य से 35% की गिरावट के साथ मंगलवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर 31.78% की गिरावट के साथ 88 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। एनएसई पर इसने 84 रुपये पर शुरुआत की जो निर्गम मूल्य से 34.88% की गिरावट दर्शाता है। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 810.37 करोड़ रहा। ग्लोटिस के 307 करोड़ के आईपीओ को पिछले सप्ताह बुधवार को बोली के अंतिम दिन 2.05 गुना अभिदान मिला था।

### केनरा एचएसबीसी लाइफ का आईपीओ 10 को

**नई दिल्ली।** केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने अपने आगामी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 100-106 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। बीमा कंपनी ने कहा, 2,516 करोड़ का आईपीओ 10 अक्टूबर को खुलेगा और 14 को संपन्न होगा। बड़े (एंकर) निवेशक नौ अक्टूबर को बोली लगा पाएंगे। इसमें केनरा बैंक की 51 और एचएसबीसी की एचएसबीसी इंश्योरेंस (एशिया पैसिफिक) होल्डिंग्स की 26 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

# भारत-अमेरिका समझौते पर वार्ता जारी

## केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा- नवंबर में दोनों देशों के बीच व्यापारिक वार्ता पूरी होने की संभावना

**दोहा, एजेंसी**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत और अमेरिका प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर लगातार बातचीत कर रहे हैं। नवंबर में वार्ता पूरी करने की संभावनाएं हैं।

गोयल ने अगले दौर की व्यापार वार्ता प्रत्यक्ष रूप से होने की संभावना पर कहा कि हर संभावना मौजूद है, लेकिन अमेरिका में इस समय 'शटडाउन' यानी विभागों के लिए वित्त पोषण पर सहमति नहीं होने से कामकाज ठप होने से यह देखना बाकी है कि अगले दौर की वार्ता कैसे, कहां और कब हो सकती है। उन्होंने कहा कि आप सब जानते हैं कि अमेरिका में आजकल सरकार 'शटडाउन मोड' में है, तो उसके मददेनजर देखना पड़ेगा कि कैसे बातचीत हो सकती है, कहां हो सकती है, और कब हो सकती है। अमेरिका में एक अक्टूबर की आधी रात से कुछ विभागों में कामकाज ठप है। इसका कारण कांग्रेस (अमेरिकी संसद) वित्त पोषण विधेयक पारित करने में विफल रही है। सैद्धांतिक रूप से, इसका मतलब है कि कई सरकारी कर्मचारियों को अभी वेतन नहीं मिलेगा और सेवा केंद्र बंद हैं। हालांकि, रक्षा और सामाजिक क्षेत्र के कार्य जारी रहेंगे।



कतर में बैठक के दौरान कतर विकास बैंक के सीईओ अब्दुलरहमान हेशाम अल-सौवेदी से बातचीत करते केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल।

गोयल एक दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर यहां आए हैं। उन्होंने कहा कि हम (व्यापार समझौते पर) अमेरिका के साथ लगातार बातचीत कर रहे हैं और विभिन्न स्तरों पर बातचीत चल रही है। हम जल्द ही इस बारे में और जानकारी देंगे कि हम इसे कैसे आगे बढ़ाने की सोच रहे हैं। दोनों पक्ष वार्ता समाप्त करने के लिए नवंबर की समय-सीमा पर उन्होंने कहा कि इसकी पूरी संभावना है। गत माह गोयल ने व्यापार वार्ता के लिए न्यूयॉर्क में प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया था। इसके बाद भारत अमेरिका ने द्विपक्षीय समझौते पर शीघ्र निष्कर्ष के लिए वार्ता जारी रखने का निर्णय लिया।

### वाणिज्य सचिव करेंगे ब्रसेल्स की यात्रा

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते पर जारी वार्ता को गति देने के लिए यूरोपीय आयोग के महानिदेशक (व्यापार) सबाइन वेयंड से मिलने के लिए इस सप्ताह ब्रसेल्स जाएंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ब्रसेल्स में यूरोपीय संघ और भारत के बीच काफी अच्छी चर्चा जारी है। भारत एक-दूसरे की संवेदनशीलता को समझते हुए मिलकर काम करने की उम्मीद करता है ताकि दोनों पक्ष एक न्यायसंगत, निष्पक्ष एवं संतुलित मुक्त व्यापार समझौता कर सकें। मंत्री दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं। वह भारत और कतर के बीच व्यापार एवं निवेश संबंधों को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं।

### भारतीय कंपनियों से साझेदारी पर कतर में काफी उत्साह

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि कतर में भारतीय व्यवसायों के साथ साझेदारी को लेकर काफी उत्साह है। यह उत्सुकता न केवल दोनों देशों में निवेश के लिए है, बल्कि तीसरे देशों की परियोजनाओं में सहयोग के लिए भी है। उन्होंने कहा कि कतर स्थित अल बालाघ, लार्सन एंड टुब्रो का भागीदार है। उन्होंने कतर में परियोजनाएं पूरी की हैं, और अब उनकी तीसरे देशों में भी इसी तरह की परियोजनाएं शुरू करने की योजना है। अल बालाघ के चेयरपर्सन शेरिदा साद जुबरान अल काबी से मुलाकात के बाद उन्होंने यह बात कही। गोयल कतर विकास बैंक के सीईओ अब्दुलरहमान हेशाम अल सोवैदी से भी मुलाकात की। गोयल ने कहा कि कतर सरकार तीसरे देशों की परियोजनाओं पर भी विचार कर रही है और मुझे बताया गया कि कतर विकास बैंक वित्तपोषण की गारंटी देने को तैयार है। भारतीय कंपनियों को कतर के व्यापारियों से साझेदारी के लिए ऐसी गारंटी वाले वित्तपोषण पर विचार करना चाहिए। ये साझेदारियां महत्वपूर्ण हैं क्योंकि भारत कतर मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत को अंतिम रूप देंगे।

# भारत को पड़ोसी देशों से व्यापारिक संबंध बनाने चाहिए : नीति आयोग

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- सुब्रह्मण्यम बोले- चीन 18,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था, इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता
- जीएसटी 2.0 के बाद दिवाली से पहले सुधारों की एक और कड़ी की घोषणा किए जाने के दिए संकेत

नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने कहा कि भारत को चीन सहित अपने पड़ोसियों के साथ मजबूत व्यापारिक संबंध बनाने चाहिए। उन्होंने कहा कि चीन 18,000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था है और उसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

सुब्रह्मण्यम ने यह भी संकेत दिया कि जीएसटी 2.0 के बाद दिवाली से पहले सुधारों की एक और कड़ी की घोषणा हो सकती है। उन्होंने कहा कि नीति आयोग के सदस्य राजीव गौबा के नेतृत्व वाली समिति ने इन सुधारों पर अपनी रिपोर्ट पहले ही जमा कर दी है। उन्होंने कहा कि पूरा यूरोपीय संघ अपने भीतर 50 प्रतिशत व्यापार करता है, जबकि बांग्लादेश भारत का छठा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और नेपाल शीर्ष 10 में हुआ करता था। उन्होंने पड़ोसी देशों के साथ व्यापार बढ़ाने की जरूरत बतायी।

नीति आयोग के सीईओ ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हम एक बहुत ही कठिन भौगोलिक क्षेत्र में हैं। अमेरिका के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार कौन हैं? मेक्सिको और कनाडा। यह स्वाभाविक है। अगर आपके पड़ोसी देशों के साथ मजबूत व्यापारिक व्यवस्थाएं नहीं हैं, तो आप वास्तव में नुकसान में हैं... अगर आप प्रतिस्पर्धी हैं, तो वे आपका सामान खरीदेंगे। चीन से निवेश पर प्रतिबंध हटाने पर उन्होंने सीधा जवाब नहीं दिया, लेकिन कहा कि चीन, भारत के लिए एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता है।

### आपको प्रतिस्पर्धा और बेचने में सक्षम होना चाहिए

नीति आयोग के सीईओ ने यहां 'ट्रेड वॉच क्वार्टरली' का शुभारंभ करने के बाद कहा कि एशिया पर पूरा ध्यान केंद्रित करें। इससे कोई बच नहीं सकता। अगर आप चीन को ज्यादा कुछ नहीं बेच पा रहे हैं, तो क्या फायदा, क्योंकि यह 18,000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था है - आप उस अर्थव्यवस्था से बच नहीं सकते। आपको प्रतिस्पर्धा करने और बेचने में सक्षम होना चाहिए। अच्छे देशों का चीन के साथ व्यापार अधिशेष है। नीति आयोग के सीईओ ने कहा कि जब दुनिया भर में कारखाने और नौकरियां स्थानांतरित हो रही थीं, तब भारत की जगह वियतनाम ने इस मौके का फायदा उठा लिया।

# घरों की बिक्री में मामूली बढ़ोत्तरी, उच्चतम स्तर पर पहुंची आवास मांग : नाइट फ्रैंक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश के आठ प्रमुख आवास बाजारों में जुलाई-सितंबर तिमाही के दौरान घरों की बिक्री में एक प्रतिशत की मामूली वृद्धि हुई। नाइट फ्रैंक इंडिया ने मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। साथ ही रियल एस्टेट परामर्शदाता फर्म ने कहा कि भले ही किसी प्रकार की सुस्ती के संकेत नहीं हैं, लेकिन आवासीय संपत्तियों की मांग अपने उच्चतम स्तर पर पहुंचती हुई नजर आ रही है।

रिपोर्ट के मुताबिक, जुलाई-सितंबर तिमाही में देश के आठ प्रमुख आवासीय बाजारों में 87,603 आवास इकाइयों की बिक्री हुई, जो गत वर्ष की तुलना में एक प्रतिशत अधिक है। आवासीय ऋण की ब्याज दरों में गिरावट, मजबूत आर्थिक वृद्धि और बजट में दिए कर प्रोत्साहनों से बिक्री की रफ्तार बनी रही। 22 सितंबर से जीएसटी दरों में हुई कटौती



से उपभोक्ता धारणा में आए सुधार का असर देखने को मिलेगा। नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा कि भारत का आवासीय बाजार पांचवें वर्ष वृद्धि के चक्र में है। हालांकि सालाना आधार पर वृद्धि दर सामान्य है और बाजार लंबे स्थिर चरण में प्रवेश कर सकता है। नीतिगत ब्याज दर में एक प्रतिशत की कटौती व आयकर एवं जीएसटी दोनों में किए सरलीकरण से उपभोक्ता धारणा को मजबूती मिली है।

# सरकार फिर बढ़ा सकती है पीएम-कुसुम की समय-सीमा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार पीएम-कुसुम योजना की समयसीमा फिर बढ़ा सकती है क्योंकि इस पहल के दो प्रमुख घटक अपने लक्ष्य का 50 प्रतिशत भी हासिल नहीं कर पाए हैं। आधिकारिक सूत्र ने यह जानकारी दी।

प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम-कुसुम) 2019 में शुरू हुई थी। इसका लक्ष्य 2022 तक 30,800 मेगावाट की सौर क्षमता जोड़ना था। इसमें कार्यान्वयन एजेंसियों के लिए सेवा शुल्क सहित 34,422 करोड़ रुपये की केंद्रीय वित्तीय सहायता शामिल थी। केंद्र ने बाद में पीएम-कुसुम योजना को मार्च 2026 तक बढ़ा दिया क्योंकि वैश्विक महामारी से इसका कार्यान्वयन प्रभावित हुआ था। लक्ष्य को भी संशोधित कर 34,800 मेगावाट कर दिया था। सूत्र ने बताया कि तय लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए पीएम



- योजना के दोनों प्रमुख घटक लक्ष्य का 50 प्रतिशत भी नहीं कर सके हासिल

कुसुम के कार्यान्वयन की समय-सीमा को और बढ़ाने के आसार हैं। यह योजना का दूसरा विस्तार होगा। आंकड़ों के अनुसार, इस योजना के किसी भी घटक ने 100% लक्ष्य हासिल नहीं किया है। यद्यपि योजना का घटक 'ख' (मार्च 2026 को समाप्त) नौ सितंबर तक लक्ष्य का 71% पूरा कर पाया है। घटक 'क' ने 6.5% की वृद्धि दर्ज की है। घटक 'ग'- व्यक्तिगत पंप का सौरीकरण (आईपीएस) एवं घटक 'ग' - फीडर स्तरीय सौरीकरण (एफएलएस) ने क्रमशः 16.5 प्रतिशत और 25.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है।

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के अनुसार, घटक 'क' छोटे सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना करके 10,000 मेगावाट सौर क्षमता की स्थापना से जुड़ा है। घटक 'ख' 14 लाख ऑफ-ग्रिड एकल सौर ऊर्जा चालित कृषि पंपों की स्थापना और घटक 'ग' 35 लाख ग्रिड से जुड़े कृषि पंपों के सौरीकरण से संबद्ध है। घटक 'क' के तहत 650.49 मेगावाट क्षमता स्थापित की गई है। दूसरी ओर घटक 'ख' के तहत 12.72 लाख से अधिक ऑफ-ग्रिड सौर पंप स्वीकृत किए गए हैं जिनमें से 9.03 लाख स्थापित किए जा चुके हैं।

# मार्केट स्नैपशॉट : संक्षिप्त और व्यापक अवलोकन

मार्केट स्नैपशॉट वित्तीय बाजारों की वर्तमान स्थिति का संक्षिप्त और व्यापक अवलोकन है, जो निवेशकों, विश्लेषकों और व्यापारियों के लिए महत्वपूर्ण जानकारी देता है। यह प्रमुख सूचकांकों, कमोडिटी की कीमतों, मुद्रा उतार-चढ़ाव, और क्षेत्रीय प्रदर्शन का त्वरित चित्र प्रस्तुत करता है। मार्केट स्नैपशॉट आर्थिक रुझानों, नीतिगत बदलावों और वैश्विक घटनाओं के प्रभाव को समझने में सहायता करता है। यह निवेश निर्णयों को निर्देशित करने, जोखिम प्रबंधन और बाजार की गतिशीलता को समझने का आधार है। चाहे शेयर बाजार हो, बांड, या क्रिप्टोकरेंसी, यह उपकरण वास्तविक समय में बाजार की नब्ज को दर्शाता है, जिससे निवेशकों को सूचित निर्णय लेने में मदद मिलती है।



### प्रमुख घटक

मार्केट स्नैपशॉट में आमतौर पर प्रमुख स्टॉक सूचकांक, जैसे भारत में सेंसेक्स और निफ्टी, या वैश्विक स्तर पर डाउ जोन्स, नैस्डैक और फुट्सी, शामिल होते हैं। ये सूचकांक किसी अर्थव्यवस्था या क्षेत्र की समग्र स्थिति को दर्शाते हैं। उदाहरण के लिए, सेंसेक्स में 30 प्रमुख भारतीय कंपनियों का प्रदर्शन भारतीय शेयर बाजार की दिशा को दर्शाता है। इसके अलावा, स्नैपशॉट में कमोडिटी की कीमतें (जैसे सोना, चांदी, कच्चा तेल), मुद्रा विनिमय दरें (जैसे यूएसडी/आईएनआर), और बांड यील्ड जैसे अन्य संकेतक शामिल होते हैं। क्रिप्टोकरेंसी, जैसे बिटकॉइन और ईथर, भी आधुनिक स्नैपशॉट का हिस्सा बन गए हैं।

### महत्व और उपयोगिता

मार्केट स्नैपशॉट निवेशकों के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण है क्योंकि यह जटिल डेटा को सरल और समझने योग्य रूप में प्रस्तुत करता है। यह बाजार की भावना (बुलिश या बेयरिश), क्षेत्रीय प्रदर्शन (जैसे टेक, बैंकिंग, या ऊर्जा), और आर्थिक रुझानों को समझने में मदद करता है। उदाहरण के लिए, यदि स्नैपशॉट में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी दिखाई देती है, तो यह मुद्रास्फीति और ऊर्जा क्षेत्र की कंपनियों पर प्रभाव का संकेत दे सकता है। इसी तरह, मुद्रा में उतार-चढ़ाव आयात-निर्यात और विदेशी निवेश को प्रभावित कर सकता है।

### प्रभावित करने वाले कारक

मार्केट स्नैपशॉट कई कारकों से प्रभावित होता है, जैसे केंद्रीय बैंक की नीतियां, भू-राजनीतिक घटनाएं, और कॉरपोरेट आय परिणाम। उदाहरण के लिए, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा ब्याज दरों में वृद्धि से बॉन्ड यील्ड बढ़ सकती है और इक्विटी बाजार पर दबाव पड़ सकता है। वैश्विक स्तर पर, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के फैसले या भू-राजनीतिक तनाव (जैसे मध्य पूर्व में अस्थिरता) बाजार की अस्थिरता को बढ़ा सकते हैं। इसके अलावा, मौसमी कारक, जैसे मानसून की स्थिति, भारत जैसे कृषि-प्रधान देशों में बाजार को प्रभावित कर सकते हैं।

# डब्ल्यूटीओ ने वैश्विक वस्तु व्यापार अनुमान किया 2.4 प्रतिशत

**नई दिल्ली।** विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) ने कहा है कि इस साल वैश्विक वस्तु व्यापार में 2.4% और अगले वर्ष केवल 0.5% की वृद्धि होने का अनुमान है। डब्ल्यूटीओ ने 2025 के लिए 0.9% की वृद्धि का अनुमान लगाया था। इसने कहा कि 2026 में व्यापार वृद्धि धीमी होने की संभावना है क्योंकि वैश्विक अर्थव्यवस्था में नरमी और नए शुल्क लागू होने का प्रभाव पड़ेगा। 2026 के अनुमान को पहले के 1.8% से घटाकर 0.5% किया गया है।

डब्ल्यूटीओ ने कहा कि वैश्विक सेवा निर्यात वृद्धि 2024 के 6.8% से घटकर 2025 में 4.6% और 2026 में 4.4% रह सकती है। डब्ल्यूटीओ के अर्थशास्त्रियों ने 2025 के लिए वस्तु व्यापार में वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर 2.4% कर दिया है। अगस्त में यह 0.9% था। इस साल की उच्च वृद्धि दर एआई उत्पादों पर बढ़ते खर्च और शुल्क वृद्धि से पहले उत्तरी अमेरिका में हुई आयात वृद्धि के कारण है।

# अनिल अंबानी पर एसबीआई के आदेश को कोर्ट ने रखा बरकरार

**मुंबई, एजेंसी**

मुंबई हाईकोर्ट ने उद्योगपति अनिल अंबानी और रिलायंस कम्युनिकेशंस के खातों को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत करने के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के आदेश को बरकरार रखा है। अदालत ने कहा कि एसबीआई का आदेश तर्कसंगत है और इसमें कानूनी खामी नहीं है।

न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और नीला गोखले की पीठ ने एसबीआई के 13 जून, 2025 के आदेश को चुनौती देने वाली अंबानी की याचिका खारिज कर दी। इस फैसले की प्रति मंगलवार को उपलब्ध कराई गई। अदालत ने कहा कि अंबानी की यह दलील कि उन्हें व्यक्तिगत सुनवाई का मौका नहीं दिया गया और आवश्यक दस्तावेज नहीं उपलब्ध कराए गए, निराधार हैं। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के दिशानिर्देशों के तहत एसबीआई के





- हाईकोर्ट ने कहा- आदेश तर्कसंगत है और इसमें कोई खामी नहीं

इस आदेश के खिलाफ केवल लिखित आपत्ति दर्ज कराने का अधिकार है, व्यक्तिगत सुनवाई का नहीं। अदालत ने कहा कि अंबानी को जारी अंतिम नोटिस पर कोई जवाब न मिलने पर बैंक ने इस खाते को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत किया है। अदालत ने कहा कि अंबानी ने इस मामले में बैंक से व्यक्तिगत सुनवाई का कभी भी अनुरोध नहीं किया। प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत हर स्थिति में कठोर रूप से लागू नहीं होते हैं और इस मामले में अंबानी को आपत्तियां लिखित देने अवसर दिया गया था।

# वियरेबल स्मार्ट ग्लास से भी कर सकते है यूपीआई भुगतान

**मुंबई, एजेंसी**

अब भारत में वियरेबल स्मार्ट ग्लास के जरिये यूपीआई लाइट सुविधा से भुगतान कर सकते हैं। इसके लिए केवल क्यूआर को स्कैन करना और वॉयस कमांड देना होगा।

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने कहा कि इस सुविधा के लिए न तो मोबाइल फोन की जरूरत होगी और न पिन नंबर की। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर टी. रबी शंकर ने ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025 में इस डिजिटल भुगतान सुविधा की घोषणा की। यूपीआई लाइट को छोटे मूल्य के भुगतान के लिए विकसित किया गया है और इसमें मुख्य बैंकिंग प्रणाली पर निर्भरता कम रहती है। एनपीसीआई ने बताया कि स्मार्ट ग्लास पर यूपीआई लाइट से भुगतान करना बस देखो, बोलो, भुगतान करो जैसा सहज है। यह




- यूपीआई लाइट से भुगतान- देखो, बोलो, भुगतान करो जैसा सहज

फीचर रोजमर्रा के भुगतान के लिए लक्षित है और डिजिटल भुगतान को आसान और निर्बाध बनाता है।

एनपीसीआई ने बताया कि यह पहल वियरेबल परिवेश में यूपीआई का पहला विस्तार है और इसे सहज, परिवेश भुगतान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इससे बैंक और भुगतान सेवा प्रदाताओं को भी लाभ होगा क्योंकि गैर-सीबीएस (कोर बैंकिंग प्रणाली) वॉलेट लेनदेन होने से मुख्य बैंकिंग प्रणाली पर दबाव कम होगा।

# रियल एस्टेट में निवेश 11% बढ़कर 1.27 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली।** कार्यालय परिसंपत्तियों में बेहतर पूंजी प्रवाह से जुलाई-सितंबर में भारतीय रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश 11% बढ़कर 1.27 अरब डॉलर हो गया। रियल एस्टेट सलाहकार कंपनी कोलियर्स इंडिया के अनुसार, जुलाई-सितंबर में रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश बढ़कर 126.95 करोड़ डॉलर हो गया जो एक साल पहले 114.87 करोड़ डॉलर था।

कोलियर्स इंडिया के सीईओ बादल याग्निक ने कहा कि यह भारत के आर्थिक बुनियादी ढांचे और रियल एस्टेट क्षेत्र की मजबूती में निवेशकों के निरंतर विश्वास को दर्शाता है। 1.27 अरब डॉलर के निवेश में से घरेलू निवेशकों ने 76.24 लाख डॉलर (60% हिस्सा) का निवेश किया जबकि विदेशी निवेशकों ने 50.71 लाख डॉलर का योगदान दिया। जुलाई-सितंबर में घरेलू स्रोतों से निवेश 51% बढ़ा है।

**तुलना** | केंद्रीय बैंक के मसौदा में वैश्विक स्तर पर स्वीकृत नियामकीय एवं लेखांकन मानकों के साथ तालमेल बैठाने का लक्ष्य

# बैंकों के लिए ऋण जोखिम मानकों में बदलाव का प्रस्ताव

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों का ऋण जोखिम प्रबंधन मजबूत करने के लिए मंगलवार को मौजूदा घटित नुकसान आधारित प्रावधान व्यवस्था की जगह अपेक्षित ऋण क्षति (ईसीएल) आधारित प्रावधान लागू करने का प्रस्ताव पेश रखा। प्रस्तावित दिशानिर्देशों से तमाम वित्तीय संस्थानों के वित्तीय विवरणों की बेहतर ढंग से तुलना की जा सकेगी और ऋण जोखिम प्रबंधन के तरीके भी बेहतर किए जा सकेंगे।

आरबीआई के मसौदा दिशानिर्देश में वैश्विक स्तर पर स्वीकृत नियामकीय एवं लेखांकन मानकों के साथ तालमेल बैठाने का लक्ष्य रखा गया है। ईसीएल दृष्टिकोण के तहत परिसंपत्तियों के वर्गीकरण के लिए चरणबद्ध मानदंड लागू होंगे,




जबकि गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) के वर्गीकरण के वर्तमान मानदंड बनाए रखे जाएंगे। प्रस्तावित ढांचा प्रभावी ब्याज दर (ईआईआर) विधि पर आधारित आय मान्यता और ईसीएल मॉडल के क्रियान्वयन के लिए मॉडल जोखिम प्रबंधन के व्यापक सिद्धांत भी सुनिश्चित करेगा।

आरबीआई ने कहा कि प्रस्तावित दिशानिर्देशों से अतिरिक्त एकबारगी प्रावधान की स्थिति बन सकती है लेकिन बैंक की न्यूनतम नियामक पूंजी जरूरतों पर इसका कुल असर न्यूनतम रहने का ही अनुमान है। इसके लिए पांच वर्ष का संक्रमण काल रखा गया है।

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने पिछले हफ्ते द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा के समय कहा था कि ईसीएल मसौदा सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों पर एक अप्रैल, 2027 से लागू किया जाएगा। ईसीएल नियमों के तहत बैंक ऋण एवं निवेश जैसी वित्तीय परिसंपत्तियों को चरण-एक, दो और तीन में वर्गीकृत करेंगे।

### केंद्रीय, सहकारी बैंक लोकपाल योजना के दायरे में

**मुंबई।** केंद्रीय बैंक ने कहा कि राज्य सहकारी बैंक और केंद्रीय सहकारी बैंक एक नवंबर से रिजर्व बैंक की एकीकृत लोकपाल योजना, 2021 के दायरे में आ जाएंगे। आरबीआई ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। एकीकृत लोकपाल योजना के दायरे में 50 करोड़ की जमा राशि वाले सभी वाणिज्यिक बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, राज्य सहकारी बैंक, केंद्रीय सहकारी बैंक, अनुसूचित प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंक और गैर-अनुसूचित प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंक शामिल होंगे। सभी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (आवास वित्त कंपनियों को छोड़कर), जो जमा स्वीकार करने या ग्राहक इंटरफेस रखने के लिए अधिकृत हैं और जिनकी परिसंपत्ति का आकार 100 करोड़ से अधिक है, इस योजना के तहत आती हैं। क्रेडिट सूचना कंपनियां भी इस योजना के दायरे में शामिल हैं। नवंबर 2021 में शुरू की गई रिजर्व बैंक - एकीकृत लोकपाल योजना (आरबी-आईओएस) आरबीआई के दायरे में आने वाले वित्तीय संस्थानों के ग्राहकों को एक तेज, किफायती और वैकल्पिक शिकायत निवारण तंत्र की सुविधा देती है।

### अब ऑनलाइन डॉलर खरीद सकेंगे ग्राहक

आरबीआई ने कहा कि बिल भुगतान प्रणाली भारत कनेक्ट को विदेशी मुद्रा खुदरा मंच एफएक्स-रिटेल से जोड़ा है। इससे ग्राहकों को अमेरिकी डॉलर खरीदने की सुविधा मिलेगी जिसे वे नकद नोट, फॉरेक्स कार्ड में लोड करने या विदेश में पैसे भेजने के लिए इस्तेमाल कर सकेंगे। यह सभी लेनदेन प्रतिस्पर्धी दरों पर होंगे। आरबीआई ने कहा कि इस संबद्धता से ग्राहक बैंकिंग या भुगतान एप से एफएक्स-रिटेल मंच तक डिजिटल पहुंच बना सकेंगे। फिलहाल एक्सिस बैंक, फेडरल बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक और यस बैंक इस लिंक से जुड़े हुए हैं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### अमेरिका: भारतीय छात्र की गोली मारकर हत्या

**ह्यूस्टन।** टेक्सास के 23 वर्षीय युवक को फोर्ट वर्थ गैस स्टेशन पर शुक्रवार रात को एक भारतीय छात्र की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया। इस घटना से स्थानीय भारतीय-अमेरिकी समुदाय दहशत में है। पुलिस ने बताया कि संदिग्ध ने चंद्रशेखर पोल (28) को तब गोली मार दी जब वह अपनी पार्ट-टाइम ड्यूटी कर रहा था। इसके बाद संदिग्ध घटनास्थल से फरार हो गया लेकिन अधिकारियों ने उसे पकड़ लिया। संदिग्ध की पहचान नॉर्थ रिचलैंड हिल्स के रिचर्ड फ्लोरेज के रूप में हुई है। गोलीबारी के बाद फ्लोरेज ने लगभग एक मील दूर एक अन्य वाहन पर भी गोली चलाई।

### सूडान : आरएसएफ के हमले में 13 लोग मारे गए

**खार्तूम।** पश्चिमी सूडान में उत्तरी दारफुर की राजधानी एल फशर में सोमवार को अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) द्वारा आवासीय इलाकों को निशाना बनाकर की गई गोलाबारी में कम से कम 13 नागरिक मारे गए और 19 घायल हो गए। सूडान डॉक्टर्स नेटवर्क ने एक बयान में कहा कि हताहतों में सात बच्चे और एक गर्भवती महिला शामिल हैं और प्रभावित इलाकों में और भी शव और घायल लोग फंसे हुए हैं, जिनकी सही संख्या अज्ञात है। इसने हमले को एक पूर्ण युद्ध अपराध बताया। एल फशर के सऊदी अस्पताल के एक सूत्र ने बताया कि अस्पताल में 12 शव और 20 घायल व्यक्ति आए।

### सिख श्रद्धालुओं के लिए पुख्ता सुरक्षा का दावा

**लाहौर।** पाकिस्तान ने अगले महीने गुरु नानक देव का 556वां प्रकाश पर्व मनाने के लिए आने वाले सिख तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के वास्ते पुख्ता इंतजाम किए हैं। पाकिस्तान के पंजाब सूबे की सरकार के गृहविभाग में मंगलवार को पर्व की तैयारियों की समीक्षा के लिए एक बैठक हुई। ईटीपीबी के प्रवक्ता गुलाम मोहिउद्दीन ने बताया, बैठक में बताया गया कि यात्रियों के लिए पूर्ण सुरक्षा, चिकित्सा सुविधाएं, परिवहन और गुणवत्तापूर्ण आवास सुनिश्चित किए जाएंगे।

### पाकिस्तान : विस्फोट से जाफर एक्सप्रेस बेपटरी

**पेशावर।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी सिंध प्रांत में मंगलवार को रेलवे ट्रैक पर हुए विस्फोट के कारण पेशावर जाने वाली जाफर एक्सप्रेस के पांच डिब्बे पटरी से उतर गए, जिससे उसमें मौजूद तमाम यात्री घायल हो गए। घायल यात्रियों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। ट्रेन पर इस साल कई बार हमले हो चुके हैं। यह विस्फोट सिंध के शिकारपुर जिले में सुल्तान कोट से सटे सोमरवाह के पास हुआ। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल पर बचाव अभियान जारी है। पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों की टुकड़ियों ने इलाके की घेराबंदी कर ली है।

# नेपाल: पूर्व पीएम ओली और गृहमंत्री लेखक पर प्राथमिकी

काठमांडू, एजेंसी



- **प्रदर्शनों के दौरान हुई मौतों पर जवाबदेही तय करने की मांग**

नेपाल में युवाओं के नेतृत्व वाले जेन जी समूह ने अपदस्थ प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और तत्कालीन गृहमंत्री रमेश लेखक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराते हुए पिछले महीने सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान हुई मौतों के लिए उनकी आपराधिक जवाबदेही तय करने की मांग की है।

काठमांडू जिला पुलिस सर्कल के प्रवक्ता व पुलिस अधीक्षक पवन भट्टराई ने पुष्टि की कि ओली और लेखक के खिलाफ काठमांडू जिला पुलिस कार्यालय भद्रकाली में प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच के लिए एक जांच आयोग पहले ही गठित किया जा चुका है, इसलिए पुलिस ने यह प्राथमिकी न्यायाधीश गौरी बहादुर कार्की की अध्यक्षता वाले उच्चस्तरीय न्यायिक जांच आयोग को भेज दी है।

वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश त्रिपाठी ने कहा, ओली और लेखक की जवाबदेही तय होगी और आठ व नौ सितंबर को किए गए अपराध की जांच का रास्ता साफ होगा। उल्लेखनीय है कि आठ और नौ सितंबर को जेन जी समूहों के आंदोलन के दौरान 76 लोगों की मौत हुई थी।

## उद्देश्य पूरे करने में लगातार विफल

# सरकारी विश्वविद्यालय



उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का वीरबहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के छात्रावास में शराब की बोतलें मिलने की घटना पर सार्वजनिक तौर पर नाराजगी जताना संकेत है कि सरकारी उच्च शिक्षण संस्थानों में किस कदर गिरावट आ रही है। दरअसल, किसी सरकारी विश्वविद्यालय में यह अपनी तरह की की एक घटना नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में आई रिपोर्टों, सरकारी जांचों और मीडिया कवरेज पर गौर किया जाए तो साफ पता चलता है कि देश भर के शिक्षण संस्थानों में अनुशासनात्मक और प्रशासनात्मक व्यवस्था गंभीर रूप से क्षीण हो चुकी है। नतीजा यह है कि देश के ज्यादातर सरकारी विश्वविद्यालय अपने उद्देश्यों की पूर्ति कर पाने में नाकाम हो चुके हैं और वैश्विक स्तर पर कड़ी प्रतिस्पर्धा के दौर में उनमें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हासिल करना न पूरा हो पाने वाला सपना बन चुकी है। राजनीतिक दखलंदाजी ने हालात और खराब किए हैं। इन विश्वविद्यालयों को जरूरत के मुताबिक वित्तीय निवेश भी नहीं मिल पा रहा है।

### व्यवहारिक शिक्षा का अभाव

- कौशल आधारित शिक्षा और रोजगारपरक कोर्स की कमी के कारण सरकारी विश्वविद्यालयों के स्नातक नौकरी बाजार में प्रतिस्पर्धी नहीं बन पाते। सामान्य शिक्षा भी गुणवत्ताहीन।
- एआईसीटीई व नीति आयोग की ओर से वर्ष 2023 में जारी की गई रिपोर्ट के मुताबिक सरकारी विश्वविद्यालयों से निकलने वाले 60% छात्र स्किल्स में भी औसत उससे से कमतर हैं।

### राजनीतिक हस्तक्षेप

- कई विश्वविद्यालयों में कुलपति की नियुक्ति और निर्णय प्रक्रिया में राजनीतिक प्रभाव बढ़ा है।
- इससे शैक्षणिक स्वतंत्रता के साथ विश्वविद्यालयों के नीतिगत निर्णयों पर गंभीर असर पड़ा है।

### सबसे गंभीर चुनौतियां

- यूजीसी की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार 60% से अधिक सरकारी विश्वविद्यालयों में बुनियादी सुविधाओं के लिए पर्याप्त धन की कमी है। इससे शिक्षण की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है।
- वित्तीय स्थिति खराब होने के कारण ज्यादातर सरकारी विश्वविद्यालयों में प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, छात्रावास और डिजिटल संसाधनों की कमी है या वे काफी पुरानी अवस्था में हैं।
- अधिकांश राज्य विश्वविद्यालयों में 30 से 40% तक फैकल्टी पद रिक्त हैं। यूजीसी के अनुसार दिल्ली, पटना और राजस्थान विश्वविद्यालय जैसे बड़े संस्थानों में सैकड़ों पद खाली पड़े हैं।
- शिक्षा मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 2022 में 40% विश्वविद्यालय भवन खस्ताहाल पाए गए। कुछ जगह पुस्तकालयों में 10 साल पुराने पाठ्यक्रम की किताबें प्रमुख रूप से मौजूद थीं।

### शोध-नवाचार में पिछड़ापन

- अपर्याप्त फंडिग, शोध के लिए प्रोत्साहन की कमी और पेपर प्रकाशन में नौकरशाही की अड़चनों के कारण भारत के सरकारी विश्वविद्यालय वैश्विक रैंकिंग में लगातार पीछे हैं।
- क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2024 में केवल कुछ आईआईटी और आईआईएससी ही शीर्ष 500 में जगह पा सके हैं, जबकि पारंपरिक राज्य विश्वविद्यालय लगभग अनुपस्थित हैं।

### अनियमितताओं की श्रृंखला

- सीएजी की 2023 में आई रिपोर्ट से कई विश्वविद्यालयों में वित्तीय अनियमितताएं और बजट का गलत उपयोग सामने आया।
- यूजीसी की एक निरीक्षण रिपोर्ट में पाया गया कि कई संस्थानों में नियुक्तियां बिना पारदर्शिता हुई, मानकों का पालन नहीं हुआ।
- कुछ विश्वविद्यालयों में प्रबंधन समितियों के बैठक रिकॉर्ड अधूरे या गायब पाए गए। आरटीआई के जवाबों में भी अनिमितताएं।
- यूजीसी के अनुसार 2024 में 30% सरकारी विश्वविद्यालयों ने पाठ्यक्रम पांच साल से अधिक समय से अपडेट नहीं।

# अपनों पर बम गिराता है पाकिस्तान नरसंहार-बलात्कार भी उसे मंजूर

## जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाने पर भारत ने पड़ोसी देश को दिया तीखा जवाब

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में पाकिस्तान पर तीखा प्रहार करते हुए भारत ने सोमवार को उसे अपने ही लोगों पर बम बरसाने वाला और संगठित नरसंहार करने वाला देश बताया। भारत की यह तीखी प्रतिक्रिया तब आई जब पाकिस्तानी प्रतिनिधि ने अपने बयान में जम्मू कश्मीर का मुद्दा उठाते हुए कहा, 'महिलाएं, शांति और सुरक्षा' एजेंडे से कश्मीरी महिलाओं को बाहर रखना इसकी वैधता और सार्वभौमिकता को कमजोर करता है।

'महिलाएं, शांति और सुरक्षा' विषय पर आयोजित बहस में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने कहा कि पाकिस्तान ने 1971 में 'ऑपरेशन सर्चलाइट' चलाया था और अपनी ही सेना द्वारा चार लाख महिलाओं के संगठित जनसंहार और बलात्कार की मुहिम को मंजूरी दी थी। हरीश ने कहा, हर साल हमें दुर्भाग्य से पाकिस्तान के मेरे देश के खिलाफ भ्रमित करने वाले भाषण सुनने पड़ते हैं, खासकर जम्मू कश्मीर को लेकर, जिस पर उसकी बुरी नजर है। उन्होंने कहा, जो देश अपने ही नागरिकों पर बम बरसाता है और संगठित नरसंहार करता है, वह केवल दुनिया को गुमराह करने की कोशिश कर सकता है। दुनिया अब पाकिस्तान के दुष्प्रचार को भली-भांति समझ चुकी है।

गौरतलब है कि 25 मार्च 1971 को पाकिस्तानी सेना ने 'ऑपरेशन सर्चलाइट' नाम से पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) में नागरिकों का निर्मम दमन शुरू किया था, जिसमें बड़े पैमाने पर हत्याएं और अत्याचार किए गए थे। हरीश ने रूस की अध्यक्षता वाली इस बैठक में कहा कि भारत का 'महिलाएं, शांति और सुरक्षा' एजेंडा पर रिकॉर्ड निर्मल और बेदाग है। पाकिस्तान के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए हरीश ने कहा कि भारत इस एजेंडा के प्रति अडिग प्रतिबद्धता रखता है और खास तौर पर 'ग्लोबल साउथ' के देशों के साथ अपने अनुभव साझा करने और सामूहिक समाधान विकसित करने को तत्पर है।

उन्होंने कहा कि भारत की संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में निरंतर भूमिका उसकी वैश्विक शांति के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। बताया, 1960 के दशक में ही भारत ने कांगो में महिला चिकित्सकों को तैनात किया, जो संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में महिलाओं की शुरुआती भागीदारी में से एक थी। यह मात्र प्रतीकात्मक कदम नहीं, बल्कि यह स्वीकार्यता थी कि शांति स्थापना में महिलाओं की दृष्टि और कौशल आवश्यक हैं।



संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने रखा भारत का पक्ष।

### भारत की सतत भूमिका का भी किया जिक्र

भारतीय राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बताया कि फरवरी 2025 में भारत ने 'ग्लोबल साउथ' की महिला शांति सैनिकों पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी की थी, जिसमें 35 देशों की महिला शांति रक्षकों ने भाग लिया था। 'ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है।

### गुतारेस ने शांति वार्ताओं में महिलाओं की अनुपस्थिति पर जताई चिंता



**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने इस बात पर चिंता जताई कि महिलाएं अक्सर शांति वार्ताओं से अनुपस्थित रही हैं। उन्होंने कहा कि यह स्थिति तब है जब शांति प्रयासों में महिलाओं की समान भागीदारी वाले संयुक्त राष्ट्र के ऐतिहासिक प्रस्ताव को जारी हुए 25 वर्ष पूरे हो चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र महिला एजेंसी की प्रमुख ने भी चिंता जताई कि महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ यौन हिंसा बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि 67 .6 करोड़ महिलाएं घातक संघर्षों के 50 किलोमीटर के दायरे में रह रही हैं। यह संख्या 1990 के दशक के बाद से सबसे अधिक है। यूएन महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने संयुक्त राष्ट्र प्रस्ताव की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित सुरक्षा परिषद की बैठक में कहा, पूरी दुनिया में हम सैन्य खर्च में परेशान करने वाले रुझान, अधिक सशस्त्र संघर्ष और महिलाओं तथा लड़कियों के खिलाफ और भी अधिक चौंकाने वाली क्रूरता देख रहे हैं। गुतारेस ने बताया कि 31 अक्टूबर, 2000 को इस प्रस्ताव को अपनाने के बाद सिर्फ नाममात्र की प्रगति हुई है।

## अमेरिका पाकिस्तान को दे सकता है हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलें

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान को अमेरिका से 'एआईएम-120 उन्नत मध्यम दूरी' की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलें मिलने की संभावना है। यह जानकारी मीडिया में आई एक खबर में दी गई।

'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' में प्रकाशित एक खबर के अनुसार अमेरिका के युद्ध मंत्रालय की ओर से अधिसूचित एक हथियार अनुबंध में एआईएम-120 एएमआरएएएम के खरीदारों में पाकिस्तान का भी नाम शामिल है। अधिसूचना में कहा गया है, इस अनुबंध में ब्रिटेन, पोलैंड, पाकिस्तान, जर्मनी, फिनलैंड, ऑस्ट्रेलिया, रोमानिया, कतर, ओमान, कोरिया, यूनान, स्विट्जरलैंड, पुर्तगाल, सिंगापुर, नीदरलैंड, चेक गणराज्य, जापान, स्लोवाकिया, डेनमार्क, कनाडा, बेल्जियम, बहरीन समेत कई देशों को सैन्य बिक्री शामिल है।

# बगराम एयरबेस अमेरिका को सौंपने के भारत भी खिलाफ

नई दिल्ली, एजेंसी

- **अफगानिस्तान में विदेशी सैन्य ढांचे का विरोध करने वाले 11 देशों में हुआ शामिल**

अफगानिस्तान में विदेशी सैन्य बुनियादी ढांचे की तैनाती के प्रयासों के विरोध में उतरे रूस, चीन और सात अन्य देशों को मंगलवार को भारत का भी साथ मिला। यह विरोध अफगानिस्तान के सामरिक रूप से महत्वपूर्ण बगराम एयरबेस को सौंपने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप तालिबान शासन पर दबाव बनाये जाने की पृष्ठभूमि में किया गया है।

'मॉस्को फॉर्मेट' वार्ता के नए संस्करण में, देशों के समूह ने अफगानिस्तान में समृद्धि और विकास लाने के तौरतरीकों पर व्यापक विचार-विमर्श किया। इन देशों ने अफगानिस्तान और पड़ोसी देशों में सैन्य बुनियादी ढांचे तैनात करने के कुछ देशों के प्रयासों को अस्वीकार्य बताया, क्योंकि यह क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के हितों की पूर्ति नहीं करता है। तालिबान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी ने पहली बार 'मॉस्को फॉर्मेट' वार्ता में भाग लिया।

कुछ हफ्ते पहले, ट्रंप ने कहा था कि तालिबान को बगराम एयरबेस अमेरिका को सौंप देना चाहिए, क्योंकि इसे वाशिंगटन ने स्थापित किया था। मॉस्को में हुई बातचीत में भाग लेने वाले देशों ने द्विपक्षीय और बहुपक्षीय दोनों स्तरों पर आतंकवादरोधी सहयोग को मजबूत करने का आह्वान किया। बयान में कहा गया, उन्होंने जोर देकर कहा कि अफगानिस्तान को आतंकवाद को खत्म करने और इसे जल्द से जल्द जड़ से मिटाने के लिए ठोस कदम उठाने में मदद दी जानी चाहिए, ताकि काबूल की धरती का इस्तेमाल पड़ोसी देशों और अन्य जगहों की सुरक्षा के लिए खतरे के रूप में न हो।

# गाजा युद्धविराम : हमास ने ट्रंप की कुछ शर्तें मानीं

- **हमास के निरस्त्रीकरण और गाजा पर भविष्य के शासन को लेकर अभी अनिश्चितता**

**काहिरा।** इजराइल और हमास के बीच शांति वार्ता मंगलवार को मिस्र के एक रिसॉर्ट शहर में फिर शुरू हो रही है। लाल सागर के शर्म अल शेख रिसॉर्ट में अप्रत्यक्ष वार्ता का दूसरा दिन पिछले सप्ताह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा प्रस्तावित योजना पर केंद्रित है, जिसका उद्देश्य गाजा में युद्ध को समाप्त करना है।

सोमवार को कई घंटों की बातचीत के बाद मिस्र के एक अधिकारी ने बताया कि दोनों पक्ष पहले चरण की ज्यादातर शर्तों पर सहमत हो गए हैं, जिनमें बंधकों की रिहाई और युद्धविराम शामिल है। इस योजना को व्यापक अंतरराष्ट्रीय समर्थन मिला है। हालांकि, कई अनिश्चितताएं बनी हुई हैं, जिनमें हमास के निरस्त्रीकरण की मांग और गाजा के भविष्य के शासन की मांग शामिल है। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू लंबे समय से कह रहे हैं कि हमास को आत्मसमर्पण और निरस्त्रीकरण करना होगा, लेकिन हमास ने अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है कि वह ऐसा करने को तैयार होगा या नहीं।

योजना में हमास के निरस्त्रीकरण के बाद इजराइल द्वारा गाजा से अपने सैनिकों को वापस बुलाए जाने और एक अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा बल की स्थापना की परिकल्पना की गई है। इसके बाद, इस क्षेत्र को अंतरराष्ट्रीय शासन के अधीन कर दिया जाएगा, जिसकी देखरेख ट्रंप और ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर करेंगे।

# टैरिफ बहुत महत्वपूर्ण, इससे हम अरबों डॉलर कमाते हैं और शांतिदूत भी बन गए

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी

- **अमेरिकी राष्ट्रपति ने फिर किया भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष रुकवाने का दावा**



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ के इस्तेमाल को युद्ध रोकने का कारगर उपाय बताते हुए कहा कि भारत-पाकिस्तान के हालिया संघर्ष समाप्त कराने के अपने दावे को दोहराया। ट्रंप ने कहा, अमेरिका के लिए टैरिफ बहुत महत्वपूर्ण हैं। इससे हम न सिर्फ अरबों डॉलर कमाते हैं, बल्कि इसी की वजह से शांतिदूत भी बन गए हैं।

ट्रंप ने कहा कि अगर उन्होंने टैरिफ की ताकत का इस्तेमाल न किया होता तो चार युद्ध अब भी जारी रहते। कहा, भारत और पाकिस्तान को देखें तो वे युद्ध के लिए तैयार थे। सात विमान मार गिराए गए थे। उन्होंने कहा, मैं यह नहीं बताना चाहता कि मैंने क्या कहा, लेकिन मैंने जो कहा वह बहुत प्रभावी था। उन्होंने संघर्ष रोक दिया और यह टैरिफ की वजह से हुआ था। इसका आधार व्यापार था। भारत ने इस मामले में किसी भी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप की बात से इन्कार किया है।

## जर्मनी: नवनिर्वाचित मेयर पर चाकू से हमला, हालत गंभीर

**बर्लिन।** पश्चिमी जर्मनी के एक नगर की नवनिर्वाचित मेयर मंगलवार को अपने घर में खून से लथपथ गंभीर अवस्था में पाई गयीं। चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने कहा कि मेयर एक वीभत्स घटना का शिकार हुई हैं।

आइरिस स्टाल्जर 28 सितंबर को हर्डेक की मेयर चुनी गई थीं। आइरिस वामपंथी मध्यमार्गी 'सोशल डेमोक्रेट्स' पार्टी की सदस्य हैं, जो जर्मनी की कंजरवेटिव नीत सरकार की सहयोगी पार्टी है। पुलिस ने बताया कि आइरिस मंगलवार दोपहर करीब एक बजे अपने घर पर खून से लथपथ हालत में मिलीं, उन्हें हेलीकॉप्टर से अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने हालांकि जख्मों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। बर्लिन में सोशल डेमोक्रेट्स संसदीय समूह के नेता मैथियास मिरश ने बताया, नवनिर्वाचित मेयर आइरिस पर हर्डेक में चाकू से हमला किया गया है।

# ब्रिटिश प्रधानमंत्री स्टार्मर से कल मुंबई में मिलेंगे मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी





- **आज पहुंचेंगे स्टार्मर, रणनीतिक साझेदारी पर दोनों में होगी चर्चा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी दो दिवसीय मुंबई यात्रा के दौरान अपने ब्रिटिश समकक्ष केअर स्टार्मर से मिलेंगे। इस मुलाकात के दौरान दोनों नेता भारत-ब्रिटेन व्यापक रणनीतिक साझेदारी के विविध पहलुओं और व्यापार एवं निवेश के प्रमुख आधार स्तंभों में की गई पहलों में प्रगति का जायजा लेंगे।

बुधवार से शुरू हो रही अपनी यात्रा के दौरान मोदी मुंबई में विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन भी करेंगे। स्टार्मर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री का पदभार संभालने के बाद बुधवार को अपनी पहली भारत यात्रा शुरू कर रहे हैं। दोनों नेता बृहस्पतिवार को भविष्य की भारत-ब्रिटेन आर्थिक साझेदारी के एक केंद्रीय स्तंभ के रूप में भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते द्वारा प्रस्तुत अवसरों पर व्यवसायों एवं उद्योग जगत के नेताओं के साथ चर्चा करेंगे।

मोदी और स्टार्मर क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। दोनों नेता उद्योग विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और नवप्रवर्तकों के साथ भी बातचीत करेंगे। बृहस्पतिवार को दोनों नेता 'जियो वर्ल्ड सेंटर' में 'ग्लोबल फिनटेक फेस्ट' (जीएफएफ) के छठे संस्करण में भी हिस्सा लेंगे और इस अवसर पर लोगों को संबोधित करेंगे।

### उभरती प्रौद्योगिकियों में सहयोग बढ़ने की आशा

**लंदन।** ब्रिटेन के एआई और ऑनलाइन सुरक्षा मंत्री कनिष्क नारायण ने कहा कि प्रधानमंत्री स्टार्मर की भारत यात्रा से एआई और उभरती प्रौद्योगिकियों जैसे साझा हितों के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति होगी। मंत्री नारायण ने कहा कि तकनीक के साथ अन्य प्रमुख क्षेत्रों में भारत-ब्रिटेन सहयोग के लिए एक असाधारण नींव पहले ही रखी जा चुकी है। नारायण को हाल में विज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी विभाग का प्रभार सौंपा गया है। प्रधानमंत्री मोदी के निमंत्रण पर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री दो दिवसीय भारत यात्रा पर आ रहे हैं।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 8 अक्टूबर, बुधवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-कार्तिक, पक्ष-कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा 05 .53 तक तत्पश्चात द्वितीया 9 अक्टूबर 02 .22 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर, ऋतु- शरद।
चन्द्रबल- मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- अश्विनी 22 .44 तक तत्पश्चात भरणी।

**मेष** — आज नई नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं। परिवार में शांति का वातावरण रहेगा। समाज में आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी। व्यवसाय में विस्तार होने से मन अत्यन्त उत्साहित रहेगा। आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**वृष** — आज प्रियजनों के साथ मनमुटाव हो सकता है। किसी बहुप्रतीक्षित कार्य में विलंब हो सकता है। प्रेम-संबंधों में मर्यादा का ध्यान करें। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। शुगर के रोगी अपने स्वास्थ्य को लेकर सजग रहें।

**मिथुन** — आज किसी बड़ी पारिवारिक समस्या का समाधान होगा। भौतिक सुख-सुविधाओं का आनंद उठाएंगे। व्यापार में सहयोगियों के माध्यम से धन लाभ प्राप्त होगा। नए राजनीतिक संपर्क विकसित हो सकते हैं। पति-पत्नी के बीच आपसी सामंजस्य बढ़ेगा।

**कर्क** — आज धन के कारण फंसे हुए मामलों का निराकरण हो सकता है। व्यापार में पहले के गई मेहनत का परिणाम प्राप्त होगा। अपनी कार्यप्रणाली में सार्थक परिवर्तन ला सकते हैं। कार्यक्षेत्र में रणनीति बनाकर काम करने से सफलता मिलेगी।

**सिंह** — आज अनुभवी व्यक्तियों की सलाह आपके काफी काम आएगी। लेन-देन के मामलों के लिए दिन शुभ है। नई परियोजनाओं को लेकर उत्साहित रहेंगे। किसी बात को लेकर नाराज हो सकते हैं। बुरे व्यसनों से दूर रहें। परिवार के लोगों का सहयोग नहीं मिलेगा।

**कन्या** — आज किसी रिश्तेदार से शुभ समाचार प्राप्त हो सकते हैं। पुराने मुद्दों के दोबारा उभरने से अशांति हो सकती है। आपका मन आनंदित रहेगा। कारोबारियों को मशीनरी आदि को लेकर समस्या होगी। शेयर बाजार में निवेश से लाभ मिलेगा।

**तुला** — आज समाज में आपको लोग काफी अच्छी दृष्टि से देखेंगे। दांपत्य जीवन अत्यंत संतुलित रहेगा। परिजन आपके व्यवहार से अत्यंत प्रसन्न रहेंगे। करियर में आगे बढ़ने के बेहतरीन अवसर मिलेंगे। कोर्ट-कचहरी के मामले सुलझ सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज नौकरी के लिए इंटरव्यू देने वालों को सफलता मिल सकती है। मन की शंकाएं दूर होंगी। लोग आपके सभ्य व्यवहार से आकर्षित होंगे। मेडिकल क्षेत्र से जुड़े लोगों की आय में वृद्धि होगी। सभी कार्य पूरी एकाग्रता से करेंगे।

**धनु** — आज व्यावसायिक दृष्टिकोण से समय शुभ है। पुराने निवेश से धन लाभ होगा। किसी रिश्तेदार की सहायता से बड़ा काम हो सकता है। वैवाहिक जीवन थोड़ा उतार-चढ़ाव भरा रहेगा। विद्यार्थियों की शिक्षा में बाधा आ सकती है। विरोधियों के ऊपर भारी पड़ेंगे।

**मकर** — आज करियर में उच्च अधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा। मनोरंजन और कला आदि में अत्यधिक रुचि लेंगे। आपके काम की लोग प्रशंसा करेंगे। अनुचित कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं। आय की अपेक्षा व्यय अधिक होगा।

**कुंभ** — आज विदेशी भूमि से नौकरी के प्रस्ताव प्राप्त हो सकते हैं। भावनाओं में बहकर कोई निर्णय लेने से बचें। विरोधियों के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। जिस अवसर को काफी समय से ढूंढ रहे थे, वह आपको प्राप्त हो सकता है। अपने स्वभाव में सौम्यता का भाव रखें।

**मीन** — आज नई संपत्ति पर निवेश कर सकते हैं। अल्प प्रयासों से आपके कार्य सफल हो जाएंगे। छोटे बच्चों की शिक्षा को लेकर योजना बना सकते हैं। कार्यक्षेत्र में अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रयोग कर पाएंगे। फाइनेंस को लेकर समस्या दूर होगी।

## सुडोकू-123

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 8 | | 2 | 5 | |
| | 5 | | | 1 | | | 4 | |
| 6 | | | 5 | | | | | |
| | | 2 | | 6 | | 9 | | |
| | 1 | | | | | 8 | 6 | |
| 8 | | 9 | | 2 | | 4 | | |
| | | | 3 | | 9 | | | 6 |
| | 3 | | | 7 | | | 8 | |
| | | 4 | | 5 | | | | |

### सुडोकू - 122 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 2 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 9 | 8 | 6 | 5 |
| 6 | 2 | 5 | 1 | 8 | 7 | 4 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 |
| 4 | 8 | 6 | 9 | 7 | 5 | 1 | 2 | 3 |
| 2 | 5 | 9 | 3 | 1 | 8 | 6 | 4 | 7 |
| 5 | 7 | 2 | 8 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 |
| 8 | 9 | 4 | 7 | 3 | 6 | 5 | 1 | 2 |
| 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 7 | 8 | 4 |



“हम खेल मंत्री मनसुख मांडविया के समर्थन के लिए बेहद आभारी हैं। उनका प्रोत्साहन हमारे लिए भारत भर में गोल्फ को और अधिक सुलभ और लोकप्रिय बनाने के हमारे मिशन को जारी रखने के लिए एक जबरदस्त प्रेरणा है।

–युवराज सिंह



# इंग्लैंड ने बांग्लादेश को चार विकेट से हराया

## महिला विश्व कप क्रिकेट : हीथर नाइट ने 79 रनों की खेली शानदार पारी, एक्लेस्टोन ने चटकाए तीन विकेट



इंग्लैंड की हीथर नाइट ने जुझारू पारी खेलते हुए टीम को जितवाया। एजेंसी

**गुवाहाटी, एजेंसी**

सोफी एक्लेस्टोन की अगुवाई में स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन के बाद पूर्व कप्तान हीथर नाइट ने अपने अपार अनुभव का इस्तेमाल करके शानदार अर्धशतक लगाते हुए इंग्लैंड को बांग्लादेश के खिलाफ महिला वनडे विश्व कप के मैच में मंगलवार को चार विकेट से जीत दिलाई।

पहले बल्लेबाजी करने वाली बांग्लादेशी टीम 178 रन पर आउट हो गई। इसके बाद लेग स्पिनर फाहिमा खातून (दस ओवर में 16 रन देकर तीन विकेट) और तेज गेंदबाज मारूफा अख्तर (पांच ओवर में 28 रन देकर दो विकेट) ने किला लड़ाने की कोशिश की और एक समय 23वें ओवर में इंग्लैंड के पांच विकेट 78 रन पर गिर गए थे। नाइट ने हालांकि बांग्लादेश के उलटफेर के मंसूबों पर पानी फेरते हुए जबर्दस्त पारी खेली। मार्च में कप्तानी छोड़ने वाली नाइट 111 गेंद में 79 रन बनाकर नाबाद रही। वहीं चार्ली डी ने 56 गेंद में 27 रन की नाबाद पारी खेली। डीन और नाइट ने सातवें विकेट के लिए 79 रन जोड़कर 23 गेंद बाकी रहते टीम को जीत दिलाई।

इससे पहले इंग्लैंड के लिए एक्लेस्टोन ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 24 रन देकर तीन विकेट लिए। बांग्लादेश के लिए शोभना मोस्तारी ने 108 गेंद में 60 और राबिया खान ने 27 गेंद में 43 रन बनाए। इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही और एमी जोंस (एक) पहले ही ओवर में मारूफा अख्तर की गेंद पर पगबाधा आउट हो गई। बांग्लादेश को अगले ओवर में दूसरा विकेट भी मिल जाता लेकिन स्पिनर नाहिदा अख्तर की गेंद पर मारूफा ने टैमी ब्यूमोंट का कैच टपकाया। लेग स्पिनर फाहिमा खातून ने 19वें ओवर में कप्तान नेट स्किवेर ब्रंट और एम्मा लैंब को आउट करके इंग्लैंड को दोहरे झटके दिए लेकिन नाइट ने टीम को जीत तक पहुंचाकर ही दम लिया। इससे पहले इंग्लैंड के गेंदबाजों में आफ स्पिनर चार्लोट डीन ने दस ओवर में 28 रन देकर दो और एलिस कैपसी ने आठ ओवर में 31 रन देकर दो विकेट चटकाए। टूर्नामेंट के पहले मैच में पाकिस्तान को हराने वाली बांग्लादेश टीम की शुरुआत अच्छी रही और लॉरेन बेल के ओवर में शरमीन अख्तर ने 14 रन बनाए। स्पिनर लिंसे स्मिथ ने हालांकि शरमीन और रूबिया हैदर को खुलकर खेलने नहीं दिया।



बांग्लादेश को सस्ते में आउट करने के बाद जश्न मनातीं इंग्लैंड की खिलाड़ी। एजेंसी

### अंक तालिका

| देश | मैच | जीत | हार | अनिर्णित | अंक | एजरेज |
|---|---|---|---|---|---|---|
| इंग्लैंड | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 1.757 |
| भारत | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 1.515 |
| आस्ट्रेलिया | 2 | 1 | 0 | 1 | 3 | 1.780 |
| बांग्लादेश | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | 0.573 |
| सा.अफ्रीका | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | -1.402 |
| श्रीलंका | 2 | 0 | 1 | 1 | 1 | -1.255 |
| न्यूजीलैंड | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -1.485 |
| पाकिस्तान | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -1.777 |

### पाकिस्तान के खिलाफ जीत का दावेदार है ऑस्ट्रेलिया

**कोलंबो :** अपने अभियान की शानदार शुरुआत करने वाला ऑस्ट्रेलिया बुधवार को यहां आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप मैच में पाकिस्तान के खिलाफ जीत के प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगा। पाकिस्तान की टीम टूर्नामेंट में लय हासिल करने के लिए जूझ रही है। इस वैश्विक प्रतियोगिता में ऑस्ट्रेलिया का शानदार प्रदर्शन अन्य टीम के प्रदर्शन से बिल्कुल अलग रहा है। एलिसा हीली की अगुवाई वाली टीम अब तक टूर्नामेंट में 300 से अधिक का स्कोर बनाने वाली एकमात्र टीम रही है और पिछले दो मैच में बांग्लादेश और भारत के खिलाफ कमजोर दिखे पाकिस्तान के खिलाफ एक और बड़ा स्कोर खड़ा कर सकती है।

### बांग्लादेश

**178/10** (49.4 ओवर)

- रूबिया हैदर का डंकली बो बेल 04
- शरमीन का जोंस बो एक्सेलेटन 30
- निगार सुल्ताना का डीन बो स्मिथ 00
- मोस्तारी पगबाधा बो कैपसी 60
- शोरना अख्तर का जोंस बो डीन 10
- रितु मोनी का स्मिथ बो डीन 05
- फाहिमा खातून बो एक्सेलेटन 07
- नाहिदा का डीन बो एक्सेलेटन 01
- राबिया खान नाबाद 43
- मारूफा का बेल बो कैपसी 00
- शंजीदा का स्किवेर ब्रंट बो स्मिथ 01

**गेंदबाजी :** बेल 7-1-28-1, स्मिथ 9.4-1-33-2, नेट स्किवेर ब्रंट 5-0-32-0, एक्लेस्टोन 10-3&24-3, डीन 10-2-28-2, कैपसी 8-1-31-2

**03** विकेट फाहिमा खातून ने लिए दस ओवर में 16 रन देकर

**23** गेंद बाकी रहते इंग्लैंड की टीम ने दर्ज कर ली जीत

**04** अंक के साथ इंग्लैंड तालिका में पहुंच गई टॉप पर

### इंग्लैंड

**182/6** (46.1 ओवर)

- टैमी ब्यूमोंट पगबाधा बो मारूफा 13
- एमी जोंस पगबाधा बो मारूफा 13
- हीथर नाइट नाबाद 79
- स्किवेर का फरजाना बो फाहिमा 32
- सोफिया पगबाधा बो फाहिमा 00
- एम्मा लैंब का नाहिदा बो फाहिमा 01
- एलिस पगबाधा बो संजीदा 20
- चार्ली डीन नाबाद 27

**गेंदबाजी :** मारूफा 5-0-28-2, नाहिदा 8-1-34-0, संजीदा 7-0-24-1, राबिया 7-1-39-0, फाहिमा 10-2-16-3, शोरना 7-0-33-0, रितु 2-1-3-0, शोभना 0.1-0-4-0

## हाईलाइट

### दूसरे टेस्ट में मिल सकती है बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच

**नई दिल्ली :** दिल्ली में 10 अक्टूबर से शुरू होने वाले दूसरे और अंतिम भारत-वेस्टइंडीज टेस्ट मैच की पिच पर कुछ हिस्सों में घास होगी और कुछ हिस्सों में सपाट सतह होगी, जबकि पहले टेस्ट मैच की अहमदाबाद की पिच पर घास की समतल परत थी। दिल्ली की पिच काली मिट्टी की होगी और बल्लेबाजों के अनुकूल होगी, तथा सतह धीरे-धीरे सूखने के कारण स्पिन की भूमिका भी महत्वपूर्ण होगी। 2019 में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप शुरू होने के बाद से भारत की सबसे हरी पिचों में से एक पर पहले टेस्ट में पहले बल्लेबाजी करने के बाद वेस्टइंडीज तीन दिन के अंदर ही हार गया। लाल मिट्टी वाली पिच पर चार मिलीमीटर तक घास बिछी होने और अच्छी उछाल के साथ, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज ने पहले दिन शानदार प्रदर्शन किया और वेस्टइंडीज 44.1 ओवर में ऑल आउट हो गया।

### वेस्टइंडीज टीम में जुनून होना चाहिए : लारा

**मुंबई :** महान खिलाड़ी ब्रायन लारा ने मंगलवार को कहा कि प्रतिभा पलायन, बुनियादी ढांचे की कमी और अस्थिर वित्तीय स्थिति जैसी पुरानी समस्याओं के बावजूद भी वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों के दिल में अगर जुनून होता तो वे टेस्ट क्रिकेट में अपनी जगह बनाने का ‘कोई न कोई रास्ता’ निकाल ही लेते। दुनिया भर में फ्रेंचाइजी-आधारित टी20 प्रतियोगिताओं वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों की काफी मांग रहती है लेकिन ये खिलाड़ी खेल के लंबे प्रारूप के में बेहतर प्रदर्शन करने का धैर्य नहीं दिखा पा रहे हैं।

### गंभीर की टीम में हार की कोई जगह नहीं : वरुण

**मुंबई :** स्पिन गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती ने कहा है कि भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने टीम में ऐसी मानसिकता भरी है जिसमें हार और औसत दर्जे के प्रदर्शन के लिए कोई जगह नहीं बचती। कोलकाता नाइट राइडर्स टीम में भी गंभीर के साथ काम कर चुके चक्रवर्ती ने मंगलवार को सीएट क्रिकेट रेटिंग पुरस्कार से इतर पत्रकारों से कहा मैं उनके साथ आईपीएल में काम कर चुका हूं और हम 2024 में जीते थे। मेरे लिये कुछ नया नहीं है क्योंकि मैं उनके साथ काम कर चुका हूं।

### ओसाका ने लेला फर्नांडिज को हराया

**वुहान (चीन) :** नाओमी ओसाका ने पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए मंगलवार को यहां लेला फर्नांडिज को हराकर डब्ल्यूटीए 1000 लेवल वुहान ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। वर्ष 2017 के बाद यहां पहली बार खेल रही ओसाका ने सेंटर कोर्ट पर दिन के पहले मैच में फर्नांडिज के खिलाफ 4-6, 7-5, 6-3 से जीत दर्ज की।

### अमन पर एक साल का निलंबन

**नई दिल्ली :** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने मंगलवार को पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत को सीनियर विश्व चैंपियनशिप में निर्धारित वजन सीमा से नीचे नहीं आने के कारण कुश्ती से जुड़ी सभी गतिविधियों से एक साल के लिए निलंबित कर दिया। पुरुषों की फ्रीस्टाइल 57 किग्रा वर्ग में भारत के शीर्ष पदक दावेदारों में से एक 22 वर्षीय अमन को प्रतियोगिता के दिन निर्धारित वजन सीमा से 1.7 किलो अधिक वजन पाये जाने के कारण विश्व चैंपियनशिप से अयोग्य घोषित कर दिया गया था।

### आनंद-कास्परोव में 30 साल बाद फिर मुकाबला

**सेंट लुई (अमेरिका) :** पूर्व विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद और गैरी कास्परोव 30 साल बाद अपनी प्रतिद्वंद्विता को फिर जीवंत करेंगे, जब वे बुधवार से यहां क्लच शतरंज : द लीजेंड्स टूर्नामेंटमें आमने-सामने होंगे। इस 12 बाजी वाले शतरंज मुकाबले की कुल इनामी राशि 1,44,000 डॉलर होगी और इसका आयोजन नवीनीकृत सेंट लुई शतरंज क्लब में किया जाएगा। वर्ष 1995 में न्यूयॉर्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर की 107वीं मंजिल पर क्लासिकल विश्व चैंपियनशिप मैच खेलने के बाद खेल के ये दो दिग्गज रैपिड एवं ब्लिट्ज प्रारूप में एक बार फिर भिड़ेंगे।

# भारत के खिलाफ एकदिवसीय शृंखला के लिए स्टार्क की वापसी

**मेलबर्न, एजेंसी**



तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की 19 अक्टूबर से भारत के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैच की घरेलू शृंखला के लिए 15 सदस्यीय ऑस्ट्रेलियाई एकदिवसीय टीम में वापसी हुई है, जबकि कमर की चोट से उबर रहे पैट कमिंस की अनुपस्थिति में मिचेल मार्श टीम की कप्तानी जारी रखेंगे। पिछले महीने टी20 अंतर्राष्ट्रीय प्रारूप से संन्यास लेने वाले स्टार्क वेस्टइंडीज के टेस्ट दौरे से लौटने के बाद अगस्त में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय शृंखला से बाहर रहे थे। एशेज से पहले उनके काम के बोझ को सावधानीपूर्वक प्रबंधित किया जा रहा है। उन्होंने पिछला एकदिवसीय मैच नवंबर 2024 में एडीलेड में पाकिस्तान के खिलाफ खेला था।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 1-2 से मिली हार के बाद ऑस्ट्रेलियाई एकदिवसीय टीम में शामिल किए गए चार खिलाड़ियों में से स्टार्क एक हैं। इसके अलावा पदार्पण का इंतजार कर रहे बल्लेबाज मैथ्यू रेनशॉ, मैट शॉर्ट और मिच ओवेन को भी टीम में जगह मिली है। शॉर्ट पिछली शृंखला में मांसपेशियों में खिंचाव के कारण नहीं खेल पाए थे और ओवेन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय चरण के दौरान कन्कशन (सिर में चोट लगने के कारण बेहोशी जैसी स्थिति) का शिकार हो गए थे। कमिंस की अनुपस्थिति में मार्श एकदिवसीय टीम की कप्तानी जारी रखेंगे जो एशेज की तैयारी के लिए कमर की हड्डी में खिंचाव से उबर रहे हैं। चयनकर्ताओं ने अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी के इरादे से शुरुआती दो टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच के लिए मार्श की अगुवाई में 14 सदस्यीय टीम का भी चयन किया है।

### ऑस्ट्रेलियाई टीम

**एकदिवसीय :** मिचेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, एलेक्स कैरी, कूपर कोनोली, बेन ड्वार्शुइस, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, मिचेल ओवेन, मैथ्यू रेनशॉ, मैथ्यू शॉर्ट, मिचेल स्टार्क और एडम जंपा।

**टी-20 (शुरुआती दो मैच) :** मिचेल मार्श (कप्तान), सीन एबट, जेवियर बार्टलेट, टिम डेविड, बेन ड्वार्शुइस, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, मैथ्यू कुहनेमन, मिचेल ओवेन, मैथ्यू शॉर्ट, मार्कस स्टोइनिस और एडम जंपा।

### मुकाबले

- पहला एकदिवसीय 19 अक्टूबर को पर्थ में खेला जाएगा। जबकि दूसरा और तीसरा मैच क्रमश: 23 अक्टूबर (एडीलेड) और 25 अक्टूबर (सिडनी) को होगा। टी-20 शृंखला के पांच मैच 29 अक्टूबर (कैनबरा), 31 अक्टूबर (मेलबर्न), दो नवंबर (होबार्ट), छह नवंबर (गोल्ड कोस्ट) और आठ नवंबर (ब्रिस्बेन) को खेले जाएंगे।

# तीन भारतीय सितंबर के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए नामांकित

**दुबई :** भारत के करिश्माई खिलाड़ी अभिषेक शर्मा, कुलदीप यादव (पुरुष वर्ग में) और स्मृति मंधाना (महिला वर्ग में) को सितंबर महीने के लिए आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है। बाएं हाथ के टी-20 विशेषज्ञ बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने यूएई में खेले गए एशिया कप में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने सात टी20 मैच में तीन अर्धशतक की मदद से 314 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 200 रहा और उन्हें इस टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। इस 25 साल के बल्लेबाज ने पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय इतिहास की सर्वाधिक रेटिंग 931 अंक (बल्लेबाजी) भी हासिल की। कलाई के वामहस्त स्पिनर कुलदीप ने भी इस टूर्नामेंट में अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया। उन्होंने एशिया कप में 6.27 की इकोनॉमी दर से गेंदबाजी करते हुए 17 विकेट चटकाये। एशिया कप में उन्होंने अपना अभियान यूएई के खिलाफ सात रन पर चार विकेट के साथ शुरू किया जबकि फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ 30 रन पर चार विकेट लेकर भारत को खिताब दिलाने में अहम भूमिका अदा की।

### जीत की खुशी



चीन में शंघाई मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल मैच में कनाडा के गेब्रियल डायलो को हराने के बाद जश्न मनाते बेल्जियम के जिजोउ बर्ग्स। एजेंसी

# मुंबई के पूर्व साथी क्रिकेटरों से उलझे पृथ्वी शॉ

**पुणे, एजेंसी**

भारतीय टीम से बाहर चल रहे सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ मंगलवार को आगामी रणजी ट्रॉफी सत्र से पहले एक अभ्यास मैच के दौरान महाराष्ट्र के लिए खेलते हुए अपने पूर्व मुंबई साथी खिलाड़ियों से उलझ गए और उन पर बल्ला घुमा दिया।

महाराष्ट्र के लिए खेलने वाले शॉ महाराष्ट्र क्रिकेट संघ स्टेडियम पर 181 रन पर आउट होने के बाद ड्रेसिंग रूम लौटते समय इस बहस में उलझ गए। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में शॉ कई खिलाड़ियों के साथ बहस करते और मुशीर खान की ओर बढ़ते हुए दिखाई दे रहे हैं, जिन्होंने बल्लेबाज को आउट करने के बाद उसे विदाई देते समय उससे कुछ कहा। शॉ को यह बात बुरी लगी और माना जा रहा है कि इसी वजह से यह बहस हुई जिसके बाद अंपायरों को हस्तक्षेप करके उन्हें शांत कराना पड़ा। मुंबई के खिलाड़ी सिद्धेश लाड पवेलियन लौटते हुए उनके पीछे भी गए। शॉ ने 220 गेंदों का सामना किया और अपनी शानदार पारी के दौरान 21 चौके और तीन छक्के लगाए। वह तीन दिवसीय अभ्यास मैच के पहले दिन छींटाकशी का शिकार हुए। शॉ ने 2016-17 में मुंबई के लिए प्रथम श्रेणी में पदार्पण किया और उसके बाद 2018-19 में 18 साल की उम्र में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया।

# मंधाना वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार

**दुबई, एजेंसी**



मौजूदा महिला एकदिवसीय विश्व कप के दो मैच में कमजोर प्रदर्शन के बावजूद भारत की स्टार क्रिकेटर स्मृति मंधाना आईसीसी महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार हैं, लेकिन उनकी बढ़त कम हो गई है। स्मृति के 791 रेटिंग अंक हैं और वह इंग्लैंड की नेट स्किवर ब्रंट से 60 अंक आगे हैं।

विश्व कप से ठीक पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन महिला एकदिवसीय मैच की शृंखला में लगातार दो शतक जड़ने वाली स्मृति श्रीलंका के खिलाफ सिर्फ आठ जबकि पाकिस्तान के खिलाफ 23 रन ही बना सकीं। ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी 713 अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं। दक्षिण अफ्रीका की ताजमिन ब्रिट्स (706) और ऑस्ट्रेलिया की एश्लेग गार्डनर (697) न्यूजीलैंड के खिलाफ शतक जड़ने के बाद आईसीसी रैंकिंग में क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर हैं। ताजमिन को दो जबकि गार्डनर को सात स्थान का फायदा हुआ है और ये दोनों अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर पहुंच गई हैं। न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन भी सात स्थान के फायदे से आठवें पायदान पर हैं जबकि शनिवार को कोलंबो में भारत के खिलाफ 81 रन की पारी खेलने वाली पाकिस्तान की दायें हाथ की बल्लेबाज सिदरा अमीन ने भी अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 10वीं रैंकिंग की बराबरी कर ली है।

**नया विवाद** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने गजब मांग कर दी, द टाइम्स के लिए लिखे कॉलम में दिया एशिया कप के हंगामे का हवाला

# आईसीसी टूर्नामेंट में भारत-पाकिस्तान के मुकाबले बंद हों : अथर्टन

**लंदन, एजेंसी**





इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल अथर्टन ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से भारत-पाकिस्तान के बीच मुकाबलों को पूरी तरह से बंद करने की मांग की है, क्योंकि खेल व्यापक तनाव और दुष्प्रचार का माध्यम बन गया है।

द टाइम्स के लिए लिखे एक तीखे कॉलम में आथर्टन ने एशिया कप में हाल ही में हुए हंगामे का हवाला दिया, जहां भारतीय टीम ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ मिलाने से इन्कार कर दिया था। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के पाकिस्तानी प्रमुख मोहसिन नकवी विजेता ट्रॉफी अपने साथ लेकर चले गए थे, क्योंकि भारतीयों ने उनसे ट्रॉफी लेने से इन्कार कर दिया था। अथर्टन ने कहा भारत और पाकिस्तान 2013 से हर आईसीसी टूर्नामेंट के ग्रुप चरण में एक-दूसरे से भिड़ते रहे हैं।

उन्होंने कहा इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि शुरुआती चरण एकल राउंड रोबिन रहा हो- जिसकी एक वजह भारत बनाम पाकिस्तान मुकाबले की अनिवार्यता है या फिर कई ग्रुप जहां मुकाबले के कार्यक्रम के लिए ड्रॉ का आयोजन बड़े सुव्यवस्थित तरीके से किया गया। पहलगाम आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के बीच तनाव अपने चरम पर है जिसमें पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने 26 भारतीयों की हत्या कर दी थी, जिसके बाद मई में भारत ने सैन्य कार्रवाई की थी।

अथर्टन ने लंदन के द टाइम्स में लिखा दोनों देशों के बीच कम मैचों (शायद आंशिक रूप से इसकी कमी) के कारण यह एक ऐसा मुकाबला है जिसका आर्थिक प्रभाव बहुत अधिक है, यही एक मुख्य कारण है कि आईसीसी टूर्नामेंटों के प्रसारण अधिकार इतने अधिक कीमती हैं - सबसे हालिया अधिकार 2023-27 चक्र के लिए लगभग तीन अरब डॉलर में। उन्होंने कहा द्विपक्षीय मुकाबलों के महत्व में अपेक्षाकृत गिरावट के कारण आईसीसी प्रतियोगिताओं की आवृत्ति और महत्व बढ़ गया है और इसलिए भारत और पाकिस्तान के बीच मैच उन देशों के लिए भी महत्वपूर्ण है जिनका अन्यथा खेल में कोई महत्व नहीं है। उन्होंने कहा फिलहाल आईसीसी प्रतियोगिताओं में ही दोनों टीम के बीच मुकाबले होते हैं और अब वो भी तटस्थ मैदान पर।

### रणनीति में बदलाव करना चाहिए

अथर्टन ने कहा कि अब समय आ गया है कि दोनों चिर प्रतिद्वंद्वियों के बीच आईसीसी प्रतियोगिताओं में कम से कम एक बार भिड़ंत सुनिश्चित करने वाली रणनीतिक रूप से समर्थित व्यवस्था को समाप्त किया जाए। हाल ही में हुए एशिया कप में ड्रॉ और कार्यक्रम ऐसा था कि तीन हफ्तों के इस टूर्नामेंट में दोनों टीमें हर रविवार को आमने-सामने थीं। अगर क्रिकेट कभी कूटनीति का जरिया था तो अब यह स्पष्ट रूप से व्यापक तनाव और दुष्प्रचार का माध्यम बन गया है। किसी भी गंभीर खेल के लिए अपनी आर्थिक जरूरतों के हिसाब से टूर्नामेंट के मैच आयोजित करना उचित नहीं है और अब जब इस प्रतिद्वंद्विता का दूसरे तरीकों से फायदा उठाया जा रहा है।